# ऊर्जा मंत्री के निरीक्षण के बाद जेई निलंबित


## उपखंड अधिकारी को भी कारण बताओ नोटिस जारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा के कड़े रुख के बाद जौनपुर जनपद के मडियाहूं विद्युत उपकेंद्र में बड़ी कार्रवाई की गई। निरीक्षण के दौरान अवर अभियंता (जेई) के अनुपस्थित रहने और कार्यालय में अनियमितताएं पाए जाने पर अधीक्षण अभियंता अनिल पाठक ने अवर अभियंता शहजाद अली को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित उपखंड अधिकारी सौरभ तिवारी को भी चार्जशीट जारी की गई है। ऊर्जा मंत्री ने रविवार को स्पष्ट कहा कि विद्युत व्यवस्था में लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि ऊर्जा मंत्री ने शनिवार



को जौनपुर जनपद के मडियाहूं विद्युत उपकेंद्र का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान पाया कि कई अभिलेख और लॉगशीट सही तरीके से भरे नहीं गए थे तथा जिम्मेदार अधिकारी मौके पर उपस्थित नहीं थे। इस पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। मंत्री श्री शर्मा ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि विद्युत विभाग जनसेवा से जुड़ा अत्यंत महत्वपूर्ण विभाग है, इसलिए प्रत्येक अधिकारी को पूरी जिम्मेदारी और ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि लापरवाही करने वाले अधिकारियों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।आगामी गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए ऊर्जा मंत्री ने अधिकारियों को विशेष सतर्कता बरतने और उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही से जनता को परेशानी नहीं होनी चाहिए और सभी अधिकारी अपने क्षेत्र में नियमित रूप से निरीक्षण करते रहें।

# ईदगाह कमेटी अध्यक्ष पर जानलेवा हमला, दबंगों ने की ताबड़तोड़ फायरिंग

## सीने पर तमंचा रखकर दागी गोली, बाल-बाल बचे अध्यक्ष- कार से 30 हजार भी लूटे

कैनविज टाइम्स संवाददाता





मलिहाबाद/लखनऊ। मलिहाबाद थाना क्षेत्र में रविवार को उस समय सनसनी फैल गई जब ईदगाह कमेटी के अध्यक्ष पर दबंगों ने कथित रूप से जानलेवा हमला कर दिया। आरोप है कि आरोपियों ने अध्यक्ष के सीने पर तमंचा रखकर फायर कर दिया, लेकिन किस्मत से गोली मिस हो गई और वह बाल-बाल बच गए। मलिहाबाद के मोहल्ला मिर्ज़ागंज कस्बा निवासी अहसन अजीज खान पुत्र स्व. अज़ीज़ हसन खां ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह ग्राम घड़ी संजर खान स्थित ईदगाह के सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड में पंजीकृत ईदगाह कमेटी के अध्यक्ष हैं।

पीड़ित के अनुसार रविवार को शाम करीब 4:30 बजे वह आगामी ईद की नमाज के मद्देनजर ईदगाह की सफाई व्यवस्था देखने पहुंचे थे। तभी वहां पहले से मौजूद मुन्ना पुत्र कलाम, सोनू पुत्र मुन्ना, शादाब पुत्र मुन्ना, अलीम पुत्र कलीम समेत करीब 10 से 15 अज्ञात लोग अवैध असलहे लहराते हुए गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि जब अध्यक्ष ने इसका कारण पूछा तो सोनू पुत्र मुन्ना ने उनके सीने पर तमंचा रखकर फायर कर दिया, जो किसी तरह मिस हो गया। इसके बाद शादाब पुत्र मुन्ना ने भी जान से मारने की नीयत से फायर किया। किसी तरह जान बचाकर भागे आरोपियों ने उनकी हुंडई वर्ना कार यूपी 32 क्यू, एक्स 0080 पर भी हमला कर क्षतिग्रस्त कर दिया, हमले के दौरान उन्हें काफ़ी चोटें आईं है। पीड़ित का यह भी आरोप है कि हमलावरों ने उनकी कार में रखे करीब 30 हजार रुपये भी निकाल लिए। घटना के बाद पीड़ित ने मलिहाबाद थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। वहीं अध्यक्ष अहसन अज़ीज़ खां पर जानलेवा हमले की खबर आग़ की तरह फ़ैल गयी और कुछ ही देर में बड़ी संख्या में लोंगो नें थाने पहुँचकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुक़द्मा पंजीकृत कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही हैं, जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जायेगी।

## अधिकारी एसआईआर में बिजी जनता काट रही तहसील का चक्कर, लंबित मामलों का नहीं हो पा रहा निस्तारण

**कोरांव प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रयागराज के कोरांव तहसील में समस्याओं का अंबार है । दो नायब तहसीलदार और हाल ही में नियुक्त आईएस और पीसीएस अधिकारी होने के बावजूद लंबित मामलों का निस्तारण समय से नहीं हो पा रहा। जनता को तहसील के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। वकीलों का कहना है कि अधिकारी एसआईआर में बिजी हैं और सिर्फ जरूरी मामलों का निस्तारण हो रहा है। आईजीआरएस मामलों का निस्तारण भी पारदर्शिता से नहीं हो रहा। तहसील में लुट घसोट है, शौचालय खराब है, और चारों तरफ गंदगी है। फाइलें धूल फंाक रही हैं। अधिकारी रात में भी नियमित आवास पर नहीं रहते । नियमित जन सुनवाई भी नहीं हो रही जिस कारण मामलों का नियमित निस्तारण नहीं हो पा रहा क्षेत्र की जनता ने जिलाधिकारी प्रयागराज का ध्यान आकृष्ट कराया है और सुधार की मांग की है।

## निराला नगर में हुआ वैश्य समागम एवं भव्य होली मिलन समारोह



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** श्री अयोध्यावासी वैश्य समाज के तत्वाधान में रविवार को निराला नगर स्थित जेसी गेस्ट हाउस में वैश्य समागम एवं होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि मनोज के गुप्ता रहे। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना पर हुई प्रस्तुति से हुई। समारोह के दौरान भव्य एवं सुंदर झाकियां प्रस्तुत की गई। जिसमें राधा रानी समेत अन्य प्रस्तुतियां हुई। वहीं इस मौके पर एस एल वैश्य, अवधेश कौशल, नीरज कौशल, प्रशांत कौशल, सतीश वैश्य, एस एन कौशल समेत अन्य मौजूद रहे।

## अंगवस्त्र भेंट कर किया सम्मानित



**नूरपुर/बिजनौर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बिजनौर के नूरपुर में आयोजित प्रांतीय पत्रकार सम्मेलन में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन लखनऊ के जिला अध्यक्ष आर.एल. पांडेय को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवी प्रसाद गुप्ता और प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र नाथ सिंह ने उन्हें माला पहनाकर एवं अंग वस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। पत्रकारिता के क्षेत्र में उनके योगदान की सराहना की। सम्मेलन में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए पत्रकारों ने भाग लिया। वक्ताओं ने कहा कि ग्रामीण पत्रकारिता लोकतंत्र की मजबूती का महत्वपूर्ण स्तंभ है और ग्रामीण क्षेत्रों में कार्य करने वाले पत्रकार समाज की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने का कार्य करते हैं। इस दौरान संगठन की मजबूती, पत्रकारों की समस्याओं और उनके समाधान को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम में कई पदाधिकारी व पत्रकार उपस्थित रहे और पत्रकार एकता को मजबूत बनाने का आह्वान किया गया।

## प्रयागराज में फर्जी दरोगा गिरफ्तार

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में जीआरपी थाना पुलिस ने रविवार को फर्जी आरपीएफ दरोगा बनकर घूम रहे एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि आरपीएफ निरीक्षक अकलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में उपनिरीक्षक भूपेंद्र कुमार तथा आरपीएफ की संयुक्त टीम ने उसे प्रयागराज जंक्शन रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या एक से गिरफ्तार किया। पूछताछ में गिरफ्तार युवक दिव्यांशु कुमार (22) ने बताया कि उसके घरवाले उस पर नौकरी करने का दबाव बना रहे थे। नौकरी न मिलने के कारण वह रेलगाड़ियों में मुफ्त यात्रा करने और परिवार को संतुष्ट करने के लिए आरपीएफ दरोगा की वर्दी पहनकर घूमने लगा। उसने आरपीएफ उपनिरीक्षक की वर्दी देखकर वैसी ही खाकी वर्दी सिलवाई और उससे संबंधित सामान खरीद लिया।

# दरोगा भर्ती परीक्षा के विवादित प्रश्न को लेकर जांच के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने दरोगा भर्ती परीक्षा में पूछे गए एक प्रश्न को लेकर सोशल मीडिया पर चल रही चर्चाओं के बीच अपना पक्ष रखते हुए जांच के निर्देश दिए हैं। बोर्ड ने कहा है कि 14 मार्च को सम्पन्न हुई उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की लिखित परीक्षा की पहली पाली में पूछे गए एक प्रश्न के संबंध में दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

भर्ती बोर्ड के परीक्षा नियंत्रक की तरफ से सोशल मीडिया में जारी बयान में बताया गया कि पुलिस भर्ती बोर्ड अपने स्तर पर प्रश्नपत्र तैयार नहीं करता है। प्रश्नपत्रों का निर्माण अत्यंत गोपनीय तरीके से बाहरी विशेषज्ञ संस्थाओं के माध्यम से कराया जाता है, ताकि परीक्षा से पहले उनकी गोपनीयता पूरी तरह सुरक्षित रह सके। बोर्ड ने स्पष्ट किया कि इस प्रक्रिया के तहत भर्ती बोर्ड के किसी अधिकारी या कर्मचारी को भी परीक्षा से पहले प्रश्नपत्रों को देखने की अनुमति नहीं होती है। प्रश्नपत्रों को सीलबंद पैकेट में परीक्षा केंद्रों तक भेजा जाता है और इन्हें परीक्षा कक्ष में अभ्यर्थियों की उपस्थिति में ही पहली बार खोला जाता है। बोर्ड ने बताया कि 14 मार्च को पहली पाली में पूछे गए विवादित प्रश्न के मामले को गंभीरता से लिया गया है। पूरे प्रकरण की जांच कराई जा रही है और जांच के बाद जिम्मेदारी तय करते हुए संबंधित व्यक्तियों या संस्थाओं के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## दिल्ली जेल से बंदी आया उपनिरीक्षक की परीक्षा देने

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पुलिस उपनिरीक्षक (दरोगा) भर्ती परीक्षा के दौरान लखनऊ के परीक्षा केंद्रों पर रविवार को दिलचस्प और अनोखे दृश्य देखने को मिले। एक ओर जहां साइबर फ्रॉड के मामले में दिल्ली की सेंट्रल जेल में निरुद्ध एक कैदी पुलिस की निगरानी में परीक्षा देने लखनऊ पहुंचा, वहीं दूसरी ओर दो महिला सिपाही नवजात बच्चों को गोद में लेकर परीक्षा ड्यूटी करती नजर आईं। जानकारी के अनुसार, प्रयागराज निवासी अंकित त्रिपाठी साइबर फ्रॉड के आरोप में दिल्ली सेंट्रल जेल में बंद है। अदालत की अनुमति के बाद दिल्ली पुलिस उसे लखनऊ लेकर आई और यहां यूपी पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया। इसके बाद यूपी पुलिस की गाड़ी से उसे मोहनलालगंज स्थित काशीश्वर इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र पर लाया गया। पुलिस ने बंदी को परीक्षा केंद्र का गेट बंद होने से करीब 75 मिनट पहले ही पहुंचा दिया। उधर, इसी परीक्षा केंद्र पर ड्यूटी कर रहीं दो महिला सिपाही अपने नवजात बच्चों को साथ लेकर पहुंचीं। ड्यूटी के दौरान वे बच्चों को गोद में संभालते हुए अपनी जिम्मेदारी निभाती दिखीं। दूसरे दिन पहली पाली का पेपर देकर निकले अभ्यर्थियों ने बताया कि प्रश्नपत्र काफी आसान था। बाराबंकी से आए अभ्यर्थी सुरेश ने कहा कि मैथ्स और रीजनिंग के प्रश्न बहुत सरल थे।

# गैस सिलेंडर संकट के बीच सपाइयों ने उपले बांट कर जताया विरोध

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच जारी संघर्ष के चलते एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति में आई कमी को लेकर रविवार को लखनऊ में विधान भवन के सामने बापू भवन चौराहे के पास समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उपले बांट कर विरोध जताया। इस दौरान कार्यकर्ता उपले ले लो, उपले ले लो की आवाज निकाल रहे थे।

विधान भवन के समीप इस तरह के प्रदर्शन की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने समाजवादी छात्र सभा के कार्यकर्ताओं को रोकने की कोशिश की इस दौरान कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच नोकझोंक हुई जिसके बाद पुलिस ने तीन कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेकर मौके पर रखे उपलों को भी जब्त कर लिया। प्रदर्शन में शामिल राम प्रकाश मौर्य ने कहा कि गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों और कमी से आम जनता परेशान है, लेकिन सरकार को गरीबों की चिंता नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा के अच्छे दिन में रसोई गैस आम लोगों की पहुंच से दूर हो गई है, इसलिए वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर मुफ्त में उपले बांटे जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि गांव से बड़ी मात्रा में उपले तैयार कराकर शहर में लाए गए हैं और आगे भी रोज गांव से उपले लाकर लोगों में बांटे जाएंगे, ताकि कोई भूखा न सोए।

# पिशाचमोचन कुंड के कायाकल्प की तैयारी में जुटा नगर निगम



कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। नगर निगम पौराणिक और धार्मिक महत्व वाले पिशाचमोचन कुंड (तालाब) के कायाकल्प की तैयारी में जुटा हुआ है । इस क्रम मे रविवार को नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पिशाच मोचन तालाब की सफाई के साथ-साथ उसके चारों ओर बने पाथवे को और अधिक सुंदर बनाने के निर्देश दिया और कहा कि दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को काशी के तालाबों पर विश्वस्तरीय सुविधाएं मिलनी चाहिए।

निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने पाथवे के किनारे आकर्षक वाल पेंटिंग कराने और श्रद्धालुओं के बैठने के लिए जगह-जगह बेंच लगाने का निर्देश दिया । साथ ही धूप और बारिश से बचाव के लिए पाथवे के रिक्त स्थानों पर कैनोपी (शेड) बनाने का भी निर्देश दिया गया, ताकि पूजा-पाठ करने वाले तीर्थयात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। रात के समय कुंड की भव्यता बढ़ाने के लिए पूरे पाथवे पर फैंसी स्ट्रीट लाइटें लगाई जाएंगी।

पिशाच मोचन कुंड के समीप स्थित पार्क के सुंदरीकरण कार्यों का जायजा लेते हुए नगर आयुक्त ने मंदिर की ओर छठ पूजा हेतु एक विशेष और व्यवस्थित स्थल विकसित करने को कहा।

# कांशीराम का जन्म दिवस मनाया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरदोई। कांग्रेस पार्टी अनुसूचित जाति विभाग उत्तर प्रदेश के प्रदेश महासचिव और बालामऊ विधान सभा क्षेत्र से पूर्व प्रत्याशी सुरेन्द्र कुमार निवास स्थान कुक्कही में धूमधाम से जन्मदिन मनाया गया। सुरेंद्र कुमार ने बताया कि मान्यवर कांशीराम एक प्रमुख भारतीय बहुजन नेता, समाज सुधारक और बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक थे। उन्होंने 'बामसेफ' और 'डीएस4' के माध्यम से दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों राजनीतिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने का काम किया। उन्होंने समाज के वंचित वर्ग को आत्मसम्मान और सत्ता में भागीदारी के लिए आंदोलन चलाया। कांशीराम का सामाजिक और राजनीतिक परिचय उनक जन्म 15 मार्च 1934 को पंजाब के रोपड़ जिले में एक दलित (रामदासिया सिख) परिवार में हुआ था।

वे शिक्षित थे और शुरुआत में रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन में वैज्ञानिक के रूप में कार्यरत थे।उन्होंने डॉ. भीमराव आंबेडकर के विचारों से प्रेरित होकर सरकारी नौकरी छोड़ दी और सामाजिक आंदोलन की राह अपनाई।बामसेफ (1971): अखिल भारतीय पिछड़ा और अल्पसंख्यक समुदायों कर्मचारी महासंघ की स्थापना की।डीएस4 (1981): दलित शोषित समाज संघर्ष समिति का गठन किया।1984 को बहुजन समाज पार्टी की स्थापना की, जो दलित राजनीति के केंद्र में आई।उनका मूल मंत्र था-''जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी''। इस मौके पर मोमीन सिद्दीकी, गुड्डू कश्यप, रामलोटन वर्मा शेष राम, देवेंद्र कुमार, राजेश कुमार रामेश्वर प्रसाद, आशुतोष शुक्ला, आदि सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद रहे

# श्रावस्ती में जल्द पूरा होगा बुद्धवनम पार्क का निर्माण, विदेशी पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। श्रावस्ती देश-प्रदेश का ही नहीं, विश्व में बौद्ध धर्म के प्रमुख तीर्थस्थलों में से एक है। यही कारण है कि श्रावस्ती में श्रीलंका, म्यांमार, नेपाल, भूटान, थाईलैंड, चीन और जापान सहित कई देशों से बौद्ध श्रद्धालु और पर्यटक आते रहे हैं। इसी क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सतत पर्यटन के विजन के अनुरूप श्रावस्ती में बुद्धवनम पार्क का निर्माण किया जा रहा है। बुद्धवनम पार्क का निर्माण कार्य इस वर्ष जून के अंत तक पूरा होने की संभावना है। इस परियोजना के पूरा होने से प्रदेश में बौद्ध पर्यटन को नई गति मिलने की उम्मीद है, साथ ही यह पार्क राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों के लिए एक आकर्षक केंद्र के रूप में विकसित होगा।

उत्तर प्रदेश में अंतरराष्ट्रीय पर्यटन के नए आयाम विकसित करने के उद्देश्य से केंद्र एवं राज्य सरकार के संयुक्त प्रयास से जनपद श्रावस्ती में बुद्धवनम पार्क का निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिसके तहत पार्क के लैंडस्केप क्षेत्र में कई प्रमुख संरचनाओं का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। परियोजना के अंतर्गत धर्म चक्र से संबंधित आठ संरचनाओं के आरसीसी फाउंडेशन का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। साथ ही म्यूरल वॉल के लिए भी आरसीसी स्ट्रक्चर बन चुका है। इस पर सौंदर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है। परिसर में बनाए जा रहे सेंटर पाथ-वे और स्टेप गैलरी के लिए ब्रिक वर्क का कार्य भी लगभग पूरा हो चुका है। इससे पार्क का मुख्य संरचनात्मक स्वरूप स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। पार्क के आसपास स्ट्रीट ब्यूटीफिकेशन के तहत सड़क के दोनों किनारों पर आरसीसी रिटेनिंग वॉल का निर्माण, केबल ट्रेंच, स्टोन बोलार्ड, विशेष लैंप पोस्ट और पाथ-वे पर स्टोन क्लैडिंग जैसे कार्य किए जा रहे हैं। इंटरप्रिटेशन सेंटर, डॉर्मेट्री और गेट पिलर के निर्माण कार्य जल्द होंगे पूरे

बुद्धवनम पार्क में आने वाले पर्यटकों को बौद्ध धर्म और क्षेत्र के ऐतिहासिक महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से बनाए जा रहे इंटरप्रिटेशन सेंटर के कॉलम ढलाई का कार्य प्रगति पर है, जो जल्द ही बनकर तैयार हो जाएगा। इसके अतिरिक्त तैयार की जा रही डॉर्मेट्री के आंतरिक प्लास्टर और फ्लोरिंग का कार्य भी अंतिम चरण में है। साथ ही पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पार्किंग व्यवस्था भी विकसित की जा रही है। दोपहिया वाहनों के लिए पार्किंग का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, जबकि चारपहिया वाहनों के लिए पार्किंग क्षेत्र का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इन व्यवस्थाओं के पूरा होने के बाद क्षेत्र की सुंदरता और पर्यटन अनुभव में उल्लेखनीय सुधार होगा।

# ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा : छोटे व मध्यम खाद्य कारोबारियों को राहत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। केंद्र सरकार ने 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' को बढ़ावा देने की दिशा में खाद्य कारोबार से जुड़े छोटे एवं मध्यम व्यापारियों को बड़ी राहत दी है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एफएसएसएआई) के अंतर्गत रजिस्ट्रेशन और लाइसेंस नियमावली में व्यापक सुधारों को मंजूरी दे दी है। ये नए प्रावधान आगामी वित्तीय वर्ष 1 अप्रैल 2026 से लागू होंगे।

इस संबंध में जानकारी खाद्य व्यापार मंडल के अध्यक्ष नवरतन राठी ने सिगरा स्थित एक लॉन में आयोजित खाद्य कारोबारियों की बैठक में दी। उन्होंने बताया कि केंद्र की मोदी सरकार ने व्यापारी हितों को ध्यान में रखते हुए खाद्य कारोबारियों को बड़ी राहत दी है। उनके अनुसार इस निर्णय से छोटे और मध्यम स्तर के व्यापारियों को सबसे अधिक लाभ मिलेगा।

नए नियमों के तहत एफएसएसएआई पंजीकरण के लिए टर्नओवर की सीमा ?12 लाख से बढ़ाकर 1.50 करोड़ कर दी गई है। वहीं राज्य लाइसेंसिंग की सीमा ?50 करोड़ तक निर्धारित की गई है। इससे अधिक टर्नओवर होने पर ही केंद्रीय लाइसेंस की आवश्यकता होगी। राठी ने कहा कि इस बदलाव से बड़ी संख्या में छोटे खाद्य कारोबारी अब सरल




पंजीकरण प्रक्रिया के तहत काम कर सकेंगे। इससे अनुपालन से जुड़ी जटिलताओं में कमी आएगी और कारोबारियों को कागजी कार्रवाई, शुल्क तथा विभागीय प्रक्रियाओं में राहत मिलेगी। सरकार ने एफएसएसएआई पंजीकरण और लाइसेंस को स्थायी वैधता देने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है। पहले कारोबारियों को समय-समय पर लाइसेंस का नवीनीकरण कराना पड़ता था, जिसके लिए उन्हें साइबर कैफ़े और विभागीय कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते थे। संशोधित व्यवस्था के तहत अब एक बार जारी किया गया लाइसेंस स्थायी रूप से मान्य होगा। इससे खाद्य व्यवसाय संचालकों की अनुपालन लागत कम होगी और लाइसेंसिंग अधिकारियों के साथ बार-बार संपर्क की आवश्यकता भी समाप्त हो जाएगी।

बैठक में बताया गया कि स्ट्रीट वेंडर्स एक्ट-2014 के तहत नगर निगम या टाउन वेंडिंग कमेटियों में पंजीकृत रेहड़ी-पटरी वाले स्ट्रीट फूड वेंडर्स को अब एफएसएसएआई के तहत स्वतः पंजीकृत माना जाएगा। इस व्यवस्था के लागू होने के बाद उन्हें अलग-अलग विभागों में पंजीकरण कराने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इससे उनका अनुपालन बोझ कम होगा और वे स्वच्छता तथा व्यवसाय संचालन पर अधिक ध्यान दे सकेंगे। खाद्य व्यापार मंडल के अध्यक्ष नवरतन राठी ने कहा कि मंडल लंबे समय से पंजीकरण धारक खाद्य व्यापारियों की टर्नओवर सीमा बढ़ाने और लाइसेंस को स्थायी करने की मांग कर रहा था। केंद्र सरकार द्वारा इस मांग को स्वीकार किए जाने से व्यापारियों को बड़ी राहत मिली है। बैठक के बाद उपस्थित खाद्य कारोबारियों ने सरकार के निर्णय का स्वागत किया। व्यापारियों का कहना था कि यह फैसला लालफीताशाही, उत्पीड़न और शोषण पर अंकुश लगाएगा तथा छोटे व मध्यम श्रेणी के व्यापारियों के लिए कारोबार करना पहले से अधिक आसान बनाएगा।

बैठक का संचालन चरणजीत सिंह ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन व्यापार मंडल की युवा विंग के प्रभारी गौरव राठी ने दिया। कार्यक्रम में रवि धन्नानी, संदीप बरनवाल, शिवकुमार होतवानी, अनिल सोनकर, विनोद मंगलानी, आशीष अग्रवाल, कमल लखमानी, प्रदीप रामानी, दीपक मोदनवाल, उमेश पंडित, दिलीप केशरी, अतुल पिपलानी, विजय यादव, गंगा प्रसाद चौरसिया, उपेंद्र सिंह, अभिनव केशरी, राजेश कुमार सिंह, नरेश रामचंदानी, रविंदर सिंह, लालचंद केशरी और गोरख प्रसाद गुप्ता सहित सैकड़ों व्यापारी उपस्थित रहे।

# 'रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा' आस्था, सेवा और संस्कार का सशक्त प्रतीक

अर्जुनगंज मंडल के कंकड़ कुआ, बिजनौर रोड से रवाना हुई 55वीं रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र में आस्था, सेवा और संस्कार की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के मार्गदर्शन में संचालित 'रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा' का कारवां निरंतर आगे बढ़ रहा है। इसी क्रम में अर्जुनगंज मंडल के कंकड़ कुआ, बिजनौर रोड से श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम के दर्शन कराने के लिए 55वीं निशुल्क 'रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा' का सफलतापूर्वक संचालन किया गया। यात्रा के माध्यम से श्रद्धालुओं को अयोध्या में श्रीराम लला के भव्य मंदिर, श्री हनुमानगढ़ी सहित प्रमुख मंदिरों के सुगम एवं व्यवस्थित दर्शन कराए गए।

यात्रा के शुभारंभ अवसर पर विधायक की टीम ने सभी श्रद्धालुओं का सम्मान करते हुए उन्हें शॉल एवं पटका पहनाकर बसों में बैठाया। पूरी यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के लिए भोजन, जलपान व प्रसाद की उत्तम व्यवस्था सुनिश्चित की गई। सेवा भावना से प्रेरित कार्यकर्ताओं ने पूरी यात्रा को एक आध्यात्मिक अनुभव का रूप दिया। यात्रा के समापन पर श्रद्धालुओं को प्रसाद, श्रीरामचरितमानस तथा अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। विधायक द्वारा अपनी पूज्य माताश्री तारा सिंह की प्रेरणा से सितंबर 2022 से प्रारंभ की गई 'रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा' आज सरोजनीनगर में जनआस्था और निःस्वार्थ सेवा का सशक्त प्रतीक बन चुकी है। अब तक आयोजित 55 निशुल्क यात्राओं के माध्यम से श्रद्धालुओं, विशेषकर बुजुर्गों और मातृशक्ति, को अयोध्या धाम के भव्य दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हो चुका है।

## कल होगा पंचवेदी रुद्राभिषेक शिव भजन संध्या, प्रस्तुत होंगी भव्य झांकियां

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। श्री शिव पार्वती बर्फानी सेवा संस्थान के द्वारा 17 मार्च को भव्य पंचवेदी रुद्राभिषेक शिव भजन संध्या, भव्य झांकियां एवं प्रसाद वितरण का आयोजन जानकीपुरम स्थित महानंदा रिसॉर्ट में होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा एमएलसी पवन सिंह चौहान मौजूद रहेंगे। संस्था के अध्यक्ष अरुणेंद्र कुमार मौर्य ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत शाम 06 बजे से होगी, वहीं इस दौरान सुंदर एवं भव्य झांकियां भी प्रस्तुत होंगी। कार्यक्रम के समापन पर सभी शिव भक्तों में प्रसाद का वितरण भी होगा।

# योगी राज में कानून व्यवस्था मजबूत और विकास की गति तेज हुई है : गोपाल राय

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। विश्व हिन्दू रक्षा परिषद के तत्वावधान में रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को 2029 में भारत का प्रधानमंत्री बनाने हेतु सुंदरकांड पाठ, भव्य संकल्प महायज्ञ एवं सम्मेलन का आयोजन कर 101 ब्राह्मणों द्वारा 11 हवन कुंडों में पूजन महायज्ञ एवं शंखनाद किया गया। जिसमें सैकड़ों साधु-संतों तथा उत्तर प्रदेश सहित देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए हजारों सनातनियों ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संगठन के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय रहे। इस मौके पर सभी ने यह संकल्प लिया कि वर्ष 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में योगी आदित्यनाथ को प्रचंड बहुमत से पुनः मुख्यमंत्री बनाया जाएगा और वर्ष 2029 में उन्हें भारत का प्रधानमंत्री बनाने के लिए प्रयास किए जाएंगे। वैदिक मंत्रोच्चार, हवन और धार्मिक अनुष्ठानों के माध्यम से योगी को भारत का प्रधानमंत्री तथा भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया गया।

योगी को प्रधानमंत्री बनाने हेतु 101 ब्राह्मणों एवं हजारों संत व सनातनियों ने किया संकल्प महायज्ञ



वहीं इस मौके पर अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय ने कहा कि देश में सनातन संस्कृति और राष्ट्रीय मूल्यों को सशक्त करने के लिए संत समाज और जागरूक नागरिकों की एकजुटता आवश्यक है। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश में शासन और प्रशासन के स्तर पर कई महत्वपूर्ण कार्य किए हैं, जिससे प्रदेश में कानून व्यवस्था मजबूत हुई है और विकास की गति तेज हुई है। इसी विश्वास और भावना से प्रेरित होकर संत समाज और सनातनी जनता विश्व हिन्दू रक्षा परिषद के नेतृत्व में यह संकल्प महायज्ञ कर रही है और आने वाले वर्षों में भी संगठन देशभर में ऐसे कार्यक्रम आयोजित करेगा, ताकि सनातन समाज को संगठित कर राष्ट्र निर्माण के कार्य में सक्रिय भूमिका निभाई जा सके।

## 'हर-हर महादेव' के जयघोष से भक्त हुए भावविभोर



**नगराम, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगराम कस्बे में चल रही श्री शिव महापुराण कथा के चौथे दिन कथा पंडाल में भक्ति और श्रद्धा का वातावरण देखने को मिला। कथा वाचक आचार्य अवधेश नंदन मिश्र अनुभवी महाराज ने दक्ष यज्ञ प्रसंग का मार्मिक वर्णन करते हुए बताया कि राजा दक्ष द्वारा भगवान शिव का अपमान किए जाने से आहत माता सती ने यज्ञ कुंड में आत्मदाह कर लिया था, जिसके बाद भगवान शिव के क्रोध से यज्ञ का विध्वंस हो गया। कथा के दौरान महाराज ने माता पार्वती के जन्म और भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए की गई उनकी कठोर तपस्या का भी भावपूर्ण वर्णन किया। प्रवचन सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे और पूरा पंडाल ॠहर-हर महादेवॠ के जयघोष से गूंज उठा। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा का श्रवण कर धर्मलाभ प्राप्त किया। आयोजन के सफल संचालन में सुशील गुप्ता, अवधेश गुप्ता, राम आधार वर्मा और डॉ. रमेश चौरसिया का विशेष सहयोग रहा। आयोजकों के अनुसार आगामी दिनों में भी भगवान शिव से जुड़े अन्य प्रसंगों का वर्णन किया जाएगा।

## सपरिवार आत्मदाह की चेतावनी

**निगोहां ,लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जमीन विवाद को लेकर लगातार दर्ज हो रहे मुकदमों से आहत किसान नेता अनमोल तिवारी ने प्रशासन से न्याय की गुहार लगाते हुए सपरिवार आत्मदाह करने की चेतावनी दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि रायबरेली के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह के छोटे भाई व पूर्व विधायक राकेश प्रताप सिंह द्वारा एक ही मामले में बार-बार मुकदमे दर्ज कराए जा रहे हैं, जिससे उनका परिवार मानसिक तनाव में है। अनमोल तिवारी का कहना है कि जमीन के लेन-देन की पूरी धनराशि वापस करने के बावजूद उनसे करीब एक करोड़ रुपये की अतिरिक्त मांग की जा रही है। साथ ही विवादित जमीन पर रखी उनकी ईंटें भी उठवा ली गईं। मामले को लेकर उनके समर्थकों और क्षेत्र के किसानों में नाराजगी है। तिवारी ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच और सुरक्षा की मांग करते हुए चेतावनी दी कि न्याय न मिलने पर वह परिवार सहित आत्मदाह करने को मजबूर होंगे।

## युवक ने लगाई फंासी हुई मौत अनाथ हुए बच्चे

**काकोरी, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र में एक युवक ने फंासी लगाकर आत्महत्या कर लिया। जिसकी सूचना सुबह करीब 9:00 बजे डायल 112 के माध्यम से प्राप्त हुई कि ए आर ग्रीन सिटी लोन नरोना में केयरटेकर का काम करने वाले राम प्रसाद गौतम उर्फ रामू पुत्र रामदीन उम्र करीब 40 वर्ष निवासी रसूलपुर सराय थाना सदरपुर जनपद सीतापुर केयर टेकर का काम करीब चार वर्ष से कर रहा था । जो रविवार की रात में टेंट हाउस की पर्दा से छत में लगे सरिया में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली । सूचना पर काकोरी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू किया तो लान में लगे सीसीटीवी कैमरा में फुटेज दिखाई दे रहा था कि मृतक स्वयं में फांसी लगाकर आत्महत्या किया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि म्रतक शादीशुदा था और पांच बच्चे हैं जो मृतक के साथ ही किराए के मकान में रहते थे मृतक के परिजन मौके पर आये लेकिन किसी प्रकार का आरोप नही लगाया। काकोरी पुलिस ने पंचायत नामा भर कर मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

## इफ्तार पार्टी में नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने की शिरकत



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गोसाईगंज छेत्र नगर पंचायत अमेठी के अब्बासी वार्ड में रविवार को रोजेदारों के लिए इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन आदिल खान व अमीर खान द्वारा किया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में रोजेदारों ने शिरकत कर रोजा खोला और देश में अमन-चैन व खुशहाली की दुआ मांगी। इफ्तार कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व कैबिनेट मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी, सांसद आर.के. चौधरी, पूर्व विधायक अमरेश पुष्कर तथा समाजवादी पार्टी के जिला महासचिव शब्बीर खान व नगर अध्यक्ष ज़ाकिर राईन व अर्चना रावत मौजूद रहे ,अतिथियों का आयोजकों द्वारा फूल-मालाओं से स्वागत किया गया ,इस अवसर पर अबरार हुसैन अब्बासी, मोहम्मद उस्मान, डॉ .कासिम अब्बासी, मुदस्सिर, जकरिया, नौशाद उर्फ राजू, अहद, शादाब, नावेद इब्राहिम मंसूरी सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में आपसी भाईचारे और सामाजिक सौहार्द का संदेश दिया गया।

# भाजपा विधायक के होली मिलन समारोह में खूब उड़ा फूल अमीर गुलाल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



मोहनलालगंज लखनऊ मोहनलालगंज स्थित एक रिसॉर्ट में रविवार को भाजपा विधायक अमरेश रावत द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया आयोजन में पहुंचे सभी भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी और आपसी गिले शिकवे मिटाकर पार्टी को और अधिक मजबूत करने का संकल्प लिया। भाजपा विधायक मोहनलालगंज अमरेश रावत ने कार्यक्रम में आए हुए सभी विशिष्ट अतिथि पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का अंग वस्त्र भेंट कर अबीर गुलाल का टीका लगाकर स्वागत करते हुए कहा कि होली का त्यौहार लोगों को आपसी मतभेद भुलाकर एकजुट होने का संदेश देता है भारतीय जनता पार्टी हमेशा समाज में भाईचारे और सद्भाव की भावना को मजबूत करने का काम करती है। वही पूर्व मंडल अध्यक्ष सुधांशु सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि होली का पर्व आपसी प्रेम भाईचारे और सामाजिक एकता का प्रतीक है ऐसे कार्यक्रमों से कार्य कर्ताओं के बीच आपसी समन्वय और मजबूत होता है और संगठन को मजबूती मिलती है। होली मिलन समारोह में फूलों की होली खेली गई और सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं ने हर्षोल्लास के साथ कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम में पूर्व सांसद कौशल किशोर, भाजपा वरिष्ठ नेता विनोद सिंह, शशांक शेखर सिंह, जिला विधायक मिल्कीपुर चंद्रभानु पासवान अध्यक्ष विजय मौर्य, ब्लॉक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला, प्रधान संघ अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, भाजपा नेत्री गरिमा आनंद, प्रदीप सिंह, किसान मोर्चा अध्यक्ष अभय अध्यक्ष साधन सरकारीसमिति आशु सिंह सिंह ,नागेश्वर द्विवेदी, जिला पंचायत सदस्य अमरेंद्र भारद्वाज, प्रधान सूर्यकुमार द्विवेदी, मंडल अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह मोनू, ललित शुक्ला, समेत हजारों की संख्या में पहुंचे महिला व पुरुष कार्यकर्ताओं ने पहुंच कर होली मिलन कार्यक्रम का आनंद लिया फूल और गुलाल अबीर का टीका लगाकर गले मिलकर एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी।

## राजनाथ से मिले बीबीएयू के कुलपति , विश्वविद्यालय की प्रगति पर हुई चर्चा

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय (बीबीएयू) के कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने रविवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान विश्वविद्यालय की शैक्षणिक, शोध एवं आधारभूत संरचना से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। प्रो. मित्तल ने रक्षा मंत्री को विश्वविद्यालय में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों, नई पहल तथा चल रहे विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विश्वविद्यालय में शोध एवं नवाचार को बढ़ावा देने के साथ ही विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों से भी अवगत कराया।

इस अवसर पर राजनाथ ने विश्वविद्यालय की प्रगति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। बैठक के दौरान विश्वविद्यालय के समग्र विकास, शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने तथा समाज के प्रति विश्वविद्यालय की महत्वपूर्ण भूमिका जैसे विषयों पर भी सकारात्मक और सार्थक विचार-विमर्श हुआ। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय में शिक्षा, शोध और नवाचार के क्षेत्र में निरंतर सुधार और विस्तार के लिए प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण और अवसर मिल सकें।

## बच्चों के खेलने के विवाद में मारपीट, सरिया-रॉड से हमला कर युवक घायल

**नगराम, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगराम थाना क्षेत्र के समेसी मेला गांव में बच्चों के खेलने को लेकर शुरू हुआ मामूली विवाद मारपीट में बदल गया। आरोप है कि कुछ लोगों ने सरिया और लोहे की रॉड से हमला कर जावेद हुसैन को घायल कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंचे परवेज हुसैन और उनकी मां रोशन जहां के साथ भी मारपीट की गई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना की सूचना डायल 112 पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पीड़ित पक्ष ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# संदिग्ध हालात में युवक की मौत

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

मोहनलालगंज, लखनऊ। मोहनलालगंज क्षेत्र के फत्ते खेड़ा गांव निवासी एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। युवक को मृत अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहनलालगंज लाया गया था, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मामले में परिजनों ने कनकहा चौकी इंचार्ज पर घटना की लीपापोती करने का आरोप लगाया है, जिससे क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं।जानकारी के अनुसार सीएचसी मोहनलालगंज से पुलिस को सूचना मिली कि फत्ते खेड़ा निवासी एक युवक को मृत अवस्था में अस्पताल लाया गया है। सूचना मिलते ही पुलिस पंचायतनामा की कार्रवाई के लिए सीएचसी पहुंची। पुलिस के पहुंचने तक मृतक के परिजन शव को अपने साथ घर ले गए थे।पुलिस ने जांच पड़ताल में मृतक की पहचान 19 वर्षीय सौरभ कुमार उर्फ छोटू पुत्र भगवानदीन निवासी ग्राम फत्ते खेड़ा, थाना मोहनलालगंज, जनपद लखनऊ के रूप में की। इसके बाद पुलिस टीम फत्ते खेड़ा गांव पहुंची और मृतक के परिजनों व ग्रामीणों से युवक की मौत के कारणों के बारे में जानकारी लेने का प्रयास किया, लेकिन किसी ने भी स्पष्ट रूप से मौत की वजह नहीं बताई।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू करनी चाही, लेकिन मृतक के परिजनों ने इसका विरोध किया। काफी समझाने-बुझाने के बाद भी परिजन पोस्टमार्टम कराने के लिए तैयार नहीं हुए। इसके बाद पुलिस ने पंचायतनामा की कार्रवाई पूरी कराई और परिजनों द्वारा शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।उधर, मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया है कि मामले में कनकहा चौकी इंचार्ज निमेष दुबे ने सही तरीके से कार्रवाई नहीं की और घटना को दबाने की कोशिश की है। परिजनों का कहना है कि युवक की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हुई है, लेकिन पुलिस ने गंभीरता से जांच नहीं की।हालांकि पुलिस का कहना है कि मौके पर शांति व्यवस्था पूरी तरह कायम रही और परिजनों के विरोध के चलते पोस्टमार्टम नहीं कराया जा सका। फिलहाल पूरे मामले को लेकर गांव और आसपास के क्षेत्रों में चर्चाओं का माहौल बना हुआ है। वहीं स्थानीय लोग इस मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग कर रहे हैं, ताकि युवक की मौत के वास्तविक कारण सामने आ सकें।

# धूमधाम से मनाई गई कांशीराम की जयंती

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के जिला कैसरबाग, लखनऊ पर बहुजन नायक कांशीराम का 92वां जन्मदिवस बहुजन समाज दिवस अर्थात पी0डी0ए0 दिवस'' के रूप में विशाल जनसभा का आयोजन कर बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष जयसिंह 'जयन्त', सांसद आरके चौधरी एवं जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान के साथ पार्टी के तमाम वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकताओं ने कांशीराम के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष जयसिंह 'जयन्त' ने की। संचालन जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व कैबिनेट मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी मौजूद रहे। जिनका मौजूद नेताओं ने माला पहनाकर स्वागत किया। नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि कांशीराम जी ने भारतीय वर्ण व्यवस्था में बहुजनों के राजनीतिक एकीकरण तथा उत्थान के लिए कार्य किये, इन्होंने दलित



शोषित संघर्ष समिति एवं 1971 में अखिल भारतीय पिछड़ा और अल्पसंख्यक समुदायों कर्मचारी महासंघ (बामसेफ) और 1984 में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की स्थापना की। कहा जाता है कि भारत में अम्बेडकरवाद जिन्दा है तो इसका पूरा श्रेय कांषीराम जी को ही जाता है। उन्होंने डॉ0 आम्बेडकर की मृत्यु के पश्चात बहुजन आन्दोलन में पैदा हुए शून्य को खत्म करके बहुजन आन्दोलन को फिर से जीवित किया। उन्होंने दिसम्बर 1992 में महान समाजवादी नेता मुलायम सिंह यादव के साथ समझौता किया ''बहुजन समाज बनाओ अभियान'' को तेज किया और दिसम्बर 1993 में नेताजी के नेतृत्व में मजलूमों की सरकार बनवाई। उन्होंने अपना जन्मदिन दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों, धार्मिक अल्पसंख्यकों तथा समाज के अन्य कमजोर वर्गों की एकता और भाईचारा के लिए समर्पित किया था। उसी को ''बहुजन समाज दिवस अर्थात पी0डी0ए0 दिवस'' कहा गया है। इस अवसर पर मुख्य रूप से इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष सी0एल0 वर्मा, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष फिदा हुसैन अंसारी, पूर्व मंत्री सलाउद्दीन सिद्दीकी, राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला सभा जूही सिंह, राष्ट्रीय प्रवक्ता नाहिद लारी, पूर्व जिलाध्यक्ष नागेन्द्र सिंह, अशोक यादव, पूर्व विधायक राजेन्द्र यादव, अम्ब्रीश सिंह पुष्कर, प्रदेश अध्यक्ष सैनिक प्रकोष्ठ कर्नल शरद शरण सिंह, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सोनू कनौजिया, राजबाला रावत, प्रदेश सचिव रंजीत यादव, एस0यू0 खान 'भईया जी', त्रिवेणी प्रसाद पाल, विजय सिंह यादव, रामसागर यादव, ई0 संदीप यादव, महेश सिंह के साथ हजारों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# रसोई गैस की किल्लत बढ़ती कीमतों के विरोध में किसानों का जोरदार प्रदर्शन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

दुबग्गा लखनऊ। कोतवाली क्षेत्र बढ़ती महँगाई और रसोई गैस (सिलेंडर) के दामों में लगातार हो रही किल्लत और वृद्धि के विरोध में आज भारतीय किसान यूनियन हिंदुस्तान के तत्वावधान में किसानों और मजदूरों ने जोरदार मार्च निकालकर धरना-प्रदर्शन किया। यह मार्च किसान कार्यालय से शुरू होकर सीतापुर बाईपास तक निकाला गया। जिसमें बड़ी संख्या में किसान-मजदूर और संगठन के पदाधिकारी शामिल हुए।

प्रदर्शन के दौरान किसानों ने सरकार के खिलाफ नाराज़गी जाहिर करते हुए महँगाई पर नियंत्रण करने और रसोई गैस की कीमतें कम करने की मांग उठाई। किसानों का कहना था कि बढ़ती महँगाई से आम जनता किसानों और मजदूरों की आर्थिक स्थिति पर गंभीर असर पड़ रहा है। धरना-प्रदर्शन के उपरांत किसानों ने




अपनी मांगों को लेकर उप निरीक्षक मजीद और दुबग्गा थाने के एस एस आई राजेश पटेल को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने सरकार से महँगाई पर जल्द नियंत्रण करने और आम जनता को राहत देने की मांग की। इस मौके पर संगठन के राष्ट्रीय महासचिव अजय यादव, युवा राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी जमाल अंसारी, महिला सभा की जिला अध्यक्ष श्वेता वैश, युवा जिला अध्यक्ष सैफ पठान, जिलाध्यक्ष प्रियांश सिंह वैश सहित संगठन के कई पदाधिकारी, किसान-मजदूर साथी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# सराहनीय योगदान अभ्यर्थियों के लिए लगाए सहायता कैंप

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में आयोजित उत्तर प्रदेश पुलिस एसआई भर्ती परीक्षा को सफल बनाने में नागरिक सुरक्षा (सिविल डिफेंस) लखनऊ ने विशेष सहयोग किया। दो दिवसीय परीक्षा के दौरान बाहर से आने वाले अभ्यर्थियों की सहायता के लिए चारबाग रेलवे स्टेशन, आलमबाग बस स्टैंड, कैसरबाग बस स्टैंड और अवध बस स्टैंड कमता सहित प्रमुख स्थानों पर सहायता कैंप लगाए गए। सिविल डिफेंस लखनऊ के सीनियर असिस्टेंट डिप्टी कंट्रोलर मनोज वर्मा ने बताया कि उपनियंत्रक रविन्द्र कुमार के आदेशानुसार तथा चीफ वार्डेन अमरनाथ मिश्रा के नेतृत्व में यह हेल्प डेस्क स्थापित किए गए। इन कैंपों के माध्यम से दूर-दराज से आए अभ्यर्थियों को उनके परीक्षा केंद्र तक पहुंचने के लिए सही मार्गदर्शन और आवश्यक जानकारी प्रदान की गई जिससे परीक्षार्थी बिना किसी परेशानी के समय से अपने गंतव्य तक पहुंच सके।परीक्षार्थियों की




सहायता के लिए लगाए गए विभिन्न कैंपों का निरीक्षण वरिष्ठ सहायक उपनियंत्रक मनोज वर्मा और डिप्टी चीफ वार्डेन गुरप्रीत सिंह सेठी ने किया। इस दौरान उन्होंने चारबाग रेलवे स्टेशन पर भी वार्डेनों के साथ पहुंचकर बाहर से आए अभ्यर्थियों से बातचीत की और उन्हें उनके परीक्षा केंद्र तक पहुंचने के लिए आवश्यक जानकारी दी।इस सेवा कार्य में स्टाफ ऑफिसर टू चीफ वार्डेन ऋतुराज रस्तोगी, डिविजनल वार्डेन संजय जौहर, आशीष कपूर, दिनेश माथुर, नफीस अहमद, अरविंद मिश्रा, डिप्टी डिविजनल वार्डेन रामगोपाल सिंह, सुनील कुमार कर्मचंदानी, जावेद जैदी, गुफरान अहमद, मुशीर अहमद, ऐश्वर्य शर्मा, राजेंद्र प्रसाद, जगदीश यादव, स्टाफ अफसर राजेंद्र श्रीवास्तव, संतोष कुमार, सुमित साहू सहित सैकड़ों वार्डेनों ने निःस्वार्थ भाव से अपनी सेवाएं दीं।

# बाथम वैश्य सभा खैराबाद द्वारा होली मिलन कार्यक्रम का हुआ भव्य आयोजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



खैराबाद सीतापुर । बाथम वैश्य सभा एवं बाथम बैश्य महिला सभा द्वारा विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी होलीमिलन समारोह आयोजित किया गया जिसमें स्वागता कांची अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री बेबी अभिषेक गुप्ता जी एवं संगठन द्वारा दीप प्रज्वलंकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष बाथम वैश्य समाज विमल गुप्ता जी के द्वारा की गई जिसमें प्रमुख रूप से सर्व समाज की विकलांग मातृशक्तिक़ो सिलाई मशीन सांस्कृतिक कार्यक्रम के बच्चों को स्कूल बैग किट एवं पानी की बोतल वरिष्ठ मातृशक्ति को सम्मानित करने का कार्य किया गया कार्यक्रम में बताऔरमुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री सदस्य विधान परिषद अनूप गुप्ता माननीय मंत्री नगर विकास राकेश राठौर गुरुजी माननीय मंत्री सुरेश रही जिला अध्यक्ष सीतापुर राजेश शुक्ला लखीमपुर जिला अध्यक्ष अरविंद गुप्ता जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिवकुमार गुप्ता नगर पालिका अध्यक्ष सीतापुर नेहा अवस्थी अपर पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार सिंह राष्ट्रीय परिषद सदस्य राकेश त्रिपाठी नकाहा ब्लॉक प्रमुख पवन गुप्ता नगर पालिका परिषद अधिशासी अधिकारी प्रेम शंकर गुप्ता भगवती गुप्ता श्रीमती बबीता शंकर गुप्ता तैलिक महासभा के नगर अध्यक्ष कुलदीप जायसवाल एवं उनकी टीम उपस्थित रही इस अवसर पर खैराबाद सीतापुर लखीमपुर गोला केसरीगंज लहरपुर मछरेहटा बिसवा लखनऊ से आए सम्मानित अतिथींयों का अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया इस अवसर अतिथियो का स्वागत कर फूलों की होली और राधा कृष्ण की झांकी प्रस्तुत की गई सफल कार्यक्रम के आयोजन के लिए बाथम वैश्य सभा खैराबाद क़ो बहुत बहुत बधाई ।

# इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण न होने से ग्रामीणों में रोष, जांच की मांग

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बिसवां/सीतापुर। तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत मौजुददीनपुर(ब्लॉक बिसवां) में इंटरलॉकिंग सड़क व नाली निर्माण का कार्य शुरू होने के बावजूद अधूरा पड़े रहने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। इस संबंध में लालपुर कोठी निवासी समाजसेवी निर्मल यादव ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारीउपजिलाधिकारी बिसवां को आईजीआरएस के माध्यम से प्रार्थना पत्र प्रेषित कर मामले की जांच कराकर निर्माण कार्य पूरा कराने की मांग की है। दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया गया है कि गांव में इंटरलॉकिंग सड़क और नाली निर्माण का कार्य प्रस्तावित था, लेकिन ग्राम प्रधान द्वारा अभी तक यह कार्य नहीं कराया गया है। आरोप है कि प्रार्थी द्वारा लगभग 10 ट्रैक्टर मिट्टी भी भरवाई गई थी, इसके बावजूद निर्माण कार्य आगे नहीं बढ़ाया गया।

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क और नाली न बनने से लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं ग्राम प्रधान द्वारा यह कहकर मामला टाल दिया जाता है कि सरकार से धनराशि नहीं मिली है। प्रार्थी ने प्रशासन से पूरे मामले की जांच कराकर इंटरलॉकिंग और नाली निर्माण का कार्य शीघ्र शुरू कराने तथा खंड विकास अधिकारी बिसवां को आवश्यक निर्देश देने की मांग की है।

# कृषि सखियों के द्वितीय बैच का पांच दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

**बिसवां और महमूदाबाद विकासखंड की कृषि सखियों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न**

**फसल लागत घटाने और गुणवत्तापूर्ण उत्पादन बढानें पर किसानों को प्रशिक्षित करेंगी कृषि सखी**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सीतापुर। राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन अंतर्गत कृषि सखियों एवं क्लस्टर रिसोर्स पर्सन हेतु आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम (11-15 मार्च ) के समापन अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र कटिया सीतापुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ दया एस श्रीवास्तव ने प्राकृतिक खेती पर किसानों की सहायता हेतु कृषि सखियों को प्रेरित किया। उन्होने जनपद सीतापुर में रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों पर निर्भरता खत्म कराने व कृषको को प्राकृतिक खेती से जुडकर बीज, पोषक तत्व एवं कीट रोग प्रबंधन पर आत्मनिर्भरता बढाने हेतु अनुरोध किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम समन्वयक सचिन प्रताप तोमर ने बताया कि द्वितीय बैच पांच दिवसीय प्रशिक्षण में विकासखंड बिसवा एवं महमूदाबाद की 50 कृषि सखियों एवं 5 क्लस्टर रिसोर्स पर्सन नें प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में पशुपालन वैज्ञानिक डॉ आनंद सिंह, प्रसार वैज्ञानिक शैलेन्द्र कुमार सिंह, शस्य वैज्ञानिक डॉ शिशिर कांत सिंह , उद्यान वैज्ञानिक डॉ शुभम सिंह राठौर एवं प्रक्षेत्र प्रबंधक डॉ योगेन्द्र प्रताप सिंह ने प्रशिक्षित किया।

# तंबौर नगर पंचायत कार्यालय का डीएम ने किया औचक निरीक्षण, अव्यवस्थाओं पर लगाई फटकार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सीतापुर। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने आज कार्यालय आदर्श नगर पंचायत तंबौर अहमदाबाद सीतापुर का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने नगर वार्डों की संख्या एवं जनसंख्या की जानकारी अधिशासी अधिकारी से प्राप्त करते हुये निर्माण पत्रावलियों का अवलोकन किया। वर्कआर्डर के अनुरूप कार्य न होने पर अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद तम्बौर अहमदाबाद पर नाराजगी व्यक्त करते हुये सुधार के निर्देश दिये तथा जे0ई0 लघु सिंचाई व पटल सहायक की 27 लाख की पत्रावलियों, आर0सी0सी0 एवं गौशाला निर्माण की पत्रावलियों का अवलोकन करते हुये त्रुटियां पाये जाने प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के निर्देश दिये। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने वाहनों की संख्या एवं उनकी लॉकबुक की जानकारी ली। कार्यालय में लॉकबुक न होने, ईंधन के रजिस्टर में अधिशासी अधिकारी के हस्ताक्षर न होने एवं कमियां पाये जाने पर एवं पत्रावलियों का रख-रखाव सही ढंग से न होने पर अधिशासी अधिकारी को कड़ी फटकार लगायी। जन्म, मृत्यु प्रमाण-पत्र की जानकारी लेते हुये ससमय प्रमाण-पत्र न जारी किये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये जल्द से जल्द प्रमाण-पत्र जारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कोई भी प्रमाण-पत्र अधिक समय तक लम्बित न रखी जाये। साथ ही दाखिल खारिज की पत्रावलियों का भी अवलोकन किया। पानी की टंकी की निरन्तर साफ-सफाई कराये जाने के निर्देश के साथ साफ-सफाई का रजिस्टर रखने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद तम्बौर अहमदाबाद के कार्यालय में अत्यधिक त्रुटियां पाये जाने पर सुधार के कड़े निर्देश जिलाधिकारी ने दिये।

# नाबालिक लड़की के साथ छेडछाड करने वाला गिरफ्तार



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सीतापुर। पुलिस अधीक्षक खीरी, डा0 ख्याति गर्ग द्वारा जनपद खीरी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में थाना भीरा पुलिस द्वारा दिनांक 13.03.26 को वादिनी मुकदमा सुदामा देवी ने थाना हाजा उपस्थित आकर तहरीर दी की मेरी 13 वर्ष की भतीजीटयूशन पढकर घर आ रही थी रास्ते मे विपक्षी अतीश पुत्र रामगोपाल शर्मा द्वारा मेरी भतीजी के साथ अश्लील हरकते करते हुए छेडछाड की गयी व गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी गयी। सूचना पर थाना भीरा पुलिस द्वारा तत्काल सुसंगत धाराओ मे अभियोग पंजीकृत किया गया अपराध की गम्भीरता को देखते हुए उच्चाधिकारीगण द्वारा गिरफ्तारी हेतु एक टीम का गठन कर आज अभियुक्त अतीश कुमार पुत्र रामगोपाल नि0 ग्राम कचनारा थाना भीरा जनपद खीरी उम्र करीब 48 वर्ष को भीरा लखीमपुर मार्ग पर स्थित नानक फार्म मजार नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया अभियुक्त के विरूद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# आम के पेड़ से लटका मिला युवक का शव



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखीमपुर खीरी। रामापुर चौकी क्षेत्र के पनगी गांव निवासी अंकित (24) पुत्र महेश ने अज्ञात कारणों के चलते बहराइच-बस्ती हाईवे के पास एक आम के पेड़ से गमछे के सहारे फांसी लगा ली। सुबह राहगीरों ने पेड़ से युवक का शव लटका देखा तो इसकी सूचना स्थानीय लोगों और पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाकर कब्जे में ले लिया। बताया जा रहा है कि अंकित बीती रात से घर से लापता था। परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल सका। सुबह हाईवे किनारे आम के पेड़ से शव लटका मिलने की खबर मिलने पर परिवार में कोहराम मच गया। मामले में पुलिस का कहना है कि घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

# डीएम-एसपी ने भ्रमणशील रहकर लिया परीक्षा केन्द्रों का जायजा, दिए निर्देश

## 6239 ने दी पुलिस भर्ती परीक्षा, कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हुई 16 केंद्रों पर परीक्षा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखीमपुर खीरी । रविवार को यूपी पुलिस की सिपाही भर्ती परीक्षा के दूसरे दिन 16 केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच कराई गई। दोनों पालियों में 6239 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 3361 गैरहाजिर रहे। केंद्रों पर सुबह से ही कतार लगाकर परीक्षार्थियों को मेटल डिटेक्टर, बायोमीट्रिक व फोटोस्कैन के बाद प्रवेश कराया गया। परीक्षा को निष्पक्ष एवं पारदर्शी, सुचितापूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की टीमें लगातार परीक्षा केंद्रों का भ्रमण करती रहीं। पुलिस की खुफिया सेल सोशल मीडिया से लेकर तमाम गतिविधियों की निगरानी करती रही।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी डॉ ख्याति गर्ग ने परीक्षा केंद्र राजकीय इंटर कॉलेज, स्वामी श्याम प्रकाश इंटर कॉलेज, गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज का जायजा लिया। केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिए कि शासन की मंशानुसार सुचितापूर्ण ढंग से सकुशल परीक्षा सम्पन्न कराये। हर केंद्र पर मजिस्ट्रेट व इंस्पेक्टर की अगुवाई में भारी पुलिस बल व महिला सुरक्षा कर्मियों की मौजूदगी में मेटल डिटेक्टर, फोटो स्कैनर, बायोमीट्रिक सत्यापन के बाद परीक्षार्थियों को प्रवेश कराया गया। परीक्षा संपन्न होने के बाद सभी ओएमआर शीट जमा कराने के बाद परीक्षार्थियों को केंद्र से बाहर जाने की अनुमति दी गई। दोनों पालियों की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। बताते चले कि जनपद के 16 परीक्षा केंद्रों पर प्रत्येक पाली के लिए पंजीकृत परीक्षार्थी 4800 के सापेक्ष पहली पाली में 3078 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तो 1722 अनुपस्थित रहे। इसी तरह से दूसरी पाली में 3161 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तो 1639 ने परीक्षा से किनारा कर लिया।

सकुशल संपन्न हुई परीक्षा, डीएम ने दी बधाई

उप्र पुलिस भर्ती बोर्ड द्वारा खीरी जिले के 16 केंद्रों पर संचालित उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती 2025 परीक्षा शांतिपूर्ण, नकल विहीन, सकुशल, व्यवस्थित एवं निर्विघ्न संपन्न होने पर जहां एक और प्रशासन ने राहत की सांस ली। वहीं डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने परीक्षा को संपन्न कराने में अहम किरदार निभाने वाले परीक्षा के नोडल अधिकारी, केंद्र व्यवस्थापक, स्टैटिक एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट सहित परीक्षा से जुड़े सभी अधिकारी, कर्मचारी एवं कार्मिको को शुभकामनाएं दी।

# कृषि लागत घटाने और आय बढ़ाने का मंत्र है 'प्राकृतिक खेती' : डॉ.दया श्रीवास्तव

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सीतापुर (कटिया)। कृषि विज्ञान केंद्र (KVK) कटिया में बिसवां और महमूदाबाद विकासखंड की 50 कृषि सखियों एवं 5 क्लस्टर रिसोर्स पर्सन के लिए आयोजित पांच दिवसीय 'प्राकृतिक खेती' प्रशिक्षण शिविर के चौथे दिन विशेषज्ञों ने किसानों की आय दोगुनी करने के व्यावहारिक गुर सिखाए। प्रकृति के उपहारों से सुधरेगा स्वास्थ्य और पर्यावरण प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. दया एस. श्रीवास्तव ने कहा कि अंधाधुंध रसायनों के प्रयोग से मिट्टी और मानव स्वास्थ्य दोनों प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने जोर देकर कहा, ''प्रकृति ने हमें जैव-विविधता के रूप में अनमोल उपहार दिए हैं। बीज उपचार, पोषक तत्व प्रबंधन और रोग-कीट नियंत्रण के लिए स्थानीय संसाधनों का सदुपयोग कर हम न केवलथ खेती की लागत शून्य कर सकते हैं, बल्कि पर्यावरण को बचाते हुए गुणवत्तापूर्ण उत्पादन से बेहतर मुनाफा भी कमा सकते हैं।'' पशुपालन और प्राकृतिक खेती का अटूट रिश्ता पशुपालन वैज्ञानिक डॉ. आनंद सिंह ने बताया कि बिना पशुधन के प्राकृतिक खेती की कल्पना संभव नहीं है। उन्होंने 'गौ-आधारित तकनीक' (जैसे जीवामृत और घनजीवामृत) पर जानकारी देते हुए कहा कि पशुओं और फसलों का समन्वय खेती के खर्च को न्यूनतम स्तर पर ले आता है, जिससे किसान की शुद्ध बचत बढ़ती है। खरपतवार एवं पोषक तत्व प्रबंधन केन्द्र के शस्य वैज्ञानिक डॉ शिशिर कंात सिंह नें प्राकृतिक विधि से खरपतवार प्रबंधन एवं पोषक तत्व प्रबंधन पर कृषि सखियों को प्रशिक्षित किया। बागवानी में गुणवत्तापूर्ण उत्पादन पर जोर उद्यान वैज्ञानिक डॉ. शुभम सिंह राठौर ने सब्जी, फल, फूलों के साथ-साथ औषधीय एवं सुगंधित पौधों की खेती पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक पद्धति अपनाकर इन फसलों में कीटों का प्रभावी प्रबंधन किया जा सकता है और बाजार में इनकी उच्च गुणवत्ता के कारण बेहतर दाम प्राप्त किए जा सकते हैं। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य 'कृषि सखियों' को मास्टर ट्रेनर के रूप में तैयार करना है, ताकि वे गांवों में जाकर अन्य किसानों को जहर मुक्त खेती के प्रति जागरूक कर सकें।

# नहर चौराहा-वज़ीरनगर मार्ग पर बिखरी पत्थर-बजरी से राहगीर परेशान, 50 गांवों का मुख्य रास्ता बना मुसीबत

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



मिश्रिख/सीतापुर। मिश्रिख नहर चौराहा से वज़ीरनगर को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग पर सड़क निर्माण कार्य के चलते डाली गई पत्थर और बजरी अब राहगीरों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन गई है। अकबरपुर गांव के पास से लेकर विजनापुर गांव के आगे तक कई स्थानों पर ट्रकों द्वारा पूरी सड़क पर पत्थर और बजरी डाल दी गई है, जिससे इस मार्ग से गुजरने वाले लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों के अनुसार सड़क निर्माण के नाम पर डाली गई बजरी को अभी तक समतल नहीं कराया गया है। इसके कारण दोपहिया वाहन चालकों को फिसलने का खतरा बना रहता है, वहीं साइकिल सवार और पैदल चलने वाले राहगीरों को भी चलने में काफी मुश्किल हो रही है। कई बार लोग गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं। यह मार्ग उरदौली, बीहट गौर, वज़ीरनगर, महसोनिया, फुलरूवा सहित करीब 50 गांवों को मुख्य कस्बा मिश्रिख से जोड़ने वाला प्रमुख रास्ता है। रोजाना हजारों लोग इसी मार्ग से बाजार, अस्पताल और अन्य आवश्यक कार्यों के लिए मिश्रिख आते-जाते हैं।सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों को उठानी पड़ रही है। मिश्रिख़ सहित आसपास के कई विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं इसी रास्ते से साइकिल और पैदल स्कूल जाते हैं, लेकिन सड़क पर फैली बजरी के कारण उन्हें काफी सावधानी के साथ निकलना पड़ता है। अभिभावकों को भी बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता बनी रहती है। ग्रामीणों का कहना है कि कई दिनों से सड़क पर बजरी पड़ी हुई है, लेकिन जिम्मेदार विभाग के अधिकारियों ने अब तक इस ओर ध्यान नहीं दिया है। लोगों का आरोप है कि निर्माण कार्य में लापरवाही बरती जा रही है और सड़क को सही तरीके से तैयार नहीं किया जा रहा। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द सड़क पर डाली गई बजरी को समतल कराकर मार्ग को सुचारु कराया जाए, ताकि आम लोगों और स्कूली बच्चों को होने वाली परेशानी से राहत मिल सके। अगर समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया तो किसी बड़े हादसे की आशंका से भी इंकार नहीं किया जा सकता।

### प्रशासन के सख्त रवैया के बावजूद भी गैस एजेंसियों पर देखने को मिल रही है लंबी-लंबी कतारे



लखीमपुर खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता । प्रशासन के सख्त रवैया के बावजूद भी गैस एजेंसियों पर देखने को मिल रही है लंबी-लंबी कतारे। यह नजारा महाराज नगर भारत गैस एजेंसी का है, तस्वीरों के माध्यम से देख सकते हैं कि किस तरीके से एक लंबी लाइन लगी हुई है, ऐसा नजारा भारत और एचपी की गैस एजेंटीयों पर देखने को मिल रही है, जहां पर लंबी-लंबी कतारे लगी हुई है, जबकि जिला पूर्ति अधिकारी बराबर दावा कर रहे हैं कि घरेलू गैस की कोई कमी नहीं है।

### नव विवाहिता ने दहेज के लिए प्रताड़ित करने का लगाया आरोप, मुकदमा दर्ज

खमरिया खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता । जनपद सीतापुर थाना तंबौर क्षेत्र के कोडरी गांव निवासी सुरेश कुमार की पुत्री रिंकी ने अपने ससुराली जनों पर दहेज की अतिरिक्त मांग करते हुए प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। रिंकी की तहरीर पर खमरिया पुलिस ने रमाशंकर, अशोक, रामकिशन, कुसुम कली निवासी ऊंचगांव के साथ एक रिश्तेदार राजकुमार निवासी नौवापुर के खिलाफ दहेज प्रताड़ना की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रिंकी का आरोप है कि ससुराल में उक्त लोग आए दिन अतिरिक्त दहेज की मांग करते हुए प्रताड़ित कर रहे थे। प्रभारी निरीक्षक थाना खमरिया ओमप्रकाश राय ने बताया की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### दुष्कर्म के आरोपी वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । पुलिस अधीक्षक खीरी, डा0 ख्याति गर्ग द्वारा जनपद खीरी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी मोहम्मदी के कुशल मार्गदर्शन एवं थाना मोहम्मदी पुलिस द्वारा, थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 141/2026 धारा 65(2) बीएनएस व 5द्व/6 पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त सर्वेश रैदास पुत्र आलम रैदास निवासी ग्राम सुन्दरपुर थाना मोहम्मदी जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरूद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# ज्योति रेडीमेड गारमेंट स्टोर में भीषण आग, लाखों का कपड़ा जलकर खाक

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बदायूँ। शहर के सदर कोतवाली क्षेत्र में सब्जी मंडी गेट के पास स्थित ज्योति स्टोर्स में रविवार को अचानक भीषण आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गई और आसपास के दुकानदारों व स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। बताया जा रहा है कि आग तेजी से फैलने लगी, जिससे दुकान के अंदर रखा सामान जलकर खाक होने लगा। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। हालांकि काफी देर तक मशक्कत के बाद भी आग पर पूरी तरह काबू नहीं पाया जा सका है।दमकल कर्मी लगातार आग पर काबू पाने की कोशिश में जुटे हुए हैं। स्थानीय लोगों ने भी आग बुझाने में सहयोग किया। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। आशंका जताई जा रही है कि आग से दुकान में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर नष्ट हो गया है। प्रशासन द्वारा स्थिति पर नजर रखी जा रही है और आसपास की दुकानों को भी सतर्क रहने के लिए कहा गया है।

# एनएमएसएन दास पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का भव्य समापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। नेहरू मेमोरियल शिव नारायण दास पीजी कॉलेज, बदायूं में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) छात्र इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन शुक्रवार को उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। सात दिनों तक चले इस शिविर में स्वयंसेवकों ने स्वच्छता, सामाजिक जागरूकता, शिक्षा और सेवा से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से समाज को सकारात्मक संदेश दिया।शिविर के सातवें दिन कार्यक्रम का शुभारंभ भौतिक विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रोफ़ेसर प्रशांत कोहली और बीएड विभाग के एसोसिएट प्रोफ़ेसर डॉ. विक्रांत उपाध्याय ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि सच्चा स्वयंसेवक वही होता है जो राष्ट्र की आवश्यकता के समय निस्वार्थ भाव से सेवा के लिए सदैव तैयार रहता है। उन्होंने विद्यार्थियों को सेवा, अनुशासन और समर्पण को जीवन का मूलमंत्र बनाने की प्रेरणा दी। समापन समारोह में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफ़ेसर आशीष कुमार सक्सेना मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि प्रोफ़ेसर संजीव सक्सेना और प्रोफ़ेसर शिवराज कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। अतिथियों ने स्वयंसेवकों को जिम्मेदार और जागरूक नागरिक बनने की प्रेरणा देते हुए समाज सेवा में राष्ट्रीय सेवा योजना की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।इस अवसर पर शिविर में उत्कृष्ट योगदान देने वाले स्वयंसेवकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

सनी कुमार को सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक घोषित किया गया, जबकि सवन साहू और विमल कुमार को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। शिविर के दौरान आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में अजय रस्तोगी ने प्रथम, देव सक्सेना ने द्वितीय और मंजेश कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं सांस्कृतिक प्रतियोगिता में राघव सक्सेना, देवा सक्सेना और सवन साहू को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. बैकुंठ नाथ शुक्ला, डॉ. कमल सिंह, डॉ. आशीष गुप्ता, डॉ. रवि भूषण पाठक, डॉ. मुन्ना कुमार वरुण, डॉ. प्रदीप चौरसिया, डॉ. नंद गोपाल मिश्रा, डॉ. शैलेंद्र कबीर, डॉ. आकाश, डॉ. लक्ष्य, डॉ. गौरव और डॉ. संदीप सहित वरिष्ठ पत्रकार मनोज शर्मा उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन डॉ. अर्चना ने किया। अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सत्यम मिश्र ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अतिथियों की उपस्थिति से स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन हुआ। उन्होंने बताया कि सातों दिनों तक स्वयंसेवकों ने अनुशासन और सेवा भावना के साथ विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर शिविर को सफल बनाया। कार्यक्रम के आयोजन में विशाल गुप्ता का सहयोग भी सराहनीय रहा।

# स्कूली वाहनों की चेकिंग हेतु विशेष अभियान, कई वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।जनपद में स्कूली बच्चों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए एआरटीओ वीरेंद्र सिंह द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान एआरटीओ वीरेंद्र सिंह एवं यात्रीकर अधिकारी बर्डिस चतुर्वेदी द्वारा पीलीभीत၁बीसलपुर मार्ग पर स्कूली वाहनों की सघन जांच की गई।चेकिंग के दौरान एक स्कूली वाहन जिसकी फिटनेस समाप्त हो चुकी थी, मार्ग पर संचालित होता पाया गया। वहीं एक अन्य प्राइवेट वाहन में एलपीजी किट लगी हुई थी, जिसके माध्यम से स्कूली बच्चों का परिवहन किया जा रहा था। स्कूली बच्चों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने तथा स्कूली वाहन हेतु अनिवार्य अनुमान्यता लिये बिना ही स्कूली बच्चों का परिवहन करने के आरोप में दोनों वाहनों को थाना बीसलपुर क्षेत्रांतर्गत चीनी मिल पुलिस चौकी में निरुद्ध कर दिया गया। अभियान के दौरान पीलीभीत၁बरेली मार्ग पर एक अन्य वाहन भी स्कूली बच्चों का परिवहन करते हुए पाया गया, जिसकी फिटनेस समाप्त हो चुकी थी। उक्त वाहन को ललोड़ीखेड़ा पुलिस चौकी में निरुद्ध कर दिया गया।इसके अतिरिक्त दो अन्य वाहनों द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर उनके विरुद्ध चालान की कार्रवाई की गई। इसी क्रम में जयपुर से पीलीभीत आ रही एक यात्री बस के प्रपत्रों की जांच के दौरान पाया गया कि उक्त बस परमिट की शर्तों का उल्लंघन करते हुए संचालित की जा रही थी। इस पर उसके विरुद्ध भी सीज़ की कार्रवाई अमल में लाई गई। एआरटीओ वीरेंद्र सिंह ने बताया कि स्कूली बच्चों की सुरक्षा के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध इसी प्रकार की कठोर कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# एचपीसीएल अफसरों की हत्या के मामले में कार्रवाई शुरू, आरोपी अजय की मां का राशन कोटा निरस्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। एचपीसीएल के बायोगैस प्लांट में घुसकर दो अधिकारियों की हत्या करने के आरोपी अजय प्रताप सिंह पर शिकंजा कसना शुरू हो गया है। प्रशासन ने आरोपी की मां के नाम से संचालित राशन कोटा निरस्त कर दिया है। दुकानों और घर की भी नापजोख की गई है।

बदायूं के दातागंज कोतवाली क्षेत्र के सैजनी गांव स्थित एचपीसीएल के बायोगैस प्लांट में दो अधिकारियों की हत्या करने के आरोपी अजय प्रताप सिंह के खिलाफ, आरोपी की मां के नाम से संचालित राशन की दुकान का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है। गांव के बाहर बनी उसकी छह दुकानों व मकान पर ध्वस्तीकरण की तैयारी है। आरोपी अजय प्रताप सिंह की गांव के बाहर बक्सेना मार्ग पर छह दुकानें हैं। तहसील प्रशासन के मुताबिक, यह दुकानें सड़क पर गलत तरीके से बनी हैं। सड़क के चौड़ीकरण का काम होना है। इस कारण इन दुकानों पर बुलडोजर की कार्रवाई होगी। इसके साथ ही कुछ अन्य लोगों के घर व दुकानों पर भी कार्रवाई हो सकती है। शनिवार को दातागंज एसडीएम की टीम ने नापजोख कर आवश्यक कार्रवाई पूरी की।वहीं आरोपी अजय प्रताप सिंह के परिवार में तीन से अधिक शस्त्र लाइसेंस हैं। डीएम अवनीश राय ने कहा कि सभी शस्त्र लाइसेंस के निरस्तीकरण की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। जिला पूर्ति अधिकारी सतीश मिश्रा ने कहा कि आरोपी की मां किरन देवी के नाम से संचालित राशन की दुकान का लाइसेंस निरस्त कर दिया गया है।

जिलाधिकारी अवनीश राय ने बताया कि आरोपी अजय प्रताप सिंह के परिवार में शामिल राशन की दुकान व शस्त्र लाइसेंसों के निरस्तीकरण की भी नियमानुसार कार्रवाई चल रही है। जो भी अवैध निर्माण सामने आएगा, उसके ध्वस्तीकरण की भी कार्रवाई होगी। वहीं दोहरे हत्याकांड के बाद पुलिस महकमे में भी कार्रवाई जारी है। शनिवार देर रात सीओ डॉ. देवेंद्र कुमार को हटाकर पुलिस मुख्यालय से संबद्ध कर दिया गया। राहुल पांडेय के नए सीओ होंगे। इससे पहले शासन ने शुक्रवार को एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार को भी हटा दिया गया था। उनकी जगह अंकिता शर्मा को बदायूं का एसएसपी बनाया गया है। वहीं एसएसपी अंकिता शर्मा ने शनिवार देर रात एचपीसीएल प्लांट पुलिस चौकी पर पुलिस कर्मियों की नियुक्ति कर दिया है। यहां पर फैजगंज बेहटा थाने से एसआई प्रदीप कुमार को चौकी प्रभारी बनाया गया है, जबकि एसआई लियाकत अली खां, सिपाही अवनीश कुमार, कुलदीप कुमार, छोटू भार्गव, मनीष, सुबोध कुमार, विकास कुमार, सुमित कुमार, विपिन भाटी को पुलिस लाइन से प्लांट पुलिस चौकी थाना मूसाझाग में तैनाती दी गई है।

# गैस सिलेंडर की किल्लत को लेकर प्रदर्शन, छह नामजद आप नेताओं सहित 30-35 अज्ञात पर एफआईआर

एजेंसी

उन्नाव । उन्नाव में गैस सिलेंडर की किल्लत को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए गैस सिलेंडर की आपूर्ति सुचारु करने की मांग उठाई। आरोप है कि प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने सार्वजनिक मार्ग पर एकत्र होकर धरना दिया, जिससे कुछ समय के लिए सड़क पर यातायात प्रभावित हुआ।



मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने कार्रवाई की है। इस संबंध में थाना क्षेत्र में मुकदमा अपराध संख्या 137/2026 दर्ज किया गया है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (उगट्ट) की धारा 270, 285, 223 और 189(2) के तहत आम आदमी पार्टी के छह पदाधिकारियों को नामजद किया है, जबकि 30 से 35 अज्ञात लोगों को भी आरोपित बनाया गया है।

पुलिस के अनुसार नामजद आरोपियों में आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष कुलदीप यादव, जिला प्रभारी तुषार श्रीवास्तव, जिला महासचिव शैलेन्द्र उपाध्याय, जिला उपाध्यक्ष दीपक राजपूत, कोषाध्यक्ष रमेश गुप्ता और यूथ जिला अध्यक्ष दीपू कुमार शामिल हैं। आरोप है कि इन लोगों के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने डीएम कार्यालय के बाहर एकत्र होकर धरना-प्रदर्शन किया और सड़क पर जाम की स्थिति पैदा की।

पुलिस का कहना है कि प्रदर्शन के दौरान सार्वजनिक व्यवस्था प्रभावित होने की सूचना पर कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज किया गया है और मामले की जांच की जा रही है। वहीं प्रदर्शनकारियों का कहना है कि जिले में गैस सिलेंडर की भारी किल्लत है, जिससे आम जनता को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। इसी समस्या को लेकर प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने के लिए प्रदर्शन किया गया। थाना प्रभारी ने रविवार को बताया कि फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और अन्य अज्ञात आरोपियों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

# सिंह इंटरप्राइजेज गैस एजेंसी पर ग्राहकों के गंभीर आरोप, संचालक ने किया खंडन

बदायूँ। वर्तमान परिस्थितियों के एहतियातन बदायूँ प्रशासन ने रसोई गैस के वितरण हेतु कुछ नियम बनाये हैं। जिनका पालन सभी गैस एजेंसी संचालकों को करने के निर्देश दिए हैं। शहर की सिंह इंटरप्राइजेज गैस एजेंसी पर लगभग 200 उपभोक्ताओं से अधिक भीड़ में से अधिकांश ग्राहकों ने गैस वितरण में गंभीर अनियमितता और मनमानी के आरोप लगाए हैं। ग्राहकों का कहना है 1- सुबह चार-चार बजे लाइन में लगने के बाद भी रिफिल सिलेंडर नहीं मिल पाता। 2-वी आईपी और रसूखदार लोग बिना लाइन के ही दनदनाते हुए एजेंसी से पर्ची कटाकर रिफिल ले जाते हैं। 3- बुकिंग पीरियड कम्प्लीट हेने के तीन दीं के अंदर सिलेंडर नहीं लेने पर बुकिंग कैंसिल कर डी जाएगी 4- बीस-तीस सिलेंडर बाँटने के बाद ही कह दिया जाता है सिलेंडर ख़त्म हो गए। 5- लाइन में लोग सुबह से दोपहर लगे रहते हैं लेकिन जैसे ही उनका नंबर आता है, उन्हें कह दिया जाता है कल आना। 6- यदि कोई 1500 रूपये देता है तो उसे तुरंत ही रिफ़िल मिल जाता है इस तरह लोगों का कहना है की उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इन बातों के चलते उपभोक्ताओं को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं गैस एजेंसी संचालक राजेश कुमार सिंह ने इन सभी आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि एजेंसी पर सभी कार्य नियमों के अनुसार किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि गैस वितरण कंपनी के निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार किया जाता है और किसी भी उपभोक्ता के साथ भेदभाव नहीं किया जाता। संचालक का कहना है कि कुछ लोगों द्वारा बेवजह गलत आरोप लगाए जा रहे हैं, जबकि एजेंसी उपभोक्ताओं को बेहतर सेवा देने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि यदि किसी उपभोक्ता को कोई समस्या है तो वह सीधे एजेंसी से संपर्क कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है।

# अवैध खनन पर संगोलीपुर खदान के दो संचालकों पर मुकदमा दर्ज

एजेंसी


फतेहपुर। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में रविवार को मौरंग खदान में सीमा क्षेत्र के बाहर लगातार अवैध खनन किए जाने के मामले में खनन विभाग की तहरीर पर पुलिस ने कंपनी के दो डायरेक्टरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। शिकायत भूतत्व एवं खनिज निदेशालय में पहुंचने के बाद उच्चाधिकारियों के निर्देश पर कार्रवाई की गई। खनन इंस्पेक्टर विपेंद्र राजभर ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि किशनपुर थाना क्षेत्र के संगोलीपुर गढ़ा मौरंग खदान का पांच वर्षीय पट्टा मेसर्स अमरकंठ डेवलपर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के नाम स्वीकृत है। कंपनी के डायरेक्टर मनोज सिंह निवासी मारवाड़ी लाइन बिलासपुर (छत्तीसगढ़) तथा मंजीत सिंह गुम्बर निवासी दयालबंद बिलासपुर हैं। बताया कि 9 मार्च को भूतत्व एवं खनिज निदेशालय लखनऊ की टीम संगोलीपुर खदान जांच के लिए पहुंची थी, जहां पट्टा सीमा क्षेत्र के बाहर अवैध खनन पाया गया। इससे पहले भी दो बार जांच में अवैध खनन मिलने पर पट्टेधारक को नोटिस जारी की गई थी लेकिन कोई जवाब नहीं दिया गया। जिसके बाद खनिज विभाग ने पट्टेधारक पर जुर्माना लगाया था, लेकिन खदान संचालक की अराजकता पर कोई विराम नहीं लगा। खनिज विभाग द्वारा कंपनी प्रबंधन को कई बार चेतावनी भी दी गई थी। इस बार जांच टीम ने अवैध खनन मिलने पर पट्टेधारक के खिलाफ उत्तर प्रदेश उपखनिज नियमावली, सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कराई है। किशनपुर थानाध्यक्ष सत्यदेव गौतम ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और जांच शुरू कर दी गई है।

# फिरोजाबाद केवल सुहाग नगरी नहीं बल्कि आस्था और अध्यात्म की एक अनमोल धरोहर : जयवीर सिंह

एजेंसी

फिरोजाबाद। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने रविवार को ऐतिहासिक गोपाल आश्रम प्रांगण में आयोजित भव्य कार्यक्रम में जनपद के सांस्कृतिक स्थलों के कायाकल्प के लिए 697.17 लाख रुपए की विभिन्न पर्यटन विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।

इन परियोजनाओं में गोपाल आश्रम का पर्यटन विकास एवं सौंदर्यीकरण, श्री चिंतामणि मंदिर का पर्यटन विकास एवं सौंदर्यीकरण जबकि छिदामी लाल जैन मंदिर एवं पसीने वाले हनुमान जी मंदिर का पर्यटन विकास एवं शिलान्यास किया। इस मौके पर पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि फिरोजाबाद केवल सुहाग नगरी ही नहीं बल्कि आस्था और अध्यात्म की एक अनमोल धरोहर हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में हमारा लक्ष्य है कि फिरोजाबाद के प्रत्येक पौराणिक और




ऐतिहासिक स्थल को पर्यटन के मानचित्र पर स्थान मिले। आज गोपाल आश्रम व चिंतामणि मंदिर का जो सौंदर्यीकरण पूर्ण हुआ है, आने वाले श्रद्धालुओं को न केवल मानसिक शांति प्रदान करेगा, बल्कि पर्यटकों की संख्या में वृद्धि कर स्थानीय व्यापार को नई गति देगा। उन्होंने आगामी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि छदामी लाल जैन मंदिर और पसीने वाले हनुमान जी का शिलान्यास इसी श्रृंखला का हिस्सा हैं, हम यहां ऐसी विश्व स्तरीय सुविधाएं विकसित कर रहे हैं कि बाहर से आने वाले पर्यटक यहां रुकने और यहां की संस्कृति को समझने के लिए प्रेरित हो। जनपद में लगाये जा रहे साइनेज से पर्यटकों को ऐतिहासिक स्थलों तक पहुंचने में कोई असुविधा नहीं होगी। सदर विधायक मनीष असीजा ने पर्यटन और सांस्कृतिक दृष्टि से कार्यों की सराहना की। विधायक प्रेमपाल धनगर ने कहा कि इस परियोजनाओं से फिरोजाबाद की नगर निगम सीमा और ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यटन की नई राह खुलेगी। इस अवसर पर अनिल मित्तल, त्रिभुवन नाथ मित्तल, नानक चंद अग्रवाल, सुनील टंडन एवं पुष्पेंद्र पाल आदि लोग उपस्थित रहे।

## एलपीजी की किल्लत से स्ट्रीट फूड महंगा, चटोरी गली में बढ़े दाम

**बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता।** एलपीजी सिलेंडर की किल्लत और बढ़ती लागत का असर अब शहर के फूड बेंडिंग जोन निकट डीएम चौराहा तथा राधिका स्वीट्स के निकट लगने वाले बाजार पर भी दिखने लगा है। यहाँ मिलने वाले समोसा, पकौड़े, छोले-भटूरे और चाय जैसी चीज़ों के दाम बढ़ गए हैं। दुकानदारों का कहना है कि सिलेंडर अब 200S300 रुपये तक महंगा पड़ रहा है, जिससे लागत बढ़ गई है। कुछ विक्रेताओं ने कीमत बढ़ाई है तो कुछ ने प्लेट की मात्रा कम कर दी है। इसका सीधा असर ग्राहकों की जेब पर पड़ रहा है।

## एचपीसीएल प्लांट डबल मर्डर एसआईटी पर भरोसा नहीं, सीबीआई जांच की मांग

**बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता।** एचपीसीएल प्लांट में हुए दोहरे हत्याकांड को लेकर सपा सांसद आदित्य यादव ने प्रदेश सरकार पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ द्वारा गठित एसआईटी पर उन्हें भरोसा नहीं है और मामले की जांच सीबीआई से कराई जानी चाहिए। सांसद ने जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को भी इस घटना के लिए जिम्मेदार ठहराया है। उनका कहना है कि मृतकों ने 14 जनवरी को ही डीएम और एसएसपी से शिकायत की थी, लेकिन उस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। यदि समय रहते कार्रवाई होती तो शायद यह घटना टाली जा सकती थी। पुलिस के अनुसार, मामले में आरोपी अजय प्रताप सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है। बताया जा रहा है कि वह प्लांट का ब्लैकलिस्टेड वेंडर था और उसी ने प्लांट के दो अधिकारियों की हत्या की थी।

## तेज हवा और बारिश से फसलों को नुकसान, किसान चिंतित

**बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिले में देर रात से चल रही तेज हवाओं और रविवार को हुई हल्की बारिश से किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचा है। बदायूं शहर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में कई जगह गेहूं की फसल खेतों में गिरकर बिछ गई है, जबकि सरसों की फसल पर भी इसका असर देखा जा रहा है। अचानक बदले मौसम से किसान काफी चिंतित हैं। किसानों के अनुसार इस समय गेहूं की फसल पकने की स्थिति में है और तेज हवाओं के कारण फसल के गिर जाने से दाना पतला होने की आशंका बढ़ गई है। इससे पैदावार में भारी कमी आ सकती है। किसानों का कहना है कि यदि मौसम इसी तरह बना रहा तो गेहूं की उपज आधी तक रह सकती है। वहीं सरसों की फसल भी पूरी तरह पक चुकी थी। कुछ किसानों ने सरसों की कटाई कर ली थी, जबकि कई खेतों में अभी कटाई बाकी थी। बारिश के कारण खेतों में कटी पड़ी सरसों भीग गई है, जिससे दाने खराब होने का खतरा बढ़ गया है। जिन खेतों में सरसों की कटाई नहीं हुई है, वहां भी नुकसान की आशंका जताई जा रही है।किसानों का कहना है कि यदि लगातार बारिश और तेज हवाओं का सिलसिला जारी रहा तो खेतों में खड़ी गेहूं की फसल को और अधिक नुकसान हो सकता है, जिससे उनकी मेहनत पर पानी फिरने का खतरा बना हुआ है।

## अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने वाले होटल मालिक का बेटा व मैनेजर गिरफ्तार

**बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिले के दातागंज कस्बे में एक होटल में प्रेमी जोड़ों की गुप्त रूप से वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए होटल मालिक के बेटे और होटल के मैनेजर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार आरोप है कि दोनों आरोपी होटल में ठहरने आने वाले प्रेमी जोड़ों के कमरे में चोरी-छिपे वीडियो बना लेते थे। बाद में वे उन वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर उनसे पैसे की मांग करते थे। इस तरह से कई लोगों को ब्लैकमेल किए जाने की आशंका जताई जा रही है। मामले की जानकारी तब सामने आई जब एक पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की। शिकायत के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू की और दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि इस गिरोह ने अब तक कितने लोगों को अपना शिकार बनाया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है किमामले की गहन जांच की जा रही है। यदि जांच में और लोग शामिल पाए जाते हैं तो उनके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## हैंडपंप के पानी में कीड़े, ग्रामीणों ने की स्वच्छ पानी की मांग

**बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कोतवाली उझानी क्षेत्र के अढौली गांव में इंडिया मार्का हैंडपंप के पानी में कीड़े निकलने से ग्रामीण चिंतित हैं। रविवार सुबह कुछ महिलाओं ने ग्राम सभा की जमीन में लगे हैंडपंप से पानी लिया, तो घर जाकर देखा कि बाल्टी में छोटे-छोटे कीड़े तैर रहे थे।ग्रामीणों ने हैंडपंप से पानी निकाल कर कपड़े से छाना, जिसमें भी कीड़े दिखाई दिए। इस पर ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान को सूचना दी। प्रधानपति खेमकरण ने बताया कि हैंडपंप को बंद कर साफ-सफाई के बाद दोबारा चालू करायाजाएगा। ग्रामीणों ने खंड विकास अधिकारी सर्वज्ञ अग्रवाल से मांग की है कि हैंडपंप की दोबारा बोरिंग कराकर उन्हें स्वच्छ पानी उपलब्ध कराया जाए, ताकि गांव में किसी भी संक्रामक रोग का खतरा न रहे।

## नहर में नहाने गए तीन दोस्तों में से एक डूबा, गोताखोर तलाश में जुटे

औरैया। उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद में थाना बेला क्षेत्र के गांव याकूबपुर से निकली नहर में रविवार दोपहर दोस्तों के साथ नहाने गया एक व्यक्ति डूब गया। सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से उसकी तलाश शुरू कर दी गई। जानकारी के अनुसार विदान बंगाली (45), शेखर और विवेक निवासी बंगाली कॉलोनी महेंद्र नगर, थाना रसूलाबाद, जिला कानपुर देहात मोटरसाइकिल से याकूबपुर नहर पर नहाने के लिए आज पहुंचे। बताया जा रहा है कि तीनों लोग डमरपुर झाल के पास नहर में नहा रहे थे, तभी अचानक विदान बंगाली गहरे पानी में जाने से डूबने लगा। उनके साथ मौजूद शेखर और विवेक किसी तरह नहर से बाहर निकल आए और विदान नहर के पानी में लापता हो गया। घटना के बाद आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया और तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही थाना बेला पुलिस मौके पर पहुंच गई और स्थानीय लोगों की मदद से तलाश शुरू कराई गई। देर शाम तक गोताखोरों को बुलाकर नहर में डूबे व्यक्ति की तलाश जारी रही, लेकिन समाचार लिखे जाने तक उसका कोई पता नहीं चल सका था। थानाध्यक्ष गंगादास गौतम ने बताया कि गोताखोरों की मदद से लगातार सर्च अभियान चलाया जा रहा है और लापता व्यक्ति को खोजने का प्रयास किया जा रहा है।

# छात्र पंचायत ने उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती आयोग के अध्यक्ष का फूका पुतला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । राष्ट्रीय छात्र पंचायत की कार्यकर्ताओं के द्वा रा एलबीएस चौराहे पर उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती आयोग के अध्यक्ष का पुतला फूंका इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवम पांडे ने बताया की कल यूपीएसआई की परीक्षा के गलियारों में जो हुआ वह केवल एक प्रश्न नहीं था वही देश के एक गौरव शाली समाज की जड़ों पर प्रहार था मैं पूछना चा हता हूँ उस चयन बोर्ड से उन्नति निर्धारकों से क्या उनकी कलम इतनी कुंठित हो गई है कि उनको

परीक्षा के सवालों में ब्राह्मणवाद दिखने लगा है जिस ब्राह्मण समाज ने देश को मंगल पांडे और चंद्रशेखर आजाद जैसे क्रांतिकारी दिए क्या आज सरकारी तंत्र उन्हें अवसर वादी कहकर प्रमाणित करेगा....? वही छात्र नेता सूरज शुक्ला ने



सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ से मांग की है कि उस अपमान जनक प्रश्न को तुरंत निरस्त किया जाए तथा पेपर सेट करने वाली एजेंसी को ता उम्र के लिए ब्लैकलिस्टेड किया जाए और पुलिस भर्ती बोर्ड सामाजिक रूप से माफी मांगे इस अवसर पर जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र शुक्ला,रंजीत पांडेय,नीरज,शह जाद,आलोक पांडे,उमंग मिश्रा,हिमांशु तिवारी,सोनू आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नाला निर्माण पर विवाद,विद्यालय प्रबंधक ने की शिकायत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा ।जिले के करनैलगंज क्षेत्र में सरयू महाविद्या लय मार्ग पर जे.पी.ओ.पी. विद्यालय के पास कराए जा रहे नाला निर्माण को लेकर विवाद गहराता जा रहा है।विद्यालय के प्रबंधक ने निर्माण कार्य में अ नियमितता और तकनीकी खामियों का आरोप ल गाते हुए मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकाय त दर्ज कराई है।साथ ही उन्होंने जिलाधिकारी से मामले में हस्तक्षेप कर जांच कराने की मांग की है प्रबंधक का कहना है कि नाला निर्माण कार्य निर्धा रित योजना के अनुरूप नहीं कराया जा रहा है, जि ससे भविष्य में क्षेत्र में जलभराव की समस्या पैदा हो सकती है।उन्होंने इसे जनहित और छात्रहित से जुड़ा गंभीर मामला बताते हुए जल्द कार्रवाई की मांग की है।शिकायत में बताया गया है कि नगर पालिका परिषद कर्नलगंज द्वारा सरयू महाविद्याल य मार्ग पर नाला निर्माण कराया जा रहा है।नियमा नुसार नाले को सीधे पुल से जोड़ा जाना चाहिए था।लेकिन आरोप है कि कार्यदायी संस्था



नाले को सीधा ले जाने के बजाय मुख्य सड़क को तोड़कर दूसरी दिशा में मोड़ने का प्रयास कर रही है।विद्या लय प्रबंधक के अनुसार जिस दिशा में नाले को मो ड़ा जा रहा है, वहां जमीन का ढाल अधिक है।ऐसे में बरसात या अधिक पानी आने की स्थिति में ना ले का पानी ओवरफ्लो होकर सड़क पर फैल सक ता है।इससे न केवल सड़क पर जलभराव की सम स्या बढ़ेगी, बल्कि आसपास के लोगों और विद्या र्थियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ सक ता है।विद्यालय के प्रबंधक ने यह भी कहा कि जे. पी.ओ.पी.विद्यालय में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं पढ़ने आते हैं।यदि नाले का निर्माण तकनीकी मान कों के अनुसार नहीं किया गया तो बरसात के सम य पानी सड़क पर भर सकता है।इससे बच्चों के विद्यालय आने-जाने में दिक्कत होगी और दुर्घटना ओं का खतरा भी बढ़ सकता है,उन्होंने यह भी आ रोप लगाया कि नाले को मोड़ने के लिए पहले से बनी पक्की सड़क को तोड़ा जा रहा है,जिससे सर कारी धन की बर्बादी हो रही है और आम जनता को भी आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।विद्यालय प्रबंधक ने जिलाधिकारी से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और संबंधित स्थल का स्थलीय निरीक्षण क राया जाए।उन्होंने प्रशासन से यह भी अनुरोध कि या है कि जब तक जांच पूरी न हो, तब तक सड़क को तोड़ने और नाले को मोड़ने की कार्रवाई पर रो क लगाई जाए साथ ही उन्होंने सुझाव दिया है कि नाले के निर्माण को उसकी स्वाभाविक दिशा में र खते हुए सीधे पुल से जोड़ा जाए, ताकि भविष्य में जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो और क्षेत्र के लो गों तथा विद्यार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी न उठानी पड़े।प्रबंधक ने उम्मीद जताई है कि प्रशा सन जनहित और छात्रहित को ध्यान में रखते हुए इस मामले में जल्द उचित कार्रवाई करेगा।

# गैस एजेंसियों के बाहर लगी लंबी कतारें बुकिंग के बाद भी नहीं मिल रहे गैस सिलिंडर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले में कई दिनों से एलपीजी गैस सिलेंडर की किल्लत बनी हुई है।बुकिंग के बाद भी उपभो क्ताओं को गैस सिलिंडर नहीं मिल पा रहे हैं। घरों में चूल्हे ठंडे पड़े हैं।रविवार को भी जिलेभर में गैस की कमी से लोग जूझते रहे।गैस एजेंसियों के बाह र सुबह से ही उपभोक्ताओं की लंबी कतारें देखी गईं,शहर के बहराइच रोड पर स्थित श्री साई सद्धि भारत गैस गैस एजेंसी और स्टेशन रोड स्थित साहू गैस एजेंसी के बाहर भी ऐसा ही नजारा था।उपभो क्ताओं ने बताया कि पहले बुकिंग नंबर लगाने में दिक्कत आती है।बुकिंग सर्वर डाउन होने की बात कहकर पर्ची नहीं दी जाती।ऑफिस से पर्ची मिल ने के बाद भी गोदाम पर सिलिंडर के लिए घंटों इंत जार करना पड़ता है,और कई बार उन्हें खाली हाथ लौटा दिया जाता है,प्रशासन लगातार जिले में पर्या प्त एलपीजी गैस होने का दावा कर रहा है लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है।गृहणियों ने खा ना पकाने के लिए इंडक्शन जैसे वैकल्पिक साध नों का सहारा



लेना शुरू कर दिया है।उपभोक्ताओं को पहले बुकिंग के लिए कठिनाई हो रही है। बुकिं ग होने के बाद भी उन्हें एजेंसी के बाहर घंटों लाइ न में लगकर पर्ची लेने के लिए संघर्ष करना पड़ता है।पर्ची मिलने के बाद गोदाम पर सिलिंडर न होने की बात कहकर उपभोक्ताओं को लौटाया जा रहा है।इस स्थिति से लोगों में भारी आक्रोश है और वे जल्द समाधान की मांग कर रहे हैं।

## तीन से चार दिन में होगी गैस की डिलीवरी

एलपीजी गैस की मांग अधिक होने के कारण डि लीवरी में समय अधिक लग रहा है। कई एजेंसियों पर हॉकर न होने के कारण भी उपभोक्ताओं तक सिलिंडर पहुंचने में समय लग रहा है।पहले बुकिंग कराने के दो दिन बाद सिलिंडर पहुंचता था, लेकि न अब तीन से चार दिन लग सकते हैं।यदि इसके बाद भी घर पर सिलिंडर नहीं पहुंचता है तो उपभो क्ताओं पर्ची के साथ गोदाम पर जाकर सिलिंडर ले स कते हैं।पूर्ति निरीक्षक ने बताया कि गोदाम पर भी सिलिंडर न मिलने की स्थिति में हेल्पलाइन नंब र पर अवगत कराएं।

# पर्यावरणविदों व समाज सेवियों की हुई महत्वपूर्ण बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। सनातन समाज एवं जल व पर्यावरण संरक्षण परिक्षेत्र में कार्य करने वाले पर्यावरणविदों, समाजसेवियों की महत्वपूर्ण बैठक विशिष्ट अतिथि गृह में सम्पन्न हुआ। आयोजित बैठक में प्रस्तावित गोमती दर्शन यात्रा आयोजन के संथबंध में चर्चा परिचर्चा का आयोजन कर प्रथम चरण यात्रा (माँ गोमती ) उद्गम माधव टांडा से लखनऊ गोमती तट कुड़िया घाट को अंतिम स्वरूप दिया गया इस हेतु जन जागरण के लिए विशेष कार्ययोजना भी बनाई गई। प्रस्तावित गोमती दर्शन यात्रा विषयक पर परिचर्चा करते हुए संयोजक (सह संयोजक गंगा समग्र अवध प्रान्त)अनुराग पांडेय ने बताया कि 28 मार्च शनिवार को गोमती दर्शन यात्रा का प्रथम चरण माँ गोमती उद्भव माधव टांडा से प्रदेश के ख्यातिलब्ध पर्यावरणविद राजनेताओं, जनप्रतिनिधियों थतथा धार्मिक, धार्मिक संत महात्माओं की उपस्थिति में सुरु होगा। समापन 4 अप्रैल 2026 को (कुड़िया घाट) गोमती नदी तट लखनऊ में सम्पन्न होगा। एकल संगठन प्रकल्प (अवध क्षेत्र सचिव)



संजीव कुमार ने बताया कि प्रस्तावित गोमती दर्शन यात्रा को अंतिम स्वरूप देने के लिए सामूहिक क़ावायद सुरु किया गया है यात्रा के दौरान जल व पर्यावरण संरक्षण विषयक को लेकर चिन्हित स्थलों पर चौपाल का आयोजन कर लोगों के साथ गोमती नदी का महिमामंडन किया जाएगा। रूल ऑफ लॉ सोसाइटी अध्यक्ष सोमेश वर्धन सिंह एडवोकेट ने बताया कि प्रस्तावित यात्रा को प्रभावी बनाने के लिए चिन्हित यात्रा स्थल में क्षेत्रीय सामाजिक व धार्मिक संगठनों से जुड़े लोगों की टीम गठित कर जन जागरण अभियान सुरु किया गया है और लोगो को पर्यावरण व जल संरक्षण की महत्ता से अवगत कराया जा रहा है। महामना मालवीय मिशन अध्यक्ष (अवध) संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट ने बताया कि समूचे प्रदेश के नदी, झील, पोखरा व तालाबो को सदा नीरा व सदा सरीला-अविरल बनाये रखने के लिए समान विचारधारा वाले सामाजिक तथा धार्मिक संगठनों से समन्वय बनाकर नदियों को स्वच्छ व पवित्र बनाये रखने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है तथा जल व पर्यावरण संरक्षण के लिए पंचवटी प्रजाति के वृक्षों का रोपण भी किया जा रहा है।आयोजित बैठक में विशेष रूप से उपस्थित वन एवं पर्यावरण मंत्री उत्तर प्रदेश डॉ अरुण कुमार सक्सेना ने प्रस्तावित गोमती दर्शन यात्रा को पर्यावरण व जल संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण बताया तथा यात्रा को सफल एवं दूरगामी बनाने के लिए हर संभव सहयोग के लिए आश्वस्त किया।कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी अंकुर सक्सेना ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन अध्यक्ष (गोमती दर्शन) श्वेता सिंह व अध्यक्षता महामंडलेश्वर स्वामी शिवानंद जी महाराज ने किया।समापन अवसर पर गोमती नदी को पौराणिक एवं पवित्र बताते हुए उपस्थित लोगों ने गोमती नदी को रुहेलखंड व तराई का जीवन रेखा बताते हुए इसकी पवित्रता, पेय जल तथा आचमन जल बनाये रखने के लिए सामूहिक संकल्प भी लिया।

# नानपारा की महात्मा बुद्ध शाखा में नए सत्र के पदाधिकारियों का हुआ चयन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। भारत विकास परिषद की सभी शाखाओं के नवीन सत्र अप्रैल 2026 से मार्च 2027 हेतु पदाधिकारियों के चुनाव घोषित किए गए हैं। इसी क्रम में महात्मा बुद्ध शाखा नानपारा में पदाधिकारियों के चुनाव के लिए बैठक बाबू कृष्ण कुमार श्रीवास्तव वाचनालय/सभागार, नानपारा में आयोजित की गई। चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में बहराइच से जयप्रकाश सक्सेना और बैजनाथ रस्तोगी उपस्थित रहे। मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर तथा वंदे मातरम् के साथ बैठक का शुभारंभ हुआ। सर्वप्रथम सचिव उमेश चंद्र शाह ने शाखा के गठन के बाद किए गए कार्यों का उल्लेख करते हुए आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया। चुनाव पर्यवेक्षक श्री सक्सेना द्वारा नए दायित्व धारियों के चयन की



प्रक्रिया प्रारंभ की गई। अध्यक्ष पद के लिए सुरेश चंद्र शाह ने धर्मेंद्र कान्त श्रीवास्तव का नाम पुनः प्रस्तावित किया, जिसका अनुमोदन अनुराग श्रीवास्तव एवं आदर्श त्रिपाठी ने किया। इस प्रकार धर्मेंद्र कान्त श्रीवास्तव अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए। सचिव पद के लिए प्रेमनाथ मिश्रा ने उमेश चंद्र शाह का नाम प्रस्तावित किया, जिसे मनोज तिवारी एवं आनंद रस्तोगी ने अनुमोदित किया। कोषाध्यक्ष पद के लिए सुशील कुमार श्रीवास्तव का नाम राजेंद्र प्रसाद मित्तल ने प्रस्तावित किया, जिसका अनुमोदन शिवकुमार वैश्य एवं संत बहादुर वर्मा ने किया। महिला संयोजक (गतिविधि) के रूप में श्वेता सिंह पुनः निर्वाचित हुईं। सभी उपस्थित सदस्यों ने करतल ध्वनि से चयनित पदाधिकारियों का स्वागत किया। बैठक में आदर्श त्रिपाठी, अमित पांडे, विनोद सिंघानिया, पंकज सिंह, गोपाल टेकड़ीवाल, राघवेंद्र सिंह तथा नयन जायसवाल की उपस्थिति में चुनाव प्रक्रिया का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# पुलिस भर्ती परीक्षा केंद्रों का आईजी ने किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । आईजी अमित पाठक ने उत्तर प्रदेश निरीक्ष क नागरिक पुलिस भर्ती की लिखित परीक्षा को निष्पक्ष,शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जनपद विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरी क्षण किया,निरीक्षण के दौरान आईजी अमित पाठ क ने द्वितीय पाली की परीक्षा के दौरान गोंडा के प रीक्षा केंद्र श्री गाँधी विद्या मन्दिर इण्टर कालेज रा धाकुण्ड गोण्डा,श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री काले ज का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्रों की व्यवस्थाओं, सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों की बैठने की व्यवस्था,प्रश्नपत्र वितरण तथा परीक्षा की समुचित निगरानी का जायजा लिया और सभी केंद्रों पर परीक्षा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से संचालित होती पा ई गई।इस दौरान संबंधित अधिकारियों एवं



केंद्र व्यवस्थापकों को परीक्षा की शुचिता एवं पारदर्शि ता बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी दि ए गए।साथ ही यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि परीक्षा प्रक्रिया पूरी तरह नकलविहीन एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न हो।प्रशासन द्वारा परीक्षा को सकुशल एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

# रमज़ान में मदरसा जमी अतुल मदीना फैजान अहमद रज़ा की पहल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। पवित्र रमज़ान माह के मौके पर मदरसा जमीअतुल मदीना फैजाने-ए-अहमद रज़ा, नानपारा की ओर से जरूरतमंदों की सहायता के लिए सराहनीय पहल की गई। मदरसा कमेटी और इस्लामी भाइयों के सहयोग से क्षेत्र के गरीब, बेवा महिलाओं और जरूरतमंद परिवारों के लिए विशेष रमज़ान राशन किट तैयार कर उनके घरों तक पहुंचाई गई। इस राशन किट में आटा, चावल, दाल, तेल, आलू, प्याज, सेवई, शक्कर सहित अन्य आवश्यक खाद्य सामग्री शामिल की गई, ताकि जरूरतमंद परिवार रमज़ान के मुबारक महीने में आसानी से रोज़ा रख सकें और इफ्तार का इंतज़ाम कर सकें। इस नेक कार्य में (जी एन आर एफ) का भी सहयोग रहा। यह संस्था दावत-ए-इस्लामी का एक सामाजिक सेवा विभाग है, जो देशभर में गरीबों की मदद, राशन वितरण, मेडिकल कैंप, आपदा राहत और अन्य जनकल्याणकारी कार्यों में सक्रिय रूप से कार्य करता है। मदरसा प्रबंधन और स्वयंसेवकों ने मिलकर यह सुनिश्चित किया कि राशन किट




**गरीबों और बेवाओं तक पहुंचाई राशन किट**

सीधे जरूरतमंद परिवारों के घर तक पहुंचाई जाए, जिससे उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इस सेवा कार्य से लाभार्थियों के चेहरों पर खुशी देखने को मिली और उन्होंने मदरसा कमेटी तथा सहयोगी संस्थाओं का आभार व्यक्त किया। मदरसा कमेटी के सदस्यों ने कहा कि रमज़ान का महीना रहमत और बरकत का महीना है और इस महीने में जरूरतमंदों की मदद करना सबसे बड़ा नेक काम है। उन्होंने समाज के अन्य लोगों से भी अपील की कि वे आगे आकर ऐसे सेवा कार्यों में सहयोग करें, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंदों तक मदद पहुंचाई जा सके।

# स्वास्थ्य सृजन अभियान के तहत कांग्रेस ने लगाया निशुल्क चिकित्सा शिविर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा स्वास्थ्य सृजन अभियान के तहत शहर के गोलवा घाट स्थित गौतम गाजी पाली क्लीनिक पर निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।इस शिविर में संगठन के प्रदेश महासचिव डॉक्टर अजीमुल्ला खान ने लगभग 110 मरीजों का उपचार कर निशुल्क दवाएं उपलब्ध कराईं। इस अवसर पर डॉ अजीमुल्ला खान ने मरीजों को सुझाव देते हुए कहा कि अपने शरीर का ध्यान रखना इस व्यस्त जीवन में बहुत आवश्यक है,अक्सर देखा जाता है कि लापरवाही करने से रोग गंभीर अवस्था में परिवर्तित हो जाता है जिससे परिवार को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।उन्होंने कहा




की सभी मरीजों को समय-समय पर अपना चेकअप अवश्य कराना चाहिए ताकि वह लेटेस्ट जानकारी से अवगत होते रहे। इस अवसर पर सभी आए हुए मरीजों को निशुल्क दवाई दी गई तथा शुगर एवं ब्लड प्रेशर की जांच कर उन्हें अवगत कराया गया। इस शिविर में महिलाओं,बूढ़ों,बच्चों एवं नौजवानों ने भाग लेकर इस बदलते हुए मौसम में निशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं दवाएं पाकर प्रसन्नता व्यक्त की।

## संगच्छध्वम परिवार के मंच से मंगल यादव की ध्वनि में गूंजेगी चैती फगुआ

वाराणसी । संगच्छध्वम परिवार की ओर से सोमवार 16 मार्च को लंका स्थित श्रीनाथ जी उपवन वाटिका में स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया गया है। इस समारोह में ख्याति प्राप्त लोकगीत कलाकार मंगल यादव की ध्वनि में फगुआ और चैती की प्रस्तुति होगी।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं मो. अब्बास Mo. Abbas पुत्र अलमदार हुसैन, ग्राम बौगाडा,पोस्ट वजीर गंज जनपद गोण्डा का निवासी हूँ। जब कि मेरे पासपोर्ट में त्रुटि वस मोहम्मद अब्बास **MOHAMMAD ABBAS** अंकित हो गया है, जबकि मेरा सही नाम मो.अब्बास Mo. Abbas है जो सत्य एवं सही है,जो मेरे सभी कागजात में लिखा हुआ है, इस नाम से मुझे जाना पहचाना जाए।

प्रार्थी
मो. अब्बास
पुत्र अलमदार हुसैन
ग्राम बौगाडा,
पोस्ट वजीर गंज
जनपद गोण्डा

# पूर्व मंत्री हेमराज वर्मा के सपा में शामिल होते ही घट गई सपा नेता धनपति वर्मा की लोकप्रियता

**पूर्व मंत्री हेमराज वर्मा एवं उनके भाई पूर्व ब्लाक प्रमुख अरुण वर्मा लगातार बरखेड़ा विधानसभा में कर रहे हैं आगामी विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर कार्य**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। पूर्व मंत्री हेमराज वर्मा के सपा में शामिल होते ही सपा नेता धनपति वर्मा के अरमानों पर फिर गया पानी समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता और उत्तर प्रदेश की सरकार में महत्वपूर्ण विभाग खाद्य रसद विभाग में रहे पूर्व मंत्री हेमराज वर्मा की लोकप्रियता किसी से छिपी नहीं है। समाजवादी पार्टी को छोड़कर भाजपा में शामिल हुए पूर्व हेमराज वर्मा का भाजपा से कुछ ही दिनों में मोह भंग हो गया और उन्होंने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के समक्ष प्रस्तुत होकर समाजवादी पार्टी का दामन थाम लिया है। पूर्व मंत्री हेमराज वर्मा के समाजवादी पार्टी में शामिल होने पर कई दिनों से बरखेड़ा विधानसभा में कार्य कर रहे सपा नेता धनपति वर्मा के अरमानों पर पानी फिर गया है।



क्योंकि बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र में जो पूर्व मंत्री हेमराज वर्मा का दबदबा है वह किसी अन्य सपा नेता का नहीं हो सकता है। हर जाति हर धर्म के लोगों में उनकी अच्छी पकड़ है।लगातार बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र में उनका वर्चस्व रहा है। जो आज भी कायम है और सूत्रों की माने ने तो पूर्व मंत्री हेमराज वर्मा बरखेड़ा विधानसभा से आगामी विधानसभा चुनाव 2027 में बरखेड़ा विधानसभा से ही लड़ेंगे पूर्व मंत्री हेमराज वर्मा लगातार बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं। और उत्तर प्रदेश की अखिलेश सरकार द्वारा किए गए कार्यों के जनता के बीच में रहकर गिना रहे है।बड़े ही सज्जन और शालीनता के प्रतीक पूर्व मंत्री हेमराज वर्मा और उनके भाई पूर्व ब्लाक प्रमुख अरुण वर्मा भी लगातार क्षेत्र में सक्रिय होकर जनता के बीच जाकर सुख और दुख बांट रहे हैं। पूर्व मंत्री हेमराज वर्मा का कहना है कि आने वाले विधानसभा चुनाव 2027 में समाजवादी पार्टी की ही सरकार बनेगी प्रदेश में मुख्यमंत्री के पद पर अखिलेश यादव असीन होंगे।

# पूरनपुर जाने से रोके गए कांग्रेसी कलीनगर में कई नेता हाउस अरेस्ट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। जनपद बदायूं में तीन दिन पूर्व मारे गए एचसीपीएल के डिप्टी मैनेजर एवं पूरनपुर निवासी हर्षित मिश्रा के परिजनों से मिलने की सूचना पर पुलिस प्रशासन सतर्क हो गया। प्रशासन ने किसी भी कांग्रेसी नेता को पूरनपुर जाने की अनुमति नहीं दी और कई नेताओं को उनके घरों में ही नजरबंद कर दिया।कांग्रेस के पूर्व विधायक संजय कपूर और जिलाध्यक्ष हरप्रीत सिंह चब्बा समेत कई नेताओं ने पूरनपुर पहुंचकर हर्षित मिश्रा के परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त करने की घोषणा की थी। इससे पहले ही बरेली मंडल का पुलिस प्रशासन सक्रिय हो गया और रामपुर, बरेली तथा पीलीभीत के कई कांग्रेसी नेताओं को नजरबंद कर दिया गया।

कलीनगर क्षेत्र में कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष जाहिद खान सहित कई कार्यकर्ताओं को घर में ही हाउस अरेस्ट कर दिया गया। नेताओं का कहना है कि



उन्हें पूरनपुर जाने से रोक दिया गया और घरों से बाहर निकलने की अनुमति भी नहीं दी गई।ब्लॉक अध्यक्ष जाहिद खान ने इसे लोकतंत्र के लिए खतरा बताते हुए कहा कि भाजपा सरकार और प्रशासन की संवेदनाएं समाप्त हो गई हैं। उनका कहना है कि इतने गंभीर मामले में भी प्रशासन द्वारा नेताओं को पीड़ित परिवार से मिलने से रोकना संवेदनहीनता को दर्शाता है।

## सपाइयों ने कांशीराम की जयंती दलित बस्ती में मनाकर सामाजिक एकजुटता और समानता का संदेश दिया

पीलीभीत।बहुजन समाज के महान नेता और सामाजिक न्याय के पुरोधा कांशीराम की जयंती के अवसर पर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने दलित बस्ती में कार्यक्रम आयोजित किया इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके विचारों को याद किया कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि कांशीराम ने अपना पूरा जीवन दलित, पिछड़े और वंचित समाज के अधिकारों के लिए समर्पित किया उनके संघर्ष और विचार आज भी समाज को बराबरी और अधिकारों के लिए जागरूक करते हैं सपाइयों ने दलित बस्ती में जाकर लोगों के साथ मिलकर जयंती मनाई और सामाजिक एकता का संदेश दिया इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कहा कि समाज में भाईचारा और समान अधिकार ही कांशीराम को सच्ची श्रद्धांजलि होगी इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष आनंद सिंह यादव, इजहार मलिक, इदरीश अंसारी, मुकेश कुमार, संदीप सक्सेना, दीपक मिश्रा, शालिग्राम, हरीशंकर, सौरभ कुमार, कमल तिवारी, रामभजन, राम कुमार जाटव, सूरजपाल, भारती, कल्लूराम जाटव, अमरदीप बाल्मीकि, सुमित बाल्मीकि, नरेश कुमार गौतम, अनूप वर्मा और कुलदीप सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# सीएमओ की छत्रछाया में आए दिन हो रही हैं घटनाएं प्रसव के बाद महिला की मौत पर अस्पताल के बाहर हंगामा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।पूरनपुर में एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां प्रसव के बाद एक महिला की मौत हो जाने से परिजनों में आक्रोश फैल गया घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा किया और चिकित्सकीय लापरवाही का आरोप लगाया पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव कपूरपुर के रहने वाले सोनू ने बताया कि उसकी पत्नी रूबी को पूरनपुर के बण्डा रोड स्थित नारायणपुर मे गुरुकृपा हॉस्पिटल मे खासी की दवाई दिलाने लाए थे मृतक रूबी का नौ महीने पूरी हो चुके थे तो मायादेवी ने कहा नौ महीने पूरे हो डिलीवरी कर देते है और भर्ती कर लिया 14 तारीख की दोपहर भर्ती कर लिया और 4 बजे पुत्र का जन्म हुआ उसके बाद से लगातार स्वस्थ मे कोई सुधार नही हुआ और रात एक बजे हाइयर सेन्टर या पीलीभीत ले जाने की




सलाह दी बरेली ले जाते समय रास्ते मे ही दम तोड़ दिया परिजनों का आरोप की यहां मौजूद अनट्रेंड डॉक्टर द्वारा महिला की नॉर्मल डिलीवरी कराई गई डिलीवरी के बाद अचानक महिला की हालत बिगड़ने लगी परिजनों का आरोप है कि समय पर सही इलाज और विशेषज्ञ डॉक्टर की व्यवस्था नहीं की गई, जिससे महिला की स्थिति लगातार गंभीर होती चली गई बताया जा रहा है कि हालत ज्यादा बिगड़ने पर उसे दूसरे अस्पताल रेफर करने की बात कही गई, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी और रास्ते में ही महिला ने दम तोड़ दिया। महिला की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया मृतका अपने पीछे तीन छोटे-छोटे बच्चों को छोड़ गई है, जिसमें स्वाति और गोरा उम्र 2,4 पुत्रियां है। नवजात दुधमुंहा बच्चा भी है मां के अचानक चले जाने से बच्चों के सिर से मां का साया उठ गया, जिससे पूरे गांव में शोक की लहर है घटना से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने अस्पताल पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया और कार्रवाई की मांग की। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने लोगों को समझाने का प्रयास किया बताया जा रहा है कि मामले को शांत कराने के लिए दोनों पक्षों के बीच समझौते का प्रयास भी किया फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जानकारी जुटा रही है वहीं इस घटना के बाद क्षेत्र में अवैध रूप से चल रहे क्लीनिकों और अनट्रेंड डॉक्टरों पर भी सवाल खड़े हो गए हैं।

## हर्षित मिश्रा हत्याकांड में सियासत तेज, कांग्रेसी नेताओं ने परिजनों से की मुलाकात

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। मोहल्ला साहूकारा लाइनपार निवासी हर्षित मिश्रा जो हिंदुस्तान पेट्रोलियम में असिस्टेंट मैनेजर के पद पर बदायूं में तैनात थे, की गुरुवार को प्लांट में आयोजित बैठक के दौरान गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस घटना के बाद से परिजनों में गहरा आक्रोश है और वे पुलिस की कार्रवाई से संतुष्ट नहीं हैं। परिजनों ने मामले में कंपनी के बड़े अधिकारियों की मिलीभगत की आशंका जताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। मृतक के पिता सुशील मिश्रा और भाई वैभव मिश्रा ने पूरे प्रकरण की सीबीसीआईडी जांच कराने की मांग करते हुए कहा कि आरोपी को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है, जिसके कारण निष्पक्ष कार्रवाई नहीं हो पा रही है। इसी बीच उत्तर प्रदेश कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल रविवार को पीड़ित परिवार से मिलने पूरनपुर पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल में पूर्व विधायक संजय कपूर और पूर्व विधायक धीरेंद्र प्रसाद के साथ अनूप वर्मा, कुमुद गंगवार, कांग्रेस जिला अध्यक्ष हरप्रीत सिंह चब्बा और शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्रीकृष्ण गंगवार शामिल रहे। कांग्रेस नेताओं के आगमन को लेकर पुलिस ने एहतियातन कुछ कांग्रेस पदाधिकारियों को होम अरेस्ट कर लिया था, जबकि कुछ नेता पुलिस की नजरों से बचकर पीड़ित परिवार तक पहुंचने में सफल रहे।प्रतिनिधिमंडल ने हर्षित मिश्रा के घर पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की और शोक संवेदना व्यक्त की।इसके बाद रविवार दोपहर करीब 2:30 बजे प्रेसवार्ता करते हुए कांग्रेस नेताओं ने पीड़ित परिवार को भरोसा दिलाया कि उन्हें सड़क से लेकर संसद तक न्याय दिलाने के लिए संघर्ष किया जाएगा। इस दौरान पुलिस की कार्रवाई को लेकर कांग्रेस नेताओं में नाराजगी भी देखने को मिली।

## टाइगर रिजर्व में बाघ भालू की साथ-साथ मौजूदगी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश का टाइगर रिजर्व अपनी समृद्ध जैव विविधता और घने साल वनों के लिए जाना जाता है। हाल के समय में यहाँ बाघ और भालू की एक ही क्षेत्र में या लगभग एक ही समय में साइटिंग देखी जा रही है, जिसने वन्यजीव प्रेमियों और शोधकर्ताओं का ध्यान आकर्षित किया है। विशेषज्ञों के अनुसार यह जंगल के स्वस्थ पारिस्थितिकी तंत्र का संकेत हो सकता है। बाघ एक शीर्ष शिकारी है, जबकि भालू मुख्यतः सर्वाहारी होता है और फल, कीट, शहद तथा छोटे जीवों पर निर्भर रहता है। भोजन की अलग-अलग आदतों के कारण दोनों प्रजातियों के बीच सीधी प्रतिस्पर्धा कम होती है, जिससे वे एक ही क्षेत्र में बिना टकराव के रह सकते हैं। हालांकि कभी-कभी अचानक आमना सामना होने पर संघर्ष की स्थिति भी बन सकती है। अख्तर मियां खान अध्यक्ष टरक्वाइज वाइल्डलाइफ कंजर्वेशन सोसाइटी, पीलीभीत का मानना है कि पर्याप्त भोजन, पानी और सुरक्षित आवास होने पर ही अलग-अलग प्रजातियाँ संतुलित रूप से रहती हैं। इसलिए इस तरह की साइटिंग जंगल के बेहतर संरक्षण का संकेत भी मानी जा रही है।

## मार्च में लौटी जनवरी जैसी ठंड, पूरनपुर में तेज हवाओं संग रिमझिम बारिश

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर व देहात क्षेत्र में मौसम ने अचानक करवट ले ली। तेज हवाओं के साथ शुरू हुई रिमझिम बारिश ने मार्च महीने में ही लोगों को जनवरी जैसी ठंड का अहसास करा दिया। सुबह तक मौसम सामान्य और हल्की धूप निकली हुई थी, लेकिन दोपहर होते-होते आसमान में काले बादल छा गए और ठंडी हवाएं चलने लगीं। इसके बाद हल्की बारिश शुरू हो गई, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई। अचानक बदले मौसम से जहां लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली, वहीं ठंडी हवाओं के चलते लोगों को फिर से ठंड महसूस होने लगी। बाजारों और सड़कों पर सन्नाटा छाया रहा, किसान भी मौसम के इस बदलाव को लेकर सतर्क दिखाई दिए।

## बरखेड़ा के भाजपा नगर पंचायत अध्यक्ष डी. के पर एफआईआर दर्ज

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। बरखेड़ा नगर पंचायत अध्यक्ष डी के गुप्ता की धमकी भरी वायरल ऑडियो का मामला तूल पकड़ गया है गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी की ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पीड़ित संतोष वर्मा ने पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाई और बिलसंडा के नगर पंचायत अध्यक्ष दिनेश कुमार उर्फ डी. के. गुप्ता के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया वही पीड़ित का आरोप है कि उसने पहले बिलसंडा थाने में शिकायत की थी, लेकिन मामला सत्ताधारी दल से जुड़े होने के कारण पुलिस ने करवाही नहीं की इसके बाद संतोष कुमार वर्मा ने पुलिस अधीक्षक से मिलकर पूरी घटना की जानकारी दी और कार्रवाई की मांग की मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर बिलसंडा पुलिस ने नगर पंचायत अध्यक्ष दिनेश कुमार उर्फ डी. के. गुप्ता के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## कुर्मी क्षत्रिय सभा का होली मिलन समारोह, फूलों की होली से दिया एकता का संदेश

बरेली । उत्तर प्रदेश के जनपद बरेली के ब्रह्मपुरा स्थित सरदार पटेल स्मारक कुर्मी क्षत्रिय छात्रावास में रविवार को कुर्मी क्षत्रिय सभा की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में परंपरा, संस्कृति और आपसी भाईचारे का सुंदर संगम देखने को मिला। समाज के लोगों ने एक-दूसरे को फूलों की होली खेलकर शुभकामनाएं दीं और एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक चौपाइयों के गान से हुई। इसके बाद सुबह करीब 11 बजे से फूलों की होली का आयोजन किया गया। समाज के लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल और फूलों से होली की बधाई दी। पूरे समारोह में सौहार्द और भाईचारे का माहौल बना रहा।

मुख्य अतिथि सांसद छत्रपाल गंगवार ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि दिलों को जोड़ने वाला पर्व भी है। जब समाज एकजुट होकर आगे बढ़ता है तो उसकी ताकत कई गुना बढ़ जाती है। ऐसे आयोजन लोगों को एक-दूसरे के करीब लाने और समाज को नई दिशा देने का काम करते हैं।

जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल ने कहा कि ऐसे आयोजनों के माध्यम से समाज के लोगों को एक-दूसरे से मिलने और बड़े-बुजुर्गों से शिष्टाचार भेंट करने का अवसर मिलता है। कुर्मी क्षत्रिय सभा के जिला अध्यक्ष एडवोकेट के.पी. सेन गंगवार ने कहा कि समाज की तरक्की आपसी सहयोग और मजबूत संगठन से ही संभव है। होली मिलन जैसे कार्यक्रम समाज के लोगों को जोड़ने और सामाजिक एकता को मजबूत करने का काम करते हैं। समारोह में सांसद छत्रपाल गंगवार, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड की अध्यक्ष श्रुति गंगवार, पूर्व विधायक छोटे लाल गंगवार, नगर पंचायत गुलड़िया के चेयरमैन के पति सुरेश चंद्र सिंह राठौर, प्रवेश राठौर, कर्नल पुरुषोत्तम सिंह, कुर्मी महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सी.एल. गंगवार सहित समाज के कई प्रमुख लोग मौजूद रहे। इसके अलावा रघुवीर सिंह गंगवार, प्रेम शंकर गंगवार, छत्रपाल सिंह गंगवार, आर.सी. लाल, मूलचंद गंगवार, आलोक गंगवार, एडवोकेट मनोज बाबू गंगवार, मीडिया प्रभारी देश दीपक गंगवार, अरविंद पटेल, एडवोकेट मुनेन्द्र गंगवार, डॉ. उग्रसेन गंगवार, युधिष्ठिर प्रसाद गंगवार, कृष्ण पाल सिंह, खेमेन्द्र पाल सिंह, वीरेश कुमार गंगवार, तेजपाल गंगवार, प्रमोद कुमार सिंह और भद्र पाल गंगवार समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# पुलिस ने दो दिन पूर्व गुमशुदा बालिका को रायबरेली के रेलवे स्टेशन से किया बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी,थाना गौरीगंज क्षेत्र के गांव मिश्रौली से लापता एक साढ़े सात साल की बालिका को रायबरेली के रेलवे स्टेशन से सकुशल बरामद कर परिजनों की मुस्कान लौटाई है। परिजनों ने पुलिस के प्रति आभार जताया है और पुलिस अधीक्षक ने गुमशुदा बालिका को सकुशल बरामद करने वाली टीम को दस हजार रुपये का इनाम देने की घोषणा की है। थाना क्षेत्र के गांव मिश्रौली वार्ड संख्या नौ निवासी संतोष जायसवाल पुत्र छोटेलाल जायसवाल द्वारा बीती तेरह मार्च को थाना गौरीगंज पर लिखित सूचना दी गयी कि बारह मार्च को उसकी पुत्री उम्र करीब सात वर्ष छह माह कहीं लापता हो गयी है।उक्त सूचना पर थाना गौरीगंज पुलिस ने गुमशुदगी का अभियोग दर्ज कर बालिका की तलाश में जुट गई।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर थाना गौरीगंज व स्वाट टीम की संयुक्त टीम द्वारा उक्त गुमशुदा की तलाश की जा रही थी।पुलिस टीम द्वारा तलाश के दौरान उक्त बच्ची के घर से रेलवे स्टेशन गौरीगंज तक के सीसीटीवी कैमरों के फुटेजों के अवलोकन के उपरान्त प्राप्त सुलभ साक्ष्यों के आधार पर रेलवे सुरक्षा बल,राजकीय रेलवे पुलिस को तलाश हेतु अलर्ट भेजा गया था। तलाश के क्रम में थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा गौरीगंज से रायबरेली तक के समस्त स्टेशनों की जांच करते हुये रायबरेली पहुंचकर जीआरपी रायबरेली से समन्वय स्थापित करने पर ज्ञात हुआ कि एक बच्ची रायबरेली स्टेशन पर बैठी मिली थी जिसे नियमानुसार कार्यवाही करते हुये चाइल्ड लाइन हेल्प लाईन 1098 पर सूचित करते हुये सुपुर्द किया गया था। थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा फोटो के माध्यम से उक्त बच्ची की पहचान की गई। बरामदगी के दौरान ज्ञात हुआ कि बच्ची के पिता जी कानपुर नगर में प्राइवेट कम्पनी में नौकरी करते हैं तथा सपरिवार वहीं रहते थे। करीब दस दिन पूर्व गौरीगंज में किराये पर कमरा लेकर बच्चों को गौरीगंज में ही शिफ्ट किया गया था जिससे बच्ची गौरीगंज के रास्तों से अंजान थी तथा घर से बाहर निकलने पर रास्ता भूल गयी थी। इस प्रकार घटना आपराधिक न होकर गुमशुदगी की है। इस सम्बंध में थाना गौरीगंज के प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार मिश्रा ने बताया कि पुलिस द्वारा परिजनों को बुलाया गया। बच्ची के परिजनों द्वारा बच्ची की पहचान की गई ।बच्ची के परिजनों द्वारा पुलिस के इस कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी व पुलिस को धन्यवाद दिया गया।

# अमेठी टीचर प्रीमियर लीग के फाइनल में पहुंची तिलोई और जगदीशपुर की टीमें

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । सम्राट ग्राउंड गौरीगंज में आयोजित अमेठी टीचर प्रीमियर लीग मैच के सुपर थ्री मुकाबले रविवार को बेहद रोमांचक रहे। दिन भर चले तीन मुकाबलों के बाद तिलोई और जगदीशपुर की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुये फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। अब टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला तिलोई और जगदीशपुर के बीच खेला जायेगा।पहला मुकाबला तिलोई ने जामो को पांच विकेट से हराया।सुपर थ्री के पहले मैच में जामो ने पहले बल्लेबाजी करते हुये बारह ओवर में छह विकेट के नुकसान पर एक सौ चौदह रन बनाये। जामो की ओर से अभय ने बाइस गेंदों में इकतीस रन, सूरज ने पच्चीस रन तथा मत्स्येंद्र ने दस गेंदों में बीस रन की तेज पारी खेली।तिलोई की ओर से अभिजीत और अजय मौर्य ने शानदार गेंदबाजी करते हुये दो दो विकेट हासिल किये। एक सौ पन्द्रह रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुये तिलोई की शुरुआत आक्रामक रही।तिलोई ने ग्यारह ओवर एक गेंद में पांच विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।सुपर थ्री के दूसरे मुकाबले में जगदीशपुर ने



पहले बल्लेबाजी करते हुए बारह ओवर में दो विकेट पर एक सौ बावन रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करते हुये तिलोई की ओर से विक्रम प्रताप ने ऐतिहासिक पारी खेली।उन्होंने मात्र सैंतीस गेंदों में एक सौ पांच रन बनाकर मैच का रुख पूरी तरह बदल दिया। उनकी पारी में दस छक्के और सात चौके शामिल रहे। विनीत ने भी सत्रह गेंदों में तीस रन बनाये। तिलोई ने यह लक्ष्य दस ओवर एक गेंद में दो विकेट खोकर हासिल कर लिया।विक्रम प्रताप को मैन ऑफ द मैच, चंदन को बेस्ट बल्लेबाज और अभ्येंद्र सिंह को बेस्ट गेंदबाज चुना गया। तीसरे मुकाबले में जगदीशपुर ने जामो को छह विकेट से हराया।सुपर थ्री के तीसरे मैच में जामो ने पहले बल्लेबाजी करते हुये बारह ओवर में छह विकेट पर एक सौ इकतालीस रन बनाये। अभय वर्मा ने इक्कीस गेंदों में इक्यावन रन और शिवम ने उनतालिस रन की पारी खेली।लक्ष्य का पीछा करने उतरी जगदीशपुर की टीम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुये नौ ओवर चार गेंदों में चार विकेट खोकर एक सौ बयालीस रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया।बलराम कुमार को मैन ऑफ द मैच, अभय वर्मा को बेस्ट बल्लेबाज और सत्यव्रत को बेस्ट गेंदबाज का पुरस्कार दिया गया।

# पुलिस अधीक्षक ने एसआई भर्ती परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । पुलिस अधीक्षक द्वारा यूपीएसआई परीक्षा निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके के सकुशल सम्पन्न कराने के उद्देश्य से परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया तथा ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। चौदह व पन्द्रह मार्च को उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड द्वारा जनपद में प्रस्तावित पुलिस उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों के लिये परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सकुशल सम्पन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. द्वारा परीक्षा के द्वितीय दिवस परीक्षा केन्द्र राजकीय बालिका इण्टर कालेज गौरीगंज, रणन्जय इण्टर कॉलेज गौरीगंज, श्री गोपाल इण्टर कॉलेज पण्डरी गौरीगंज व पुलिस कार्यालय में स्थापित इंटीग्रेटेड सीसीटीवी कन्ट्रोल



रूम का निरीक्षण किया गया तथा सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। इसके साथ ही द्वितीय पाली की परीक्षा में राजकीय बालिका इण्टर कालेज शाहगढ़ व गांधी इण्टर मीडिएट कालेज लच्छनशाह कका निरीक्षण किया और प्रत्येक अभ्यर्थी की सघन तलाशी लेकर एवं एचएचएमडी (हैण्ड हेल्ड मेटल डिटेक्टर) से स्कैन करने के बाद ही केन्द्र के अन्दर प्रवेश देना सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।केन्द्र के बाहर सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को अनावश्यक भीड़ जमा न होने, सड़क के किनारे खड़े वाहनों को पार्किंग स्थल पर ही पार्क कराने एवं यायाताय सुचारु रूप से संचालित कराने हेतु आवश्यक आदेश/निर्देश दिये गये। इंटीग्रेटेड सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम में निगरानी हेतु तैनात पुलिस कर्मियों को सतर्क दृष्टि रखते हुए परीक्षा केन्द्रों को बारीकी से निगरानी करते हुये निर्देशित किया गया।

# इमली के पेड़ की अवैध कटान पर तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

तिलोई अमेठी,थाना मोहनगंज क्षेत्र के गांव लक्ष्मणगंज मजरे असनी में बेखौफ लकड़ी कारोबारियों द्वारा वन कर्मियों की मिलीभगत से दिनदहाड़े हरियाली का कत्ल करने पर पुलिस ने कड़ा रुख अख्तियार किया है। पुलिस ने इमली के सोलह बोटा लकड़ी और करीब चार कुंतल जलौनी के साथ ही पिकअप को कब्जे में लेकर लकड़ी कारोबारी समेत तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।पुलिस की इस कार्यवाही ने वनकर्मियों की खाऊं कमाऊ नीति का खुलासा किया है। थाना क्षेत्र के गांव लक्ष्मणगंज मजरे असनी में वनकर्मियों की सांठगांठ से दिनदहाड़े प्रतिबंधित इमली के पेड़ को धराशायी कर दिया गया और मौका पाकर पिकअप से उक्त प्रतिबंधित लकड़ी को रस्तामऊ में ठिकाने लगाने का प्रयास किया जा रहा था तभी इस अवैध कटान की सूचना थाना मोहनगंज के इंस्पेक्टर राकेश कुमार सिंह तक पहुंच गई और कोतवाली प्रभारी राकेश सिंह ने मामले को गम्भीरता से लेते हुये लकड़ी लादकर निकली पिकअप संख्या यूपी 36 जी 0105 को धरदबोचा और पिकअप वाहन के कागजात मांगने पर नही दिखा सके जिसे सीजकर दिया है। बताते चलें कि वन रेंज तिलोई क्षेत्र में इन दिनों वन विभाग की मिलीभगत से नियमित प्रतिबंधित पेड़ो की कटान की जा रही है जिस पर वनकर्मी मूकदर्शक बन चंद कागज के टुकड़ों की खातिर वृक्षों की विनाशलीला देखते रहते हैं। वनकर्मियों की करतूतों से सरकार की छबि धूमिल हो रही है और लकड़ी कारोबारियों ने वृक्षारोपण अभियान की हवा निकाल कर रख दी है।कोतवाली प्रभारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि पिकप जिस पर लदी हुई इमली के छोटे बड़े बोटा कुल सोलह अदद मय चार कुंतल को कब्जे में लिया गया है और लकड़ी कारोबारी शमीम खान उर्फ सोनू पुत्र भोले खान निवासी ग्राम रस्तामऊ थाना मोहनगंज, मुस्तफा पुत्र सगीर निवासी ग्राम मोहनगंज मजरे भेलाई कला थाना मोहनगंज एवं वृक्ष स्वामी स्वामीनाथ पुत्र टिकई निवासी लक्ष्मणगंज मजरे असनी थाना मोहनगंज के खिलाफ उत्तर प्रदेश इमारती लकड़ी एवं वन संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्जकर लिया गया है। इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि प्रतिबंधित पेड़ो की कटान करने वाले लोगों को कतई बख्शा नहीं जायेगा।

## सम्पादकीय

# अनिद्रा की महामारी

भारतीय जन-जीवन में तेजी से घर करती डिजिटल जीवन शैली ने युवाओं की नींद को बुरी तरह प्रभावित किया है। जिसके चलते उनमें आक्रामकता, अवसाद व आत्महत्या की प्रवृत्ति विकसित हो रही है। देश-दुनिया में समय-समय पर आने वाले विभिन्न सर्वेक्षण इस संकट की ओर इशारा कर रहे हैं। लेकिन देश में किशोरों का स्क्रीन टाइम घातक ढंग से बढ़ रहा है। आमतौर पर चिकित्सा विशेषज्ञ मानते हैं कि किशोरों की सेहत के लिये आठ घंटे की नींद जरूरी होती है। हालांकि, कुछ विशेषज्ञ आठ घंटे के बजाय सात-छह घंटे की नींद को भी पर्याप्त मानते हैं, बशर्ते उसमें बीच में किसी तरह का व्यवधान न हो। लेकिन बिना किसी जरूरी काम के कथित सोशल मीडिया पर सक्रिय रहना आज के दौर में फैशन सा बन गया है। अमेरिका समेत कई पश्चिमी देशों में हुए हालिया शोध बताते हैं कि रात में जल्दी सोने व सुबह जल्दी उठने से बेहतर स्वास्थ्य बनता है। यह भारतीय जीवन दर्शन की अपरिहार्य धारणा भी रही है। लेकिन देश में पहले टीवी और अब मोबाइल फोन के अनियंत्रित उपयोग ने युवाओं की रात की नींद उड़ा दी है। जिसके चलते युवा पूरे दिन उखड़े-उखड़े और अशांत रहते हैं। उनमें आक्रामकता बढ़ रही है। फिर वे अवसाद के शिकार हो जाते हैं। बाधित नींद की इस स्थिति में कालांतर मन में आत्महत्या जैसे नकारात्मक भाव उमड़ने लगते हैं। एक सर्वे बताता है कि देश में 73 फीसदी दसवीं के छात्र आठ घंटे से कम की नींद सोते हैं। कलकत्ता स्लीप सोसाइटी के विशेषज्ञ बताते हैं कि दुनिया में 60 से 70 फीसदी किशोर पर्याप्त नींद नहीं ले पा रहे हैं। दरअसल, आज छात्रों पर अभिभावकों व शिक्षकों का अनुशासन कम ही चलता है। मां-बाप के टोकने पर वे दलील देते हैं कि ऑन लाइन पढ़ाई चल रही है। कोरोना संकट ने देश-दुनिया में ऑनलाइन पढ़ाई का विकल्प तो दिया, लेकिन तमाम तरह की विसंगतियां व विकृतियां भी किशोरों के जीवन में भर दी हैं। एक चौंकाने वाला आंकड़ा बताता है कि देश में सत्तर करोड़ भारतीय छह घंटे की नींद नहीं ले पाते। वहीं 46 प्रतिशत भारतीय छह घंटे से कम की नींद ले पाते हैं। लेकिन सबसे बड़ा संकट युवाओं व किशोरों से जुड़ा है। वे देर रात तक ऑनलाइन गेमों से जुड़े रहते हैं। रात में जाने-अनजाने दोस्त उनके सहभागी बनते हैं। जो कालांतर एक नशे की लत का रूप ले लेता है। परिजनों की रोक-टोक उन्हें रास नहीं आती। कई घटनाओं में उनके आक्रामक व्यवहार के घातक परिणाम सामने आए हैं। यहां तक कि नजदीकी परिजनों की हत्या की घटनाएं भी हुई हैं। दरअसल, ऑनलाइन खेलों को इस तरह डिजाइन किया गया है कि वे किशोरों के लिये नशा बन जाते हैं। रात का एकांत उन्हें रास आता है। जिसके चलते वे नींद की परवाह नहीं करते। वहीं दूसरी ओर सोशल मीडिया व ओटीटी प्लेटफॉर्मों पर तमाम वर्जित व अश्लील सामग्री की रात्रि में भरमार रहती है। जिसकी चपेट में छोटे-बड़े लोग आ रहे हैं। युवा देर रात का एकांत तलाशते हैं ताकि परिजनों की अनुपस्थिति में वे मनमानी कर सकें। वे देर रात तक ऑनलाइन रहने में अपनी शान समझते हैं। यह भूल जाते हैं कि वास्तव में, वे अपनी सेहत से किस हद तक खिलवाड़ कर रहे हैं। चिकित्सा विशेषज्ञ चेतावनी देते रहे हैं अनिद्रा से उच्च रक्तचाप की समस्या पैदा हो रही है। जो कालांतर हाइपरटेंशन में बदल जाती है। दरअसल, शरीर की जैविक घड़ी के परिचालन में व्यवधान से शरीर नकारात्मक प्रतिक्रिया देता है। देर रात जागने और मोबाइल के नशे में किशोर असमय खाते-पीते हैं, जिससे उनमें मोटापे की समस्या भी घर कर रही है। यही वजह है कि अब किशोरों तक में डाइबिटीज की समस्या देखने में आ रही है। दरअसल, कुदरती सोने के समय का विकल्प देर रात या सुबह की नींद नहीं हो सकती है। यह संकट बड़ा है और अभिभावकों व शिक्षकों को किशोरों की देर रात जागने की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने के लिये गंभीर प्रयास करने होंगे। अन्यथा देश को कालांतर अस्वस्थ युवा पीढ़ी का संत्रास झेलने को बाध्य होना पड़ेगा।

# आनंद का आनंद इसी संसार में

वैज्ञानिक खोजों ने मानव संहार के अनेक उपकरण बनाए हैं। मध्य पूर्व में युद्ध जारी है। मानवता बारूद के ढेर पर है। विज्ञान निर्मम है। उसका लोकमंगल से कोई लेना-देना नहीं है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण वाले धर्महीन समाज विश्व के अस्तित्व के लिए खतरा हैं। हिन्दू धर्म की दृष्टि में पूरी पृथ्वी एक परिवार है। इस परिवार में केवल मानव समाज का हित चिंतन ही नहीं है। वैदिक चिंतन में सभी जीव, पशु, पक्षी, कीट-पतिंग भी हमारे परिजन हैं। वनस्पतियां औषधियां भी उपास्य हैं। विज्ञान में ऐसी प्रीतिपूर्ण दृष्टि नहीं है। विज्ञान सिर्फ सत्य तथ्य देता है। सत्य तथ्य शिरोधार्य है। लेकिन सत्य का शिव और सुंदर होना भी जरूरी है। वैदिक दर्शन में वैज्ञानिक दृष्टिकोण है। लोकमंगल का उद्देश्य है और विश्व को सुंदर बनाने की अभिलाषा है। इन सबका सार हिन्दुत्व है। कोई अंधविश्वास नहीं। कोई जबरदस्ती नहीं। असहमत के प्रति भी आदर भाव है। हिन्दुत्व में प्रेय श्रेय साथ-साथ हैं। विज्ञान और लोक मंगल भी परस्पर प्रीति में हैं। डॉ. राधाकृष्णन ने कहा है ङ्कवैज्ञानिक हमें ऐसे विभिन्न ढंग बताते हैं जिनसे पृथ्वी नष्ट हो सकती है। यह कभी सुदूर भविष्य में चन्द्रमा के बहुत निकट आ पहुंचने से या सूर्य के ठंडा पड़ जाने से नष्ट हो सकती है। कोई पुच्छल तारा पृथ्वी से टकरा सकता है। धरती से ही कोई जहरीली गैस निकल सकती है। परन्तु यह सब बहुत दूर की सम्भावनाएं हैं; जबकि अधिक सम्भावना इस बात की है कि मानव-जाति स्वयं जान-बूझकर किए गए कार्यों से और अपनी मूर्खता और स्वार्थ के कारण, जो मानव-स्वभाव में मजबूती से जमे हुए हैं, नष्ट हो सकती है। यह बड़ी करुणाजनक बात है कि ऐसे संसार में जो हम सबके आनंद लेने के लिए है और जो हम यदि आजकल युद्ध यन्त्रजात को पूर्णता तक पहुंचने में लगाई जा रही ऊर्जाओं के केवल थोड़े-से हिस्से का ही इसके लिए उपयोग करें तो इसे आनंदमय बनाया जा सकता है। हिन्दुत्व भारत की प्रकृति है और संस्कृति भी। यह भारत के लोगों की जीवनशैली है। इस जीवन शैली में सभी विश्वासों के प्रति आदर भाव है। लेकिन भारतीय राजनीति के आख्यान में हिन्दुत्व के अनेक चेहरे हैं। उग्र हिन्दुत्व, मुलायम (साफ्ट) हिन्दुत्व, साम्प्रदायिक हिन्दुत्व आदि अनेक विशेषण मूल हिन्दुत्व पर आक्रामक हैं। अंग्रेजी भाषान्तर में हिन्दुत्व को हिन्दुइज्म कहा जाता है। इज्म विचार होता है। विचार 'वाद' होता है। वाद का प्रतिवाद भी एक विचार होता है। पूंजीवाद-कैप्टलिज्म है। समाजवाद-सोशलिज्म है। इसी तरह कम्युनिज्म है। अंग्रेजी का हिन्दुइज्म भी हिन्दूवाद का अर्थ देता है लेकिन हिन्दुत्व हिन्दूवाद नहीं है। हिन्दुत्व समग्र मानवीय अनुभूति है। वीर होना वीरवाद नहीं होता, वीर होने का भाव वीरता है। दयावान होना दयावाद नहीं दयालुता है। हिन्दू होना हिन्दुता या हिन्दुत्व है। कुछ विद्वान हिन्दू को मुसलमानों द्वारा दिया गया शब्द मानते रहे हैं लेकिन यह सही नहीं है। हिन्दू शब्द का प्राचीनतम उल्लेख 'अवेस्ता' में है और अवेस्ता इस्लाम से सैकड़ों वर्ष पुराना है। डेरियस (522-486 ई0पू0) के शिलालेख में भी हिन्दू शब्द का उल्लेख है। हिन्दू शब्द विशेष संस्कृति वाले जनसमूह का घोतक है। डॉ. राधाकृष्णन ने वाराणसी हिन्दू विश्वविद्यालय व कलकत्ता (कोलकाता) विश्वविद्यालय में हिन्दू तत्व पर 1942 में भाषण दिए थे। उन्होंने 'धार्मिक आदर्शो की दृष्टि से समाज के पुनर्गठन' पर कलकत्ता (कोलकाता) विश्वविद्यालय में कहा कि ''भारतीय जीवन और विचार के किसी पहलू पर तुलनात्मक दृष्टि से विवेचन एक विस्तृत विषय है। जीवन मूल्यों से समाज के आदर्श व सांस्कृतिक व्यवहार प्रभावित होते हैं और सभ्यता की उम्र भी। भारतीय राष्ट्रजीवन की सांस्कृतिक निरंतरता स्वयं सिद्ध है। और प्राचीनता का मूल कारण विचारणीय है। डॉ. राधाकृष्णन ने औरंगजेब द्वारा अपने अध्यापक मुल्ला साहब को लिखे पत्र का सुंदर उदाहरण दिया है ''तुमने मेरे पिता शाहजहां से कहा था कि तुम मुझे दर्शन पढ़ाओगे। यह ठीक है, मुझे भली-भांति याद है कि तुमने अनेक वर्षो तक मुझे वस्तुओं के सम्बन्ध में ऐसे अनेक अव्यक्त प्रश्न समझाए, जिनसे मन को कोई संतोष नहीं होता और जिनका मानव समाज के लिए कोई उपयोग नहीं है। ऐसी थोथी धारणाएं और खाली कल्पनाएं, जिनकी केवल यह विशेषता थी कि उन्हें समझ पाना बहुत कठिन था और भूल पाना बहुत सरल था। क्या तुमने कभी मुझे यह सिखाने की चेष्टा की कि शहर पर घेरा कैसे डाला जाता है या सेना को किस प्रकार व्यवस्थित किया जाता है?'' औरंगजेब के जीवन का आदर्श युद्ध है। युद्ध मानवीय मूल्य रहित हिंसा है। डॉ. राधाकृष्णन के अनुसार ''तत्कालीन विश्व का संकट यही है कि वह सैनिक व्यवस्था के विषय में सबकुछ जानता है और जीवन मूल्यों के दर्शन व धर्म के केन्द्रीभूत प्रश्नों के सम्बन्ध में बहुत कम जानता है। भारतीय संस्कृति में मनुष्य की महिमा है। आनंदमय जीवन की अभिलाषा है। इस अभिलाषा को पूरा करने की आचार संहिता है। यह संहिता हिन्दू धर्म है। इस आचार संहिता में हिंसा का कोई स्थान नहीं है। गांधीजी अहिंसा को उत्कृष्ट जीवन मूल्य बताते थे। इस आदर्श का प्रेरणा केन्द्र हिन्दुत्व है। संप्रति दुनिया में वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने की आंधी है। भारत में यह सेकुलरवाद के रास्ते हिन्दू धर्म को भी कालवाह्य घोषित करने पर आमादा है। अन्य पंथ रिलीजन अपनी कट्टरता के चलते वैज्ञानिक दृष्टिकोण को श्रेष्ठ नहीं मानते। वैज्ञानिक दृष्टिकोण अनुचित नहीं है। वैज्ञानिकों ने प्रकृति के तमाम रहस्यों को उघाड़ने का काम किया है। अंधविश्वासी मतों, पंथों को भी चुनौती मिली है। विज्ञान सत्य की खोज करता है। समाज ऐसी खोजों का उपयोग करता है। समाज इनका दुरूपयोग भी करता है। विश्व में पंथिक मजहबी मान्यताओं को लेकर तमाम युद्ध हुए हैं। हिन्दू दर्शन भी सत्य का शोध करता है। दर्शन का उद्देश्य केवल सत्य का निर्वचन करना ही नहीं है। इसका ध्येय मनुष्य का दुख दूर करना है। हिन्दू धर्म का उद्देश्य दुख का निवारण और आनंद की प्राप्ति है। समाज में आनंद का आपूरण विज्ञान का लक्ष्य नहीं है। विज्ञान के गले में लोकमंगल की घंटी डालने की आवश्यकता है। यह कार्य हिन्दुत्व के रास्ते अधिक संभव है। हिन्दुत्व लोकमंगल का पर्याय है। भारत का जीवन ध्येय आनंद है। केवल वैयक्तिक आनंद नहीं; सामाजिक सामूहिक आनंद भी। विवेकानंद ने कहा है, ''सभी देशों के निचले स्तर के मनुष्य इन्द्रियों के आनंद में उत्साह दिखाते हैं। किन्तु जो सच्चे अर्थों में शिक्षित और सुसंस्कृत हैं, उनके आनंद का आधार विचार और कला होती है। दर्शन और विज्ञान होता है।'' सुख और आनंद के अनेक मानसिक व बौद्धिक तल होते हैं। इन्द्रिय भोग का सुख निम्न तल है। ज्ञान का सुख आनंद उच्च तल पर है। कला का आनंद गहरा है लेकिन अनुभूति दर्शन का आनंद बहुत गहरा है। उपनिषद् दर्शन में आनंद की गहन अनुभूति है। तैत्तिरीय उपनिषद् में आनंद की व्याख्या है। शुरुआत में कहते हैं, ''सैषा आनंदस्य मीमांसा भवति-अब उस आनंद की मीमांसा करते हैं।'' बताते हैं, ''मनुष्य युवा हो, श्रेष्ठ आचरण वाला हो। अध्ययनशील हो। संपूर्ण अंग बल युक्त हो। स्वस्थ हो। धन सम्पदा से युक्त हो तो इस लोक में आनंद है।'' यहां आनंद के सभी उपकरण प्रत्यक्ष हैं। भौतिक हैं। संसारी हैं। कोई अंध आस्था नहीं। भाववाद नहीं। आनंद की प्राप्ति का स्थान भी यही लोक है। आनंद का आनंद इसी संसार में है। **–हृदयनारायण दीक्षित**

हिन्दुत्व भारत की प्रकृति है और संस्कृति भी। यह भारत के लोगों की जीवनशैली है। इस जीवन शैली में सभी विश्वासों के प्रति आदर भाव है। लेकिन भारतीय राजनीति के आख्यान में हिन्दुत्व के अनेक चेहरे हैं। उग्र हिन्दुत्व, मुलायम (साफ्ट) हिन्दुत्व, साम्प्रदायिक हिन्दुत्व आदि अनेक विशेषण मूल हिन्दुत्व पर आक्रामक हैं। अंग्रेजी भाषान्तर में हिन्दुत्व को हिन्दुइज्म कहा जाता है। इज्म विचार होता है। विचार 'वाद' होता है। वाद का प्रतिवाद भी एक विचार होता है। पूंजीवाद-कैप्टलिज्म है। समाजवाद- सोशलिज्म है। इसी तरह कम्युनिज्म है। अंग्रेजी का हिन्दुइज्म भी हिन्दूवाद का अर्थ देता है लेकिन हिन्दुत्व हिन्दूवाद नहीं है। हिन्दुत्व समग्र मानवीय अनुभूति है। वीर होना वीरवाद नहीं होता, वीर होने का भाव वीरता है। दयावान होना दयावाद नहीं दयालुता है। हिन्दू होना हिन्दुता या हिन्दुत्व है। कुछ विद्वान हिन्दू को मुसलमानों द्वारा दिया गया शब्द मानते रहे हैं लेकिन यह सही नहीं है। हिन्दू शब्द का प्राचीनतम उल्लेख 'अवेस्ता' में है और अवेस्ता इस्लाम से सैकड़ों वर्ष पुराना है। डेरियस (522-486 ई0पू0) के शिलालेख में भी हिन्दू शब्द का उल्लेख है। हिन्दू शब्द विशेष संस्कृति वाले जनसमूह का घोतक है। डॉ. राधाकृष्णन ने वाराणसी हिन्दू विश्वविद्यालय व कलकत्ता (कोलकाता) विश्वविद्यालय में हिन्दू तत्व पर 1942 में भाषण दिए थे। उन्होंने 'धार्मिक आदर्शो की दृष्टि से समाज के पुनर्गठन' पर कलकत्ता (कोलकाता) विश्वविद्यालय में कहा कि ''भारतीय जीवन और विचार के किसी पहलू पर तुलनात्मक दृष्टि से विवेचन एक विस्तृत विषय है। जीवन मूल्यों से समाज के आदर्श व सांस्कृतिक व्यवहार प्रभावित होते हैं और सभ्यता की उम्र भी। भारतीय राष्ट्रजीवन की सांस्कृतिक निरंतरता स्वयं सिद्ध है। और प्राचीनता का मूल कारण विचारणीय है। डॉ. राधाकृष्णन ने औरंगजेब द्वारा अपने अध्यापक मुल्ला साहब को लिखे पत्र का सुंदर उदाहरण दिया है ''तुमने मेरे पिता शाहजहां से कहा था कि तुम मुझे दर्शन पढ़ाओगे। यह ठीक है, मुझे भली-भांति याद है कि तुमने अनेक वर्षों तक मुझे वस्तुओं के सम्बन्ध में ऐसे अनेक अव्यक्त प्रश्न समझाए, जिनसे मन को कोई संतोष नहीं होता और जिनका मानव समाज के लिए कोई उपयोग नहीं है। ऐसी थोथी धारणाएं और खाली कल्पनाएं, जिनकी केवल यह विशेषता थी कि उन्हें समझ पाना बहुत कठिन था और भूल पाना बहुत सरल था।

# खाड़ी तनाव की आंच भारत तकः ईंधन और गैस आपूर्ति पर चिंता

**रोहित पारीक**

पिछले कुछ समय से खाड़ी क्षेत्र में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव ने वैश्विक ऊर्जा बाजार को अस्थिर कर दिया है। तेल और गैस के बड़े उत्पादक देशों के बीच बढ़ते टकराव और क्षेत्रीय असुरक्षा के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल और गैस की आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका गहराती जा रही है। इसका सीधा असर भारत जैसे ऊर्जा आयात पर निर्भर देशों पर पड़ सकता है। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात के जरिए पूरा करता है। कच्चे तेल के मामले में देश लगभग 85 प्रतिशत तक आयात पर निर्भर है, जबकि एलपीजी और प्राकृतिक गैस का भी महत्वपूर्ण हिस्सा विदेशों से आता है। इन आयातों का बड़ा हिस्सा खाड़ी देशों से ही प्राप्त होता है। ऐसे में यदि खाड़ी क्षेत्र में तनाव बढ़ता है या समुद्री मार्गों पर खतरा पैदा होता है, तो भारत की ईंधन आपूर्ति प्रभावित हो सकती है। हालांकि, ईरान ने भारत के ईंधन लदे जहाजों को अपनी सीमा के होर्मुज से सुरक्षित निकालने पर सहमति दी है, लेकिन जहाजों के भारत पहुंचने तक तो संकट बना रहेगा। बड़ी बात यह है कि देश के कई राज्यों में घरेलू गैस आपूर्ति को लेकर संकट देखा जा रहा है। गैस सिलेण्डरों के लिए एजेन्सियों के बाहर लंबी कतारें होने के समाचार आ रहे हैं। होटल-रेस्टोरेंट और गैस आधारित उद्योगों के बुरी तरह प्रभावित होने की सूचनाएं साझा हो रही है। हालांकि, सरकारें और प्रशासन अपने स्तर पर इस संकट से पार पाने और आमजन के दिलों में पैदा हुए डर को दूर करने की कोशिश कर रहे हैं,

**भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात के जरिए पूरा करता है। कच्चे तेल के मामले में देश लगभग 85 प्रतिशत तक आयात पर निर्भर है, जबकि एलपीजी और प्राकृतिक गैस का भी महत्वपूर्ण हिस्सा विदेशों से आता है।**

लेकिन आमजन के मन में बन रही संकट की तस्वीर मिट नहीं पा रही है। हाल के दिनों में वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि खाड़ी क्षेत्र में स्थिति और बिगड़ती है, तो तेल की कीमतें तेजी से बढ़ सकती हैं। इससे भारत में पेट्रोल-डीजल और एलपीजी की कीमतों पर दबाव बढ़ेगा। इसके साथ ही गैस आधारित उद्योगों और बिजली उत्पादन पर भी असर पड़ सकता है। भारत सरकार ने इस स्थिति से निपटने के लिए कई कदम उठाए हैं। सरकार ने रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार का निर्माण किया है, ताकि आपातकालीन स्थिति में देश के पास कुछ समय तक ईंधन की उपलब्धता बनी रहे। इसके अलावा सरकार तेल आयात के स्रोतों को भी विविध बनाने की कोशिश कर रही है, ताकि किसी एक क्षेत्र पर अत्यधिक निर्भरता कम की जा सके। ऊर्जा विशेषज्ञों का कहना है कि भारत को दीर्घकालिक समाधान के तौर पर वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों जैसे सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और हरित हाइड्रोजन पर तेजी से काम करना होगा। इससे न केवल आयात पर निर्भरता कम होगी, बल्कि ऊर्जा सुरक्षा भी मजबूत होगी। हालांकि फिलहाल देश में ईंधन और गैस की आपूर्ति सामान्य बनी हुई है, लेकिन खाड़ी क्षेत्र में बढ़ते तनाव ने भविष्य को लेकर चिंता जरूर बढ़ा दी है। ऐसे समय में सरकार, ऊर्जा कंपनियों और नीति निर्माताओं के लिए यह जरूरी हो जाता है कि वे ऊर्जा सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें और किसी भी संभावित संकट से निपटने के लिए ठोस रणनीति तैयार रखें। कुल मिलाकर, खाड़ी देशों के बीच बढ़ता तनाव सिर्फ क्षेत्रीय राजनीतिक मुद्दा नहीं रह गया है, बल्कि इसका असर वैश्विक अर्थव्यवस्था और ऊर्जा सुरक्षा पर भी पड़ रहा है। भारत जैसे तेजी से विकसित हो रहे देश के लिए यह स्थिति एक चुनौती भी है और ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने का अवसर भी।

## सेहत मंत्र

# पाचन से लेकर इम्युनिटी बढ़ाने के लिए बेस्ट है हल्दी और काली मिर्च का कॉम्बीनेशन

हल्दी, जिसे गोल्डन मसाले के रूप में भी जाना जाता है और जो आपके खाने को एक अच्छा पीला रंग देती है, कई स्वास्थ्य लाभों से भरपूर है। यह तो लगभग सभी जानते होंगे कि हल्दी आपकी कई स्वास्थ्य समस्याओं के इलाज में मदद कर सकती है। लेकिन हल्दी और काली मिर्च का कॉम्बीनेशन आपके लिए काफी अच्छा हो सकता है। क्योंकि हल्दी और काली मिर्च दोनों ऐसे घटक हैं, जिनमें प्रमुख सक्रिय तत्व होते हैं, जो इन्हें बीमारियों से लड़ने में मदद करते हैं। हल्दी और काली मिर्च दोनो रसोई मे मौजूद ऐसी सामाग्रियां हैं, जो एंटी इंफ्लामेटरी, एंटीऑक्सिडेंट और डिजीज फाइटिंग गुणों से भरपूर हैं। आइए यहां हम आपको बताते है कि क्यों और कैसे यह आपके स्वास्थ्य के लिए अच्छे हैं। हल्दी में सबसे प्रभावी और महत्वपूण तत्व होता है करक्यूमिन, जिसे करक्यूमिनोइड्स भी कहा जाता है। करक्यूमिन एक सक्रिय तत्व है और इसमें एंटी कैंसर गुण भी होता है, जो कैंसर से लड़ने में मददगार है। हल्दी में मौजूद करक्यूमिन पॉलीफ़ेनोल के रूप में सेहत के लिए कई फायदे देता है। यह एक मजबूत एंटीऑक्सीडेंट है और इसमें एंटी-इंफ्लेमेटरी, एंटीबैक्टीरियल और एंटी-फंगल गुण होते हैं। काली मिर्च में पाया जाने वाला आपकी कई बीमारियों में मदद करता है। पेपराइन एक बायोएक्टिव कंपाउंड है, जो कैप्साइसिन की तरह एक क्षारीय होता है। पेपराइन काली मिर्च में पाया जाने वाला एक सक्रिय घटक है। पेपराइन पाचन में सुधार, मतली और कई अन्य समस्याओं से राहत देने में मदद के लिए जाना जाता है। क्योकि यह भी हल्दी में मौजूद करक्यूमिन की तरह एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटीऑक्सीडेंट्स गुणों से भरपूर है। बहुत से लोगों के मन में यह सवाल उठ सकता है कि जब यह दोनों ही घटक स्वास्थ्य के लिए इतने प्रभावी हैं, तो इनका अलग-अलग इस्तेमाल करना भी तो फायदेमंद हो सकता है। आपका सोचना बिलकुल सही है, हालांकि, हल्दी और काली मिर्च को अकेले भी इस्तेमाल किया जा सकता है लेकिन इनका कॉम्बीनेशन क्यों बेस्ट इसका जवाब डा. स्वाती बथवाल यहां बता रही हैं।

## धर्म मंत्र

# शालिग्राम की पूजा से घर में मां लक्ष्मी का होता है वास

हिंदू धर्म में शालिग्राम की पूजा का विशेष महत्व होता है। धार्मिक ग्रंथों के अनुसार, जगत के पालनहार भगवान श्री हरि विष्णु के विग्रह स्वरूप को शालिग्राम कहा जाता है। यह एक काले रंग के गोल चिकने पत्थर के स्वरूप का होता है। मान्यता के मुताबिक देवी तुलसी के साथ शालिग्राम का विवाह हुआ था। वहीं हिंदू धर्म को मानने वाले लोगों के घर में पूजा स्थान पर शालिग्राम स्थापित होते हैं। कहा जाता है कि जिन लोगों के घर में नियमित तौर पर शालिग्राम की पूजा की जाती है, उस घर पर और परिवार के सदस्यों पर हमेशा भगवान विष्णु की कृपा बनी रहती है। बता दें कि शालिग्राम एक प्रकार का जीवाश्म पत्थर है। परमेश्वर के प्रतिनिधि के तौर पर और भगवान विष्णु के आह्वान करने के लिए लिए इसका प्रयोग किया जाता है। मूलरूप से शालिग्राम नेपाल में स्थिति दामोदर कुंड से निकलने वाली गंडकी नदी में काफी पाया जाता है। गंडकी नदी में मिलने के कारण शालिग्राम को गंडकी नंदन भी कहा जाता है। गंडकी नदी में पाए जाने वाले गोल, चिकने और काले रंग के एमोनोइड जीवाश्म को शालिग्राम के रूप में पूजा जाता है। मान्यता के मुताबिक देवी वृंदा के श्राप के कारण भगवान विष्णु को शालिग्राम नाम मिला था। शालिग्राम को सालग्राम के रूप में भी पूजा जाता है। बताया जाता है कि शालिग्राम का संबंध सालग्राम नामक गांव से है। यह गांव नेपाल के गंडकी नदी के पास बसा हुआ है। बता दें कि भगवान शिव के शिवलिंग और शालिग्राम को भगवान के विग्रह का रूप माना जाता है।

## पर्यटन



# रहस्यों से भरा है मध्य प्रदेश का 'असीरगढ़ किला'

मध्य प्रदेश देश की विविधतापूर्ण संस्कृति और धरोहरों को संजोए हुए है। जिसमें से एक है बुरहानपुर जिला, जहां आपको घूमने-फिरने की कई जगहें मिलेंगी। तो आइए चलते हैं ऐसी ही एक जगह असीरगढ़ किले की ओर। इंदौर-इच्छापुर राजमार्ग के किनारे सतपुड़ा की ऊंची पहाड़ी पर ऐतिहासिक व अभेद्य असीरगढ़ का किला स्थित है। इसका पहला भाग मलयगढ़, दूसरा भाग कमरगढ़ और सबसे ऊपर असीरगढ़ कहलाता है। रहस्यों से भरा यह किला हर किसी को आकर्षित करता है। कहा जाता है कि 1375 ईस्वी से पहले इस किले पर आशा अहीर नामक व्यक्ति पशुपालन किया करता था। इससे उसके पास इतना धन इकट्ठा हो गया कि आसपास के राजा-महाराजा उससे कर्ज लिया करते थे। जब इस बात की खबर खानदेश के सुल्तान नसीर खान फारुकी को लगी तो उसने छल से किले पर अपना अधिकार जमा लिया। इस तरह किला फारुकी राजाओं के अधीन आ गया। 200 साल तक फारुकी वंश ने यहां से शासन किया। वर्ष 1601 में मुगल सम्राट अकबर ने किले को अपने कब्जे में ले लिया और उसके बाद यहां से शुरू हुआ मुगलों का दक्षिण भारत का विजय अभियान। 1731 तक यह किला मुगलों के पास रहा। उसके बाद इस पर निजाम हैदराबाद का अधिकार हो गया। 1800 ईस्वी तक आते-आते इस किले पर मराठों का वर्चस्व हो गया और 1830 के आसपास इस पर सिंधिया परिवार ने अधिकार कर लिया। 1857 तक आते-आते यह अंग्रेजों के हाथ में चला गया। इतिहास इस बात का साक्षी है कि अंग्रेजों ने यहां से पूरे मालवा प्रांत, दक्षिण भारत और महाराष्ट्र जैसे राज्यों पर नियंत्रण किया। 1906 में अंग्रेजों ने इसे खाली कर दिया। तब से इस पर किसी का अधिकार नहीं रहा और वहीं से इस किले की बर्बादी की दास्तान शुरू हो गई। आज भी यह भारत के प्रमुख किलों में गिना जाता है। देशभर के अलावा विदेश से भी पर्यटक इसे निहारने और इसके इतिहास व रहस्यों से रूबरू होने आते हैं।

# जिला विकास अधिकारी भूषण कुमार ने ग्राम विकास के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को दिलाई शपथ

## संगठन की मजबूती और ग्राम विकास के संकल्प पर दिया जोर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




बाराबंकी। ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन, जनपद शाखा बाराबंकी का शपथ ग्रहण समारोह रविवार को विकास भवन स्थित स्वर्ण जयंती सभागार में गरिमामय एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न विकास खंडों से बड़ी संख्या में ग्राम विकास अधिकारी उपस्थित रहे, जिससे कार्यक्रम की गरिमा और उत्साह और अधिक बढ़ गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला विकास अधिकारी श्री भूषण कुमार तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में एसोसिएशन के पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष श्री रामेश्वर प्रसाद पांडे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत एवं माल्यार्पण के साथ हुआ। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी श्री भूषण कुमार ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि ग्राम विकास अधिकारी ग्रामीण विकास की योजनाओं को धरातल तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने नवगठित कार्यकारिणी से अपेक्षा व्यक्त की कि वे संगठन की गरिमा बनाए रखते हुए पूरी निष्ठा और पारदर्शिता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे तथा ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

विशिष्ट अतिथि एवं पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष श्री रामेश्वर प्रसाद पांडे ने अपने संबोधन में संगठन की एकजुटता और अनुशासन पर बल देते हुए कहा कि संगठन की मजबूती से ही कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा संभव है। उन्होंने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए संगठन को मजबूत बनाने की अपील की।

इस दौरान जिला अध्यक्ष श्री अभिनव श्रीवास्तव ने संगठन की वर्तमान स्थिति, अधिकारों एवं दायित्वों के साथ-साथ आगामी कार्ययोजना के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संगठन सदैव ग्राम विकास अधिकारियों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रहेगा और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयास करता रहेगा।

कार्यक्रम में जिला महामंत्री श्री बृजकिशोर कुशवाहा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री दिनेश प्रसाद, प्रांतीय प्रतिनिधि श्री दयानंद, संरक्षक श्री सुधीर कुमार मिश्रा, कोषाध्यक्ष श्री वीरेंद्र प्रताप सरोज, मीडिया प्रभारी श्री राजेश कुमार, संगठन मंत्री श्री अनुज श्रीवास्तव तथा संगठन मंत्री (प्रशासन) श्री नागेंद्र सोनकर सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी एवं जनपद के विभिन्न विकास खंडों से आए बड़ी संख्या में ग्राम विकास अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में संगठन के पदाधिकारियों द्वारा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया तथा संगठन की एकता और मजबूती के साथ ग्राम विकास के कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया।

# संगठित अपराधियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, सरगना मोहम्मद असलम की सवा करोड़ संपत्ति कुर्क

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

फतेहपुर बाराबंकी।जिले में संगठित अपराध के खिलाफ जिलाधिकारी के आदेश पर पुलिस और प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए धोखाधड़ी और जालसाजी करने वाले गिरोह के सरगना मो.असलम की करीब 1 करोड़17 लाख30 हजार रुपये की अचल संपत्ति गैंगस्टर एक्ट के तहत कुर्क कर दी।

पुलिसअधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत संगठित अपराध में लिप्त अपराधियों की अवैधरूप से अर्जित संपत्तियों को चिन्हितकर कुर्क करने की कार्रवाई की गयी है। इसक्रम में थाना मो0 खाला पुलिस द्वारा जांच दौरान आरोपी की अवैधकमाई से अर्जित संपत्तियों की रिपोर्ट जिला मजिस्ट्रेट को भेजी गई थी। जिलाधिकारी द्वारा उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 की धारा 14(1) के तहत संपत्ति कुर्क करने का आदेश जारी किया था।आदेश अनुपालन में14 मार्च 26 को पुलिस और प्रशासन टीम ने आरोपी की करीब1.17 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की जमीन कुर्क कर ली।

पुलिस अनुसार मो0असलम पुत्र स्व0लल्लन हुसैन, निवासी ग्राम सिहाली फतेहपुर,अपने गिरोह के साथ मिलकर लोगों को धोखा देकर और जालसाजी करके संपत्ति हड़पने जैसे अपराधों में शामिल रहा है।गिरोह में उसका सहयोगी पुत्र भी सक्रिय सदस्य बताया है।गिरोह आर्थिक लाभ हेतु लोगों केसाथछल-कपट, कूटरचना और धोखाधड़ी गतिविधियां करता था।

पुलिस और प्रशासन द्वारा ग्राम सिहाली स्थित जमीने कुर्क की गयी –गाटा संख्या 701,क्षेत्रफल 0.05625 हेक्टेयर गाटासंख्या 701, क्षेत्रफल 0.048 हेक्टेयर गाटासंख्या700/710 , क्षेत्रफल 0.0371 हेक्टेयरइन संपत्तियों की कुल अनुमानित कीमत 1,17,30,000 रुपये बताई गई है।

पुलिसअनुसार मो0असलम के खिलाफथाना फतेहपुर में मारपीट,धमकी, जबरन वसूली, धोखाधड़ी और गैंगस्टर एक्ट से जुड़े करीब10आपराधिक मुकदमेदर्ज हैं।पुलिस का कहना है कि संगठित अपराध करनेवाले अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। अपराध से अर्जित चल अचल संपत्तियों को चिन्हितकर राज्य के पक्ष में कुर्क करने की कार्रवाई आगे जारी रहेगी, ताकि ऐसे अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

## मंडल अध्यक्ष डॉ आशुतोष का भव्य स्वागत

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। रोटरी मंडल 3120 के मंडलाध्यक्ष डॉक्टर आशुतोष अग्रवाल का जनपद मे प्रथम बाराबंकी आगमन पर जोरदार स्वागत किया गया। पूर्व अध्यक्ष व मीडिया कोऑर्डिनेटर गिरीश अरोड़ा ने बताया कि अध्यक्ष डॉक्टर राजेश मोहन के आवास पर हुए इस स्वागत समारोह में क्लब के लगभग सभी सदस्य मौजूद रहे डॉक्टर आशुतोष अग्रवाल ने क्लब की गतिविधियों की जानकारी ली और उन्हें और सुचारू रूप से चलने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।
अध्यक्ष डॉ राजेश मोहन व सचिव डॉक्टर विमल बैसवार ने इस सत्र में रोटरी क्लब बाराबंकी द्वारा किए गए कार्यों का लेखा–जोखा डॉक्टर आशुतोष अग्रवाल को प्रस्तुत किया। मंडल अध्यक्ष ने रोटरी क्लब बाराबंकी द्वारा किए गए कार्यों की भूरी भूरी प्रशंसा की। इस अवसर पर पूर्व मंडलाध्यक्ष के के श्रीवास्तव, सह मंडलाध्यक्ष पीयूष सिंह, डीजीआरएच डॉ सुधीर वर्मा, संस्थापक सदस्य डॉ रवि आहूजा अरविंद गुटगुटिया, निवर्तमान अध्यक्ष महाबीर प्रसाद जैन, संजय निगम, सरदार हरपाल सिंह, जयकुमार जैन, मनोज जैन, डॉक्टर आभा वर्मा, रजनी वर्मा, कुसुम जैन, ममता चंद्रा, सुनील वर्मा, गिरीश अरोड़ा, सरदार रविंद्र सिंह, जागेश अग्रवाल, साधना वर्मा, बबिता बैसवार, जय श्री गुटगुटिया आदि मौजूद थे।

## विविध कला रूपों को समेटे राष्ट्रीय चित्रकला प्रदर्शनी और कार्यशाला सोमवार से

वाराणसी। उत्तर प्रदेश के वाराणसी स्थित काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के दृश्य कला संकाय की ओर से सात दिवसीय राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी और कार्यशाला ल्नवारंभङ्ग का आयोजन 16 मार्च सोमवार से अहिवासी कला दीर्घा में किया गया है। इस कार्यशाला का उद्घाटन बीएचयू के प्रो. अजित कुमार चतुर्वेदी अपरान्ह एक बजे करेंगे। रविवार को यह जानकारी संकाय की डीन प्रो.उत्तमा दीक्षित ने दी। उन्होंने बताया कि चित्रकला प्रदर्शनी नवारंभ के उद्घाटन के अवसर पर बीएचयू की परीक्षा नियंता तथा कला संकाय प्रमुख प्रो. सुषमा घिल्डियाल, संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति तथा संस्कृत विद्या धर्म विज्ञान संकाय के प्रमुख प्रो. राजाराम शुक्ल, बीएचयू के विश्वनाथ मंदिर के प्रबंधक प्रो. ब्रजभूषण ओझा की भी विशिष्ट मौजूदगी रहेगी।

## एसआई भर्ती परीक्षा में एक प्रश्न से आहत ब्राह्मण समाज ने थाने में दी तहरीर, मुकदमा दर्ज करने की मांग

मुरादाबाद। मुरादाबाद के ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधियों द्वारा उत्तर प्रदेश सब इंस्पेक्टर पुलिस भर्ती लिखित परीक्षा में आपत्तिजनक प्रश्न पूछे जाने का आरोप लगाते हुए मुरादाबाद के थाना सिविल लाइन इंस्पेक्टर को तहरीर दी। ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों ने मांग की कि इस आपत्तिजनक प्रश्न के लिए जो भी दोषी हो उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाए।
थाना नागफनी क्षेत्र के दसवां घाट निवासी ब्राह्मण समाज के युवा नेता रजत शर्मा ने थाना सिविल लाइन इंस्पेक्टर के नाम दी तहरीर में बताया कि यूपी सब इंस्पेक्टर पुलिस भर्ती परीक्षा के प्रश्नपत्र में प्रश्न संख्या 31 में ल्अवसर के अनुसार बदल जाने वालाङ्ग वाक्यांश के लिए एक शब्द का चयन करने को कहा गया था, जिसके विकल्पों में ल्पंडितङ्ग शब्द भी शामिल किया गया था। ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधियों का कहना है कि ल्पंडितङ्ग शब्द भारतीय समाज में विशेष रूप से ब्राह्मण समाज के लिए एक सम्मानजनक संबोधन माना जाता है, ऐसे में इसे नकारात्मक संदर्भ में प्रस्तुत करना समाज की भावनाओं को आहत करने वाला है। यह प्रश्न ब्राह्मण समाज की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला बताते हुए कहा कि सरकारी भर्ती परीक्षा के प्रश्नपत्र में इस प्रकार की सामग्री शामिल होना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है और इससे समाज में रोष तथा असंतोष की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। रजत शर्मा ने मांग की है कि इस मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा प्रश्नपत्र तैयार करने वाले संबंधित अधिकारी/व्यक्ति एवं जिम्मेदार संस्था के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 196 और 299 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। इस दौरान सूर्य शर्मा, विष्णु पंडित, रजत श्रोत्रिय, अनूप कौशल, करणवीर शर्मा, एडवोकेट अभिषेक शर्मा, एडवोकेट अभिषेक भारद्वाज, एडवोकेट सुधीर शर्मा, नवीन शर्मा, अर्जुन शर्मा, विशाल शर्मा, सुमित शर्मा, मुदित उपाध्याय, अरविंद मिश्रा, प्रियांशु जोशी, विष्णु शर्मा, कोमल त्यागी, नवनीत शर्मा, सुमित शर्मा, सौरभ शर्मा, मोहित शर्मा, आदि सहित भारी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग उपस्थित रहे।

## गुरु जंभेश्वर विवि के छात्रों ने व्यावहारिक ज्ञान के लिए किया एमएलडी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का शैक्षणिक भ्रमण

मुरादाबाद। गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के एमएससी पर्यावरण विज्ञान प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने रविवार को गुलाबबाड़ी पीतलनगरी स्थित 58 एमएलडी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने सीवेज शोधन की विभिन्न प्रक्रियाओं, अपशिष्ट जल प्रबंधन तथा पर्यावरण संरक्षण से संबंधित तकनीकों की व्यावहारिक जानकारी प्राप्त की।

# थाना बदोसराय, प्रतिबंधित पेड़ों की कटान जोरों पर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। बदोसराय थाना क्षेत्र में जमकर प्रतिबंधित पेड़ों की कटान हो रही है। पुलिस विभाग द्वारा दर्ज मुकदमे इस बात की गवाही दे रहे हैं। रविवार को अवैध रूप से शीशम के पेड़ काटने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मौके से 9 शीशम के बोटे जब्त किए हैं। इस संबंध में तीन लोगों के खिलाफ उत्तर प्रदेश ग्रामीण वृक्ष संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। ग्राम पीठापुर में अंबेडकर मूर्ति के पास त्रिभुवन पुत्र ब्रह्मादीन के खेत में लगी शीशम को लकड़ी ठेकेदारों ने विना परमीशन के काट दिया । इसकी सूचना बदोसरांय पुलिस को हुई जिसके बाद उपनिरीक्षक अभिषेक, कांस्टेबल रोहित शर्मा और प्रहलाद यादव मौके पर पहुंचे और त्रिभुवन के खेत में शीशम के कुछ पेड़ अवैध रूप से काटे पाए गए । पुलिस ने वहां मौजूद खेत मालिक त्रिभुवन से पूछताछ की।त्रिभुवन ने बताया कि ये पेड़ उसके खेत में लगे थे और उसने अपने चार पेड़ ठेकेदार गुड्डू उर्फ डान पुत्र मोहम्मद शोएब पुत्र मोहम्मद कलाम निवासी ग्राम शहरी को बेचे थे।

त्रिभुवन ने पुलिस को बताया कि ठेकेदार गुड्डू और शोएब पुलिस को आता देख मौके से भाग गए। इसी तरह बदोसराय थाना क्षेत्र के ग्राम ताशीपुर में भी तीन नीम के पेड़ों के अवैध कटान का मामला सामने आया है। पुलिस को सूचना मिली कि मौके से सभी कटी हुई लकड़ी गायब कर दी गई है। काटे गए पेड़ों में दो सूखे और एक हरा नीम का पेड़ शामिल था, पुलिस ने आसपास के लोगों से जानकारी लेने पर पेड़ मालिक का नाम पंकज पुत्र शिव अभिलाख निवासी ग्राम अमरादेवी थाना बदोसराय बताया गया। पेड़ों को काटने वालों के नाम हरीश पुत्र शिवाकांत और शिवाकांत पुत्र रामप्रसाद निवासी ताशीपुर थाना बदोसराय, जनपद बाराबंकी बताए गए हैं। पुलिस ने दोनों मामलों में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# कलश स्थापना के साथ भव्य महापुराण कथा का आयोजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



रामनगर बाराबंकी। तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत तेलियानी में श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का भव्य आयोजन शुरू हो गया है। रविवार को विधिवत पूजा-अर्चना और कलश स्थापना के साथ कथा का शुभारंभ किया गया। अयोध्या धाम से पधारे कथा वाचक प्रेम भूषण महाराज एवं आशीष महाराज ने श्रीमद्भागवत महापुराण की कथा सुनाकर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। कथा स्थल पर बड़ी संख्या में ग्रामीण और श्रद्धालु उपस्थित होकर धर्म लाभ ले रहे हैं।आयोजकों के अनुसार ग्राम तेलियानी में यह धार्मिक आयोजन मुख्य यजमान पूर्णिमा जायसवाल, अभिषेक जायसवाल और अनुपम जायसवाल के सहयोग से कराया जा रहा है। कथा वाचकों ने अपने प्रवचनों में भगवान की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत महापुराण की कथा का श्रवण करने से मनुष्य के जीवन के कष्ट दूर होते हैं और उसे आध्यात्मिक शांति प्राप्त होती है। कथा के दौरान भगवान की मनोहारी झांकियां भी प्रस्तुत की जा रही हैं, जिन्हें देखकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो जा रहे हैं।आयोजकों ने बताया कि यह धार्मिक कार्यक्रम 13 मार्च से 20 मार्च तक प्रतिदिन आयोजित होगा।

इस दौरान कथा, भजन-कीर्तन और विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर पावन कथा का श्रवण कर अपने जीवन को धन्य बनाने की अपील की गई है।इस अवसर पर राम प्रताप मिश्रा सहित क्षेत्र के तमाम श्रद्धालु व ग्रामीण मौजूद रहे।

## स्वदेश सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में नवीन शैक्षणिक सत्र के लिए कक्षा नवम में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा का आयोजन

महराजगंज,रायबरेली। कस्बे के पूरे सुखई स्थित स्वदेश सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में नवीन शैक्षणिक सत्र के लिए कक्षा नवम में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा में क्षेत्र के अनेक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। विद्यालय परिसर में सुबह से ही विद्यार्थियों की चहल–पहल देखने को मिली। विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार मिश्रा के नेतृत्व में परीक्षा शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराई गई। प्रधानाचार्य ने परीक्षा के पश्चात उपस्थित विद्यार्थियों को आपसी सहयोग, अनुशासन और खेल भावना का महत्व बताते हुए उन्हें परस्पर परिचय और समझ बढ़ाने के उद्देश्य से फुटबॉल खेल में भी सहभाग कराया। विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ खेल में भाग लिया, जिससे विद्यालय परिसर में सकारात्मक और उत्साहपूर्ण वातावरण बना रहा। प्रधानाचार्य श्री मिश्रा ने बताया कि, विद्यालय का उद्देश्य केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करना है। इसी क्रम में खेल, अनुशासन और सहयोग की भावना को भी विद्यालय की गतिविधियों में विशेष महत्व दिया जाता है। प्रवेश परीक्षा के सफल संचालन में विद्यालय के सहयोगी आचार्यों आशीष तिवारी, पुनीत त्रिवेदी, राकेश मिश्रा, धर्मेंद्र त्रिपाठी, अमित सिंह तथा आकाश मौर्य सहित अन्य शिक्षकों का सराहनीय योगदान रहा। सभी ने परीक्षा व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाई। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि, प्रवेश परीक्षा के परिणाम घोषित होने के बाद सफल विद्यार्थियों का प्रवेश प्रक्रिया के अनुसार नामांकन किया जाएगा।

## रिकवरी एजेंट हादसे में जख्मी

फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। फतेहपुर–सूरतगंज मार्ग पर बीती शाम को माइक्रो फाइनेंस कंपनी के रिकवरी एजेंट आकाश सिंह गंभीररूप से घायल हो गए। जानकारीअनुसार मोहम्मदपुर खाला थानाक्षेत्रनिवासी आकाश सिंह फतेहपुर से वापस लौट रहे थे। दादनपुर चौराहे के पास तेज रफ्तार अज्ञात आलू लदे ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।टक्कर इतनी जोरदार थी कि आकाश सिंह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

# एडीजी ने किया उप–निरीक्षक परीक्षा का निरीक्षण: निष्पक्षता और सुरक्षा पर खास ध्यान




**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी। आगामी उप-निरीक्षक परीक्षा 2025 को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से अपर पुलिस महानिदेशक, लखनऊ जोन, श्री प्रवीण कुमार ने शहर के प्रमुख परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत पीएम श्री राजकीय बालिका इण्टर कालेज और पीएम श्री राजकीय इण्टर कालेज परीक्षा केंद्रों का जायजा लिया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक बाराबंकी, श्री अर्पित विजयवर्गीय, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी, श्री विकास चन्द्र त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी, श्री रितेश कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर, श्री संगम कुमार, क्षेत्राधिकारी यातायात, श्री आलोक पाठक सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

निरीक्षण के दौरान परीक्षा व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध और अभ्यर्थियों की सुविधा पर विशेष ध्यान दिया गया। अधिकारियों ने अभ्यर्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और परीक्षा को तनाव-मुक्त वातावरण में संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

अपर पुलिस महानिदेशक श्री प्रवीण कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्रों में किसी भी प्रकार की अनियमितता या असुविधा नहीं हो, और प्रत्येक उम्मीदवार को समान अवसर मिलें।

# महिमा ने जीता रजत पद बढ़ाया मान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




फतेहपुर बाराबंकी। अयोध्या में आयोजित 36वीं राज्य स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता 2026 में फतेहपुर विकास खंड के उच्च प्राथमिक विद्यालय सरैयां मझगवां की छात्रा महिमा राज ने कुश्ती के 48+ किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक जीतकर जिले और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। महिमा श्री विनोद कुमार की पुत्री हैं। महिमा की इस उपलब्धि पर विद्यालय में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. राकेश सिंह व इंचार्ज प्रधानाध्यापक सहित विद्यालय परिवार ने महिमा को माला पहनाकर और पुरस्कार देकर सम्मानित किया। समारोह में शिक्षक सत्यनंद, सरिता सिंह, सहदयन्द्र नारायण शर्मा, अमित जायसवाल, मोहम्मद ज़बीर, आयशा खातून और शिवमंगल सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक व कर्मचारी मौजूद रहे। सभी ने महिमा के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए

# जयंती पर बहुजन नायक कांशीराम को सपा की भाव भीनी श्रद्धांजलि

## व्यक्तित्व कृतित्व पर गोप ने की विस्तार से चर्चा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बाराबंकी। समाजवादी पार्टीके सचिन पार्टी के कद्दावर नेता अरविंद कुमार सिंह को अपने कहा है सामाजिक न्याय का सपना सत्ता में भागीदारी के बगैर पूरा नहीं होगा। काशीराम जी की विरासत यही कहती समाजवादी पार्टी बहुजन समाज की भागीदारी सम्मान और संविधान की रक्षा के लिए हमेशा सीना तानकर खड़ी रहती है और जब तक बहुजन समाज के लोगों को उनके हक अधिकार दिला नहीं देती तब तक सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करती रहेगी। श्री गोप आज बहुजन नायक मान्यवर काशीराम जी की 92 वीं जयंती पर

जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद की अध्यक्षता में ग्राम कुरौली असनी मोड़ स्थित एक विद्यालय के सभागार में आयोजित बहुजन समाज दिवस ''पीडीए दिवस'' मे बोल रहे थे। पार्टी मुखिया अखिलेश यादव के निर्देशन में के सभी नेताओं ने मान्यवर काशीराम जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर बहुजन समाज को शासनकर्ता बनाने के लिए उनके द्वारा किए गए कार्यों विचारों संघर्षों राष्ट्रव्यापी आंदोलनों को साझा किया।समाजवादी नेता श्रद्धेय नेताजी मुलायम सिंह यादव के साथ समझौता कर बहुजन समाज को सशक्त बनाने के लिए दिए गए योगदान का उल्लेख कर उनके व्यक्तित्व कृतित्व पर विस्तार से चर्चा की। पार्टी के सभी नेताओं ने एक स्वर में सभी जाति धर्म संप्रदाय के लोगों को जोड़कर एकता और भाईचारा को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य करते रहने का संकल्प लिया। इस मौके पर पूर्व मंत्री राकेश कुमार वर्मा, जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद, सदर विधायक धर्मराज सिंह उर्फ सुरेश यादव, विधायक गौरव रावत, पूर्व विधायक रामगोपाल रावत, राम मगन रावत, सरवर अली खां, रतनलाल राव, पूर्व विधान परिषद सदस्य राजेश यादव राजू ,पूर्व ब्लाक प्रमुख सुरेंद्र सिंह वर्मा, धर्मेंद्र यादव, राष्ट्रीय प्रवक्ता फराजुद्दीन किदवई, संतोष वर्मा, ज्ञान सिंह यादव सहित तमाम नेता पदाधिकारी कार्यकर्ता जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रधान जनो ने मान्यवर काशीराम जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।

# संजू लय में आ जाए तो वह पहले छह ओवरों में ही मैच जिता सकता है: गंभीर

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा कि जब संजू सैमसन अपनी फॉर्म में होते हैं तो वह पावरप्ले में ही विपक्षी टीम से मैच छीन सकते हैं। आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के अंतिम चरण में सैमसन ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने सेमीफाइनल और फाइनल में तूफानी अंदाज में अर्धशतक जड़कर भारत को रिकॉर्ड तीसरी बार खिताब जीतने में मदद की। अभिषेक शर्मा औरर सैमसन ने फाइनल में मिलकर पावरप्ले में 92 रन बनाए और इस तरह से न्यूजीलैंड से मैच छीन लिया। गंभीर ने जियो स्टार पर कहा, ''हम जानते हैं कि संजू क्या कर सकता है। उसकी प्रतिभा और विस्फोटक बल्लेबाजी पर कभी कोई संदेह नहीं था। अगर वह लय में आ जाए तो पहले छह ओवरों में ही मैच जिता सकता है। सैमसन का विश्व कप से पहले



न्यूजीलैंड के खिलाफ प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था और इसलिए उन्हें आईसीसी टूर्नामेंट के शुरुआती मैचों में अंतिम एकादश में जगह नहीं मिली थी। लेकिन जिम्बाब्वे के खिलाफ करो या मरो के मैच में मौका मिलने पर सैमसन ने 15 गेंदों में 24 रन बनाकर लय हासिल की और इसके बाद अगले तीन मैच में नाबाद 97, 89 रन और 89 रन बनाए। गंभीर ने कहा, ''मैंने उसे जिम में यह बात बताई। दरअसल हम दोनों साथ में ट्रेनिंग कर रहे थे और मैंने उसे बस इतना बताया कि तुम जिम्बाब्वे के खिलाफ खेलोगे और उसने कहा, 'ठीक है।' हमारी बातचीत कुछ इसी तरह से अनौपचारिक होती है। यह किसी मुख्य कोच और खिलाड़ी के रिश्ते जैसा नहीं है। यह एक ऐसा रिश्ता है जिसमें हमारी आमने-सामने की अधिकतर बातचीत अभ्यास सत्रों के दौरान होती है। टीम में सैमसन की अनुपस्थिति में भारत के शीर्ष क्रम में ईशान किशन, अभिषेक शर्मा और तिलक वर्मा के रूप में तीन बाएं हाथ के बल्लेबाज शामिल थे। लेकिन गंभीर ने जोर देकर कहा कि सैमसन को अंतिम एकादश में शामिल करने का फैसला बाएं हाथ के बल्लेबाजों के संयोजन को तोड़ने के उद्देश्य से नहीं बल्कि टीम को अधिक आक्रामक ताकत देने के लिए लिया गया था। उन्होंने कहा, ''मुझे पता है कि बहुत से लोग इस बारे में बात करेंगे कि हम शीर्ष क्रम पर मौजूद तीनों बाएं हाथ के बल्लेबाजों के संयोजन को तोड़ना चाहते थे, ऐसा बिल्कुल नहीं है।

# एएफसी एशियन कप क्वालीफायर में 31 मार्च को हांगकांग से भिड़ेगा भारत, कोच्चि में होगा मुकाबला

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम एएफसी एशियन कप सऊदी अरब-2027 क्वालीफायर के अपने अंतिम मुकाबले में 31 मार्च को हांगकांग चीन पुरुष फुटबॉल टीम का सामना करेगी। यह मैच केरल के कोच्चि स्थित जवाहरलाल नेहरू इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। मुकाबला भारतीय समयानुसार शाम 7 बजे शुरू होगा। यह मुकाबला इसलिए भी खास माना जा रहा है, क्योंकि लगभग दस साल बाद कोच्चि का यह स्टेडियम भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम की मेजबानी करेगा। इससे पहले मार्च 2016 में भारत ने इसी मैदान पर तुर्कमेनिस्तान पुरुष फुटबॉल टीम के खिलाफ फीफा विश्व कप क्वालीफायर का मुकाबला खेला था। वह आखिरी मौका था जब भारतीय सीनियर टीम ने केरल में कोई अंतरराष्ट्रीय मैच खेला था। हालांकि भारत एएफसी एशियन कप सऊदी अरब 2027 के लिए क्वालीफाई करने की दौड़



से पहले ही बाहर हो चुका है, लेकिन टीम अपने अभियान का समापन जीत के साथ करना चाहेगी। यह मुकाबला भले ही क्वालीफिकेशन के लिहाज से औपचारिक रह गया हो, क्योंकि हांगकांग भी बाहर हो चुका है, लेकिन इसमें मिलने वाले फीफा रैंकिंग अंक दोनों टीमों के लिए काफी अहम होंगे। एएफसी एशियन कप 2027 क्वालीफायर के फाइनल राउंड में यह भारत का तीसरा अलग घरेलू मैदान होगा। इससे पहले मार्च में शिलांग में भारत ने बांग्लादेश पुरुष फुटबॉल टीम के खिलाफ मुकाबला खेला था, जबकि अक्टूबर में मडगांव में सिंगापुर पुरुष फुटबॉल टीम के खिलाफ मैच आयोजित किया गया था। अब कोच्चि में होने वाला यह मुकाबला भारतीय टीम के अभियान का आखिरी मैच होगा, जहां टीम जीत के साथ अपने क्वालीफायर अभियान को समाप्त करने की कोशिश करेगी।

# न्यूजीलैंड महिला टीम ने पहले टी-20 मैच में दक्षिण अफ्रीका को 80 रन से हराया

एजेंसी

माउंट माउंगानुई (न्यूजीलैंड)। न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम ने रविवार को मैचों की टी-20 सीरीज के पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका महिला टीम को 80 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ न्यूजीलैंड महिला टीम ने टी20 सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है।

माउंट माउंगानुई के बे ओवल मैदान पर खेले गए मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए मेजबान टीम ने 20 ओवरों में सात विकेट खोकर 190 रन का स्कोर खड़ा किया। टीम की कप्तान अमेलिया केर ने 44 गेंदों में 78 रन बनाए, जिसमें 11 चौके और दो छक्के शामिल थे। सलामी बल्लेबाज जॉर्जिया प्लिमर ने 44 गेंदों में पांच चौकों और तीन छक्कों की मदद से




63 रन बनाए। सोफी डिवाइन 12, ब्रुक हॉलिडे 13 और मैडी ग्रीन ने 10 रन का योगदान दिया। दक्षिण अफ्रीका महिला टीम के लिए मसाबाटा कलास और नादिन डी क्लर्क ने दो-दो विकेट लिए। अयाबोंगा खाका और नॉनकुलुलेको म्लाबा ने एक-एक विकेट लिया। इसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका महिला टीम 20 ओवरों में सात विकेट खोकर 110 रन ही बना सकी। टीम के लिए सलामी बल्लेबाज तजमिन ब्रिट्स ने 35 गेंदों में तीन चौकों की मदद से 29 रनों की जुझारू पारी खेली। कायला रेनेके 18 गेंदों में चार चौकों के साथ 24 रन बनाकर नाबाद रहीं। बाकी बल्लेबाज बल्ले से अच्छा प्रदर्शन करने में विफल रहे, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें 80 रनों से हार का सामना करना पड़ा। न्यूजीलैंड महिला टीम की ओर से अनुभवी सोफी डिवाइन ने शानदार गेंदबाजी का प्रदर्शन किया और चार विकेट लिए। वहीं जेस केर ने दो विकेट लिए। कप्तान अमेलिया केर को उनके शानदार अर्धशतक के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। दोनों देशों के बीच दूसरा टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच 17 मार्च को हैमिल्टन में खेला जाएगा।

# मेदवेदेव ने अल्काराज को साल की पहली हार का स्वाद चखाया, फाइनल में जगह बनाई

एजेंसी

इंडियन वेल्स (अमेरिका)। दानिल मेदवेदेव ने शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्काराज़ को इस साल की पहली हार का स्वाद चखाया और सीधे सेटों में जीत दर्ज करके इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया।

मेदवेदेव ने सेमीफाइनल में अल्काराज को 6-3, 7-6 (3) से पराजित किया। फाइनल में रूस के 11वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी मेदवेदेव का मुकाबला इटली के दूसरी वरीयता प्राप्त यानिक सिनर से होगा। सिनर ने अलेक्जेंडर ज़्वेरेव को 6-2, 6-4 से हराया। अल्काराज़ ने इससे पहले इस साल लगातार 16 मैच जीते थे, जिनमें ऑस्ट्रेलियाई ओपन और कतर ओपन के खिताब शामिल हैं। मेदवेदेव ने इस जीत से अल्काराज़ और सिनर के बीच एक और फाइनल की संभावना को खत्म कर दिया। मेदवेदेव इससे पहले अल्काराज़ के खिलाफ अपने पिछले चार मुकाबलों में हार



गए थे, जिनमें 2024 में इंडियन वेल्स के फाइनल में मिली हार भी शामिल है। मेदवेदेव की 2023 में यूएस ओपन के सेमीफाइनल के बाद यह अल्काराज़ पर पहली जीत है। सिनर ने ज़्वेरेव को एक घंटे 23 मिनट में ही हरा दिया। सिनर ने चौथी वरीयता प्राप्त ज़्वेरेव के खिलाफ छह ऐस लगाए। सिनर का ज़्वेरेव के खिलाफ रिकॉर्ड अब 7-4 हो गया है। इस टूर्नामेंट में मेदवेदेव और सिनर दोनों ने ही अभी तक एक भी सेट नहीं गंवाया है। सिनर ने मेदवेदेव के खिलाफ अपने पिछले तीन मैच जीते हैं, जिनमें 2024 में यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल की जीत भी शामिल है। इस बीच महिला युगल के फाइनल में टेलर टाउनसेंड और कैटरीना सिनियाकोवा ने अन्ना डैनिलिना और एलेक्जेंड्रा क्रुनिक को 7-6 (4), 6-4 से हराया। पुरुष युगल के फाइनल में गुइडो एंड्रेओज़ी और मैनुअल गिनार्ड ने आर्थर रिंडरकनेच और वैलेंटीन वाचेरोट को 7-6 (3), 6-3 से पराजित किया। मिश्रित युगल में बेलिंडा बेनसिच और फ्लेवियो कोबोली ने शीर्ष वरीयता प्राप्त गैब्रिएला डाब्रोव्स्की और लॉयड ग्लासपूल को 6-3 2-6, 10-7 से हराया।

# पश्चिम एशिया संकट के बीच निर्यात खेप के लिए अग्रिम योजना बना रहे हैं निर्यातक

एजेंसी

नयी दिल्ली। पश्चिम एशिया में जारी संकट के कारण निर्यात पर पड़ने वाले असर को कम करने के लिए निर्यातक और लॉजिस्टिक्स कंपनियां पोत परिवहन कंपनियों की गतिविधियों पर नजर रख रही हैं, अपनी खेप की पहले से योजना बना रही हैं और वैकल्पिक मार्गों की तलाश कर रही हैं। निर्यातकों का कहना है कि कारोबारी हालात को देखते हुए कंपनियां अपने भंडार, अनुबंध और खेप की समय-सारिणी में भी लचीलापन ला रही हैं, ताकि जरूरत पड़ने पर जल्दी बदलाव किया जा सके। उद्योग से जुड़े लोगों के अनुसार, नियमित सलाह जारी करना, अतिरिक्त शुल्क को लेकर शिपिंग या माल ढुलाई वाले जहाज का परिचालन करने वाली कंपनियों से बातचीत करना, कंटेनर की उपलब्धता सुनिश्चित करना और अनुपालन की समय-सीमा में लचीलापन देना जैसे कदम इस संकट से निपटने में उद्योग के लिए मददगार हो सकते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि उद्योग संगठनों और सरकार के बीच लगातार संवाद बनाए रखना भी जरूरी है। भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) के अध्यक्ष एस सी रल्हन ने कहा, ल्र्हालात में फिलहाल सुधार नहीं दिख रहा है, लेकिन हम अपने निर्यात को संभालने की कोशिश कर रहे हैं। पोत परिवहन कंपनियों को इस स्थिति का अनुचित फायदा नहीं उठाना चाहिए। पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव, खासकर होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास की स्थिति, भारत के निर्यात के लिए अनिश्चितता पैदा कर रही है। इसका असर निर्यात खेप भेजने के कार्यक्रम, लागत, बीमा प्रीमियम और आपूर्ति श्रृंखला पर पड़ रहा है। निर्यातक बदलते हालात पर नजर रखे हुए हैं, क्योंकि अतिरिक्त शुल्क और लंबा परिवहन समय माल की आवाजाही को प्रभावित कर रहे हैं।

# एलपीजी की कमी के बीच वैकल्पिक रास्ता अपना रहे रेस्तरां, ऑर्डर में हो रहा है सुधार: मैजिकपिन सीईओ

एजेंसी

नयी दिल्ली। खाने-पीने के सामान की ऑनलाइन ऑर्डर पर डिलिवरी करने वाले मंच मैजिकपिन ने कहा है कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष की वजह से वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कमी से प्रभावित रेस्तरांओं के ऑर्डर में अब सुधार देखने को मिल रहा है। मैजिकपिन के संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अंशू शर्मा ने कहा कि रेस्तरांओं ने अपने 'मेन्यू' में समायोजन किया है और साथ ही वे खाना पकाने के वैकल्पिक तरीके अपना रहे हैं। शर्मा ने कहा कि एलपीजी आपूर्ति में संकट का ज्यादातर असर छोटे रेस्तरांओं पर पड़ा है जो खाना पकाने के लिए सिलेंडर पर बहुत ज्यादा निर्भर हैं और जिनके पास वित्तीय संसाधनों की कमी है। शर्मा ने कहा कि खाना पकाने के लिए एलपीजी पर काफी ज्यादा निर्भर रेस्तरांओं के ऑर्डर में शुरुआत में पांच-



10 प्रतिशत की गिरावट आई थी, लेकिन अब मांग में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा कि रेस्तरांओं ने एलपीजी की आपूर्ति की दिक्कतों के बीच अपने मेन्यू में कुछ बदलाव किया है और इंडक्शन, लकड़ी से जलने वाले चूल्हों और इलेक्ट्रिक ओवन जैसे दूसरे तरीके अपनाएं हैं। शर्मा ने कहा कि मैजिकपिन अगले कुछ दिन में सबसे प्रभावित लगभग 10,000 रेस्तरां भागीदारों को इंडक्शन कुकिंग स्टोव बांटने की योजना बना रही है ताकि उन्हें अपना कारोबारी परिचालन जारी रखने में मदद मिल सके। उन्होंने कहा कि रेस्तरां क्षेत्र ने इन व्यवधानों के दौरान मजबूती दिखाई है, और उद्योग पर मौजूदा संकट थोड़े समय के लिए ही रहने की उम्मीद है। रेस्तरां मालिकों का कहना है कि वे इस संकट से निपटने के लिए इलेक्ट्रिक ओवन और इंडक्शन कुकर जैसे विकल्प अपना रहे हैं, साथ ही उन व्यंजनों को प्राथमिकता दे रहे हैं जिन्हें पकने में कम समय लगता है। पिज्जा-ए-गुडनेस के मालिक नरेंद्र यादव ने कहा, ''एलपीजी की कमी ने रसोई के कामों को मुश्किल बना दिया है। कुछ व्यंजन जिन्हें पकाने में ज्यादा समय लगता है, उन्हें कम कर दिया गया है। हम जहां भी संभव है इलेक्ट्रिक ओवन और इंडक्शन का इस्तेमाल कर रहे हैं। कोई भी रेस्तरां अपना मेन्यू कम नहीं करना चाहता, लेकिन हमें रसोई को चालू रखने के लिए खुद को बदलना होगा।

# पेट्रोल-डीजल के दाम स्थिर रखने के लिए रिफाइनरी कीमतों पर 'रोक' लगाने की तैयारी

एजेंसी

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनियां (ओएमसी) ईंधन की खुदरा कीमतों में वृद्धि नहीं करने की वजह से उन्हें हो रहे घाटे को कम करने के लिए रिफाइनरियों को पेट्रोल और डीजल की आयातित दरों से कम कीमत देने पर विचार कर रही हैं। इस कदम से एमआरपीएल, सीपीसीएल और एचएमएल जैसी एकल रिफाइनरी कंपनियों पर बुरा असर पड़ सकता है। पश्चिम एशिया संकट से पहले अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें लगभग 70 डॉलर प्रति बैरल थीं, जो अब बढ़कर 100 डॉलर के पार पहुंच गई हैं। हालांकि, भारत में पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतें स्थिर बनी हुई हैं, जिससे पेट्रोलियम विपणन कंपनियों को इस बढ़ोतरी का बोझ खुद उठाना पड़ रहा है। मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने बताया कि ओएमसी अब रिफाइनरी हस्तांतरण शुल्क (आरटीपी) पर रोक लगाने या उस पर छूट तय करने के विकल्प पर विचार कर रही हैं। आरटीपी वह आंतरिक कीमत होती है, जिस पर रिफाइनरियां अपने विपणन खंड को ईंधन बेचती हैं। इस कदम का मकसद रिफाइनरियों को पेट्रोल और डीजल की आयात-समता लागत से कम भुगतान करना है। यदि वैश्विक स्तर पर तेल की कीमतें ऊंची बनी रहती हैं, तो इस प्रस्तावित कदम से रिफाइनरियां कच्चे तेल की बढ़ी हुई लागत का पूरा बोझ आरटीपी के जरिये आगे नहीं बढ़ा पाएंगी और उन्हें इस प्रभाव का एक हिस्सा खुद वहन करना होगा। सूत्रों के अनुसार, इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन (एचपीसीएल) जैसी एकीकृत कंपनियां अपने रिफाइनिंग और विपणन परिचालन के बीच इस घाटे की भरपाई कर सकती हैं। दूसरी ओर मैंगलोर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (एमआरपीएल), चेन्नई पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (सीपीसीएल) और एचपीसीएल-मित्तल एनर्जी लिमिटेड (एचएमईएल) जैसी एकल रिफाइनरियों का खुदरा बाजार में नहीं के बराबर दखल है।

# पश्चिम एशिया के हालात, कच्चे तेल की कीमतों से तय होगी शेयर बाजार की चाल: विश्लेषक

एजेंसी

नयी दिल्ली। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव इस सप्ताह शेयर बाजार की दिशा तय करने वाले प्रमुख कारक होंगे। विश्लेषकों ने कहा कि इसके अलावा अमेरिकी फ़ेडरल रिजर्व के ब्याज दर के फैसले और मुद्रास्फीति के आंकड़े भी बाजार को प्रभावित करेंगे।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के शोध उपाध्यक्ष अजित मिश्रा ने कहा कि यह सप्ताह घरेलू और वैश्विक स्तर पर कई महत्वपूर्ण घटनाक्रमों और आंकड़ों से भरा है। उन्होंने बताया कि भू-राजनीतिक घटनाक्रमों पर विशेष नजर रहेगी, क्योंकि कच्चे तेल की कीमतों पर उनका प्रभाव बाजार की समग्र दिशा को प्रभावित कर सकता है। घरेलू मोर्चे पर, बाजार थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति, व्यापार संतुलन के आंकड़े और विदेशी मुद्रा भंडार जैसे प्रमुख व्यापक आर्थिक संकेतकों पर नजर रखेंगे। लाइवलॉन्ग वेल्थ के संस्थापक और शोध विश्लेषक हरिप्रसाद के. ने बताया कि वैश्विक जोखिम धारणा बिगड़ने, पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की लगातार बिकवाली के कारण भारतीय बाजार पिछले सप्ताह भारी दबाव में रहे। पिछले सप्ताह

## शेयर समीक्षा

बीएसई सेंसेक्स 4,354.98 अंक या 5.51 प्रतिशत टूट गया, जबकि एनएसई निफ्टी में 1,299.35 अंक या 5.31 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। पिछले महीने 27 फरवरी से अब तक सेंसेक्स 6,723.27 अंक या 8.27 प्रतिशत नीचे आ चुका है। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि होर्मुज जलडमरूमध्य में जारी गतिरोध वैश्विक कच्चे तेल आपूर्ति को सख्त बना सकता है, जिससे एशिया में मुद्रास्फीति बढ़ सकती हैं। एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पोनमुडी आर ने कहा कि आने वाले सप्ताह में काफी उतार-चढ़ाव रहने की उम्मीद है। पश्चिम एशिया के संघर्ष के कारण पोत परिवहन में होने वाली किसी भी देरी के चलते भारत जैसे उभरते बाजारों में वैश्विक पूंजी आवंटन पर असर पड़ सकता है। विदेशी निवेशकों ने मार्च के पहले पखवाड़े में घरेलू शेयरों से लगभग 52,704 करोड़ रुपये निकाले हैं। इसका मुख्य कारण पश्चिम एशिया में तनाव, रुपये की कमजोरी और भारतीय वृद्धि दर पर कच्चे तेल की ऊंची कीमतों का प्रभाव है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के



शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि इस सप्ताह निवेशकों की नजर यूरो क्षेत्र के सीपीआई आंकड़ों, बैंक ऑफ इंग्लैंड (बीओई) और यूरोपीय केंद्रीय बैंक (ईसीबी) के नीतिगत फैसलों तथा अमेरिकी नौकरियों के आंकड़ों पर भी रहेगी।

# सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में बीते सप्ताह 4.48 लाख करोड़ रुपये की भारी गिरावट

नयी दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 4.48 लाख करोड़ रुपये की भारी गिरावट आई। सबसे ज्यादा नुकसान भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और एचडीएफसी बैंक को हुआ। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 4,354.98 अंक या 5.51 प्रतिशत नीचे आ गया, जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 1,299.35 अंक या 5.31 प्रतिशत के नुकसान में रहा। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों ने पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के बीच महंगाई के दबाव और वैश्विक आर्थिक स्थिरता को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं, जिससे स्थानीय शेयर बाजार बुरी तरह प्रभावित हुआ है। समीक्षाधीन सप्ताह में एसबीआई का बाजार मूल्यांकन सबसे ज्यादा 89,306.22 करोड़ रुपये घटकर 9,66,261.05 करोड़ रुपये पर आ गया। एचडीएफसी बैंक की बाजार हैसियत 61,715.32 करोड़ रुपये घटकर 12,57,391.76 करोड़ रुपये रही। बजाज फाइनेंस का मूल्यांकन 59,082.49 करोड़ के नुकसान के साथ 5,32,053.54 करोड़ रुपये और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का बाजार पूंजीकरण 53,312.52 करोड़ रुपये घटकर 8,72,067.63 करोड़ रुपये रह गया। आईसीआईसीआई बैंक की बाजार हैसियत 42,205.04 करोड़ घटकर 8,97,844.78 करोड़ रुपये और भारती एयरटेल का मूल्यांकन 38,688.78 करोड़ के नुकसान के साथ 10,28,431.72 करोड़ रुपये रह गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज के मूल्यांकन में 33,289.88 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह 18,68,293.17 करोड़ रुपये रह गया। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का मूल्यांकन 31,245.49 करोड़ रुपये घटकर 4,88,985.57 करोड़ रुपये और इन्फोसिस का पूंजीकरण 24,230.96 करोड़ रुपये घटकर 5,06,315.58 करोड़ रुपये रह गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर की बाजार हैसियत 15,401.57 करोड़ रुपये घटकर 5,07,640.94 करोड़ रुपये रह गई। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम पर रही। उसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, एसबीआई, आईसीआईसीआई बैंक, टीसीएस, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, इन्फोसिस और एलआईसी का स्थान रहा।

# भाजपा की सरकार में एक-एक घुसपैठिए को बाहर निकाला जाएगा : अमित शाह

एजेंसी

गुवाहाटी। भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो), असम प्रदेश के सौजन्य से गुवाहाटी के खानापारा स्थित पशु चिकित्सा महाविद्यालय के खेल मैदान में आयोजित 'युवा शक्ति समारोह' में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कांग्रेस पर जमकर हमला बोलते हुए राज्य में घुसपैठियों का संरक्षण करने का आरोप लगाया, साथ ही राज्य के सामूहिक विकास के लिए भाजपा को वोट देने का आह्वान किया। रविवार को राज्य के 1.5 लाख से अधिक युवाओं को गृह मंत्री ने संबोधित करते हुए उपरोक्त आह्वान किया।

इस कार्यक्रम में भाजयुमो के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और दरंग-उदालगुड़ी



निर्वाचन क्षेत्र से सांसद दिलीप सैकिया, केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल, केंद्रीय मंत्री पवित्र मार्घेरिटा और प्रदेश भाजपा के कई अन्य वरिष्ठ नेता, मंत्री, सांसद एवं विधायक भी कार्यक्रम में मौजूद थे। भाजयुमो के इस कार्यक्रम के जरिए आज राज्य के प्रत्येक जिले के युवा मतदाताओं ने भाजपा की चुनावी रणभेरी बजाई। असम के विकास और उत्थान की यात्रा में युवा शक्ति के संकल्प को दृढ़ करने के लिए यह युवा शक्ति समारोह आयोजित किया गया था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि असम की युवा शक्ति के इस महासमागम ने राज्य में भाजपा के जनसमर्थन की मजबूत तस्वीर पेश की है। उन्होंने उल्लेख किया कि कुछ दिन पहले मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने उन्हें फोन करके युवाओं के सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया था। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि भारत की कोई भी राजनीतिक पार्टी इस तरह का विशाल युवा सम्मेलन आयोजित नहीं कर सकी है। उन्होंने असम के युवाओं के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त की। अमित शाह ने कहा कि हिमंत बिस्व सरमा के नेतृत्व में असम में विकास की प्रक्रिया जारी है। शाह ने दावा किया कि असम सरकार ने किसी भी प्रकार का भेदभाव किए बिना लगभग 1 लाख 65 हजार नौकरियां प्रदान की हैं, जो राज्य के इतिहास में एक उल्लेखनीय कदम है। समारोह में बोलते हुए उन्होंने कांग्रेस दल की तीखी आलोचना की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के दिनों में चाय बागान के श्रमिकों की मजदूरी 94 रुपये थी। भाजपा के दिनों में हिमंत बिस्व सरमा सरकार ने इसे 280 रुपये तक बढ़ा दिया। कांग्रेस अपने लोगों के बारे में सोचती है, भाजपा असम के बारे में सोचती है। गृह मंत्री के अनुसार कांग्रेस के शासनकाल में असम की भाषा और संस्कृति (जाति, माटी, भेटी) का सम्मान नहीं किया जाता था। वहीं, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में ऐतिहासिक वीर लचित बरफूकन का गौरव विश्व के सामने उज्जवल रूप से प्रस्तुत किया गया है। अमित शाह ने कहा कि भाजपा सरकार के समय लगभग 10,800 हथियारबंद लोगों ने आत्मसमर्पण किया है, जिसके परिणामस्वरूप राज्य में शांति और अनुशासन मजबूत हुआ है। उन्होंने दावा किया कि घुसपैठियों के कब्जे वाली बड़ी मात्रा में भूमि को मुक्त कराया गया है और आने वाले समय में यह अभियान जारी रहेगा। केंद्रीय गृह मंत्री ने राज्य में अवैध घुसपैठ को लेकर कांग्रेस पर बड़ा हमला करते हुए कहा कि भाजपा की अगली सरकार में एक-एक घुसपैठिए को चुन-चुनकर बाहर निकाला जाएगा।

## ममता ने पुजारियों, मुअज्जिनों का मानदेय बढ़ाने की घोषणा की

एजेंसी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को राज्य में हिंदू पुजारियों और मुस्लिम मुअज्जिनों के मासिक मानदेय में वृद्धि की घोषणा की और कहा कि यह कदम राज्य की आध्यात्मिक एवं सामाजिक परंपराओं को बनाए रखने में उनकी भूमिका को मान्यता देने के उद्देश्य से उठाया गया है।

सुश्री बनर्जी ने अपने आधिकारिक व्हाट्सएप चैनल पर एक संदेश में कहा कि पुजारियों और मुअज्जिनों को दिए जाने वाले मासिक मानदेय में 500 रुपये की वृद्धि की जाएगी, जिससे कुल मानदेय 2,000 रुपये प्रति माह हो जाएगा। यह घोषणा ऐसे समय में आई है जब राज्य सरकार विभिन्न सामुदायिक समूहों को लक्षित कल्याणकारी योजनाओं का विस्तार कर रही है। राज्य की व्यापक कल्याणकारी पहलों के अंतर्गत सुश्री बनर्जी के कार्यकाल में धार्मिक पदाधिकारियों के लिए मानदेय योजना शुरू की गई थी। इस कार्यक्रम के अंतर्गत, पंजीकृत हिंदू पुजारियों और मुस्लिम मुअज्जिनों को सरकार से मासिक वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है, जिसका उद्देश्य उन व्यक्तियों की सहायता करना है जो अक्सर अपनी आजीविका के लिए समुदाय के मामूली योगदान पर निर्भर रहते हैं।

ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस की नेता सुश्री बनर्जी ने कहा कि यह निर्णय सांस्कृतिक रूप से विविध राज्य में सामाजिक सद्भाव एवं समावेशिता के प्रति उनकी सरकार के दृष्टिकोण को दर्शाता है। यह घोषणा ऐसे समय में की गई है जब आगामी विधानसभा चुनावों से पहले पश्चिम बंगाल का राजनीतिक माहौल गरमा रहा है और पार्टियां विभिन्न सामाजिक समूहों तक अपनी पहुंच बढ़ाने की हर संभव प्रयास कर रही हैं। राज्य सरकार का कहना है कि यह योजना धार्मिक सेवा प्रदाताओं के लिए कल्याणकारी सहायता के रूप में बनाई गई है जबकि विपक्ष ने अतीत में इस नीति पर सवाल उठाते हुए तर्क दिया है कि राज्य के धन का उपयोग धार्मिक उद्देश्यों के लिए नहीं होना चाहिए।

### दत्तात्रेय होसबाले ने बंगलादेश में हिंदुओं की सुरक्षा पर जतायी चिंता, कहा–

## पड़ोसी देशों से बेहतर संबंध जरूरी

एजेंसी

नयी दिल्ली/पानीपत। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने रविवार को बंगलादेश में हिंदूओं की सुरक्षा पर चिंता जताते हुये कहा कि भारत का पड़ोसी देशों के साथ अच्छे संबंध पूरे एशिया के विकास और सुरक्षा के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। श्री होसबाले ने यह बात हरियाणा के पानीपत के समालखा में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा के संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुये पत्रकारों से कही।

श्री होसबाले ने इस अवसर पर कहा कि हाल के समय में बांग्लादेश और नेपाल में सामाजिक और राजनीतिक बदलाव के बाद नई सरकारें बनी हैं। ऐसे में दोनों देशों में शांति और स्थिरता जरूरी है और भारत के साथ उनके अच्छे संबंध क्षेत्रीय विकास के लिए अहम हैं। उन्होंने बंगलादेश में हिंदू समुदाय की सुरक्षा को लेकर चिंता भी जताई।

श्री होसबाले ने अपने संबोधन में कहा कि यह कहना गलत है कि केवल आरएसएस कार्यकर्ता ही देशभक्त हैं। उन्होंने कहा कि संघ ऐसा दावा नहीं करता है। उन्होंने तीन दिवसीय अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव और सुझाव रखे जाने की जानकारी दी। जिनमें नेपाल और बंगलादेश के साथ संबंध बेहतर करने का सुझाव भी शामिल है।

श्री होसबाले ने बताया कि सभा में आरएसएस के शताब्दी वर्ष (2025-26) की वार्षिक रिपोर्ट भी पेश की गई। रिपोर्ट के अनुसार पिछले एक वर्ष में देशभर में संघ की 88,949 शाखाएं लगीं, जो पिछले वर्ष की तुलना में 5,820 अधिक हैं। रिपोर्ट में केरल, तमिलनाडु सहित दक्षिण भारत और पूर्वोत्तर राज्यों में संघ की गतिविधियों और वहां की चुनौतियों का भी जिक्र किया गया है।

श्री होसबाले ने एक सवाल के जवाब में कहा कि संघ में यदि दायित्वों में कोई बदलाव होगा तो उसकी घोषणा बाद में की जाएगी। उन्होंने ईरान से जुड़े अंतरराष्ट्रीय मुद्दे पर कहा कि इसमें संघ की कोई भूमिका नहीं है और उन्हें विश्वास है कि भारत सरकार देशहित में सही निर्णय ले रही है।

श्री होसबाले ने संघ में मुस्लिम और महिलाओं की भागीदारी पर कहा कि किसी भी धर्म का व्यक्ति संघ से जुड़ सकता है और पहले से कई मुस्लिम कार्यकर्ता संघ में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं की भागीदारी भी संघ की अन्य कार्यप्रणालियों में बड़ी संख्या में है, हालांकि शाखा की नियमित गतिविधियों में वह शामिल नहीं होतीं।

## संसदीय लोकतंत्र के बिरले स्तंभ हैं 'बिरला'

### लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ विश्वास प्रस्ताव नामंजूर होने के बाद मोदी ने उनको लिखा पत्र

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव खारिज होने के बाद रविवार को उन्हें पत्र लिख कर उनके संयमित और निष्पक्ष संचालन की सराहना की है।

श्री मोदी ने अपने पत्र में कहा कि संसद के भीतर लोकतांत्रिक परंपराओं और मर्यादाओं को बनाए रखने में अध्यक्ष की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होती है और हालिया घटनाक्रम में उन्होंने इसे प्रभावी ढंग से निभाया है। इस पत्र के जवाब में लोकसभा श्री बिरला ने प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का पत्र भारतीय संसदीय लोकतंत्र के प्रति उनके गहरे विश्वास को दर्शाता है।

श्री मोदी ने अपने पत्र में लिखा कि लोकसभा में श्री बिरला के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव सदन में खारिज हो गया, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि संसद ने विपक्ष के इस कदम को स्वीकार नहीं किया। उन्होंने कहा कि सदन के संचालन में अध्यक्ष के तौर पर श्री बिरला ने जिस संतुलन, धैर्य और स्पष्टता का परिचय दिया, वह संसदीय परंपराओं के अनुरूप और अत्यंत सराहनीय है। पत्र में श्री मोदी ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत उसकी संस्थाएं हैं और संसद इन संस्थाओं का प्रमुख मंच है। संसद में उठने वाली हर आवाज देश के करोड़ों नागरिकों की उम्मीदों और आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करती है। ऐसे में लोकसभा अध्यक्ष का दायित्व केवल कार्यवाही का संचालन करना नहीं है, बल्कि लोकतांत्रिक परंपराओं, नियमों और संस्थागत गरिमा की रक्षा करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

श्री मोदी ने पत्र में लिखा कि लोकतंत्र में मतभेद होना स्वाभाविक है और विचारों की विविधता ही लोकतंत्र को जीवंत बनाती है। लेकिन असहमति और असम्मान के बीच एक स्पष्ट अंतर होता है। उन्होंने कहा कि कई बार राजनीतिक मतभेदों के कारण संसदीय मर्यादाओं पर प्रश्न उठने लगते हैं, ऐसे समय में अध्यक्ष की निष्पक्षता और संयम लोकतंत्र की मूल भावना को बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। श्री मोदी ने पत्र में यह भी कहा कि सदन में सभी सांसदों को अपनी बात रखने का समान अवसर मिलना चाहिए। युवा सांसद हों, पहली बार निर्वाचित होकर आए प्रतिनिधि हों या महिला सांसद–सभी को बोलने का अवसर देना लोकतंत्र को और मजबूत बनाता है। उन्होंने कहा कि श्री बिरला ने अपने कार्यकाल में लगातार यह प्रयास किया है कि अधिक से अधिक सांसदों को सदन में अपनी बात रखने का मौका मिले। श्री मोदी पत्र में यह भी उल्लेख किया कि राष्ट्रीय जिम्मेदारियों के साथ-साथ लोकसभा अध्यक्ष ने अपने संसदीय क्षेत्र के विकास कार्यों को भी लगातार प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि संसद की गरिमा बनाए रखते हुए क्षेत्र के विकास के लिए सक्रिय रहना जनप्रतिनिधि की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। श्री मोदी ने विश्वास व्यक्त किया कि श्री बिरला आगे भी इसी निष्पक्षता, धैर्य और प्रतिबद्धता के साथ लोकसभा का संचालन करते रहेंगे और लोकतांत्रिक संस्थाओं को और मजबूत बनाने में योगदान देंगे। श्री बिरला ने प्रधानमंत्री के पत्र के जवाब में उनका आभार व्यक्त करते हुये कहा कि श्री मोदी हमेशा संसद की मूल प्रकृति–संवाद, तर्क और विचार-विमर्श–को महत्व देते हैं और सदन में उठने वाली हर आवाज को देश के नागरिकों की आवाज के रूप में सम्मान देते हैं।

# पेज एक का शेष

### पांच राज्यों में ...

अधिकारियों के साथ विस्तृत विचार-विमर्श के बाद किया है। संवाददाता सम्मेलन में चुनाव आयुक्त डॉ. एस.एस. संधु और विवेक जोशी भी उपस्थित थे। श्री कुमार ने कहा, ''आयोग प्रत्येक मतदाता का मतदान केंद्र पर स्वागत करने के लिए तैयार है। हम खासकर पहली बार वोट डालने वाले और युवा मतदाताओं से अपील करते हैं कि वे अपने मताधिकार का उत्साह, आत्मसम्मान और विवेक के साथ प्रयोग कर लोकतंत्र में अपनी जिम्मेदारी निभायें।'' उन्होंने बताया कि आयोग ने चुनाव कार्यक्रम तैयार करने से पहले चारों राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश का दौरा कर राजनीतिक दलों, प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों तथा चुनाव अधिकारियों के साथ विस्तृत विचार-विमर्श किया। पश्चिम बंगाल में चुनाव इस बार केवल दो चरणों में सम्पन्न कराने के आयोग के निर्णय के बोर में पूछे जाने पर श्री कुमार ने कहा कि आयोग ने इस पर विस्तृत चर्चा की और यह राय बनी कि चुनाव के चरणों की संख्या कम की जाये ताकि यह सभी के लिए सुविधाजनक हो। पश्चिम बंगाल के पिछले चुनाव में हिंसा में लिप्त होने के आरोप में शामिल पुलिस कर्मियों की आगामी चुनाव में ड्यूटी के बारे में उन्होंने कहा कि ऐसे अधिकारियों के खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई की जायेगी। राज्य में कुल मतदाताओं की संख्या के बारे में उन्होंने कहा कि मौजूदा सूची के अलावा पूरक सूची भी जारी की जा सकती है। उच्चतम न्यायालय के आदेशों के अनुसार कोलकाता उच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों के अनुसार गहन पुनरीक्षण के दौरान हटाये गये नामों की कानूनी समीक्षा कर रहे न्यायाधीश गण पूरक सूची जारी कर सके हैं। चुनाव आयोग ने इसके साथ ही गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, कर्नाटक, नागालैंड और त्रिपुरा विधानसभा की आठ रिक्त सीटों के लिए उपचुनाव अप्रैल महीने में कराने की घोषणा की है। गोवा, नागालैंड और त्रिपुरा में एक-एक और कर्नाटक की दो सीटों के लिए उपचुनाव नौ अप्रैल को तथा गुजरात की एक और महाराष्ट्र की दो सीटों के लिए उपचुनाव 23 अप्रैल को कराये जाएंगे। इनकी मतगणना भी चार मई को ही की जायेगी। चुनाव आयोग ने कहा कि औसतन प्रत्येक मतदान केंद्र पर 750 से 850 मतदाता होंगे, लेकिन किसी भी मतदान केंद्र पर 1,200 से ज्यादा मतदाता नहीं होंगे। असम में 2,50,21,408 मतदाताओं के लिए कुल 28,205 मतदान केंद्र स्थापित किये गये हैं। पश्चिम बंगाल में 6,45,61,152 मतदाता 80,719 मतदान केंद्रों पर अपना वोट डाल सकेंगे। तमिलनाडु में कुल 5,67,74,436 मतदाता हैं जिनके लिए 75,032 मतदान केंद्र निर्धारित हैं। केरल में 2,71,06,059 मतदाता हैं जिनके लिए 30,471 मतदान केंद्र बनाये गये हैं। पुडुचेरी में 9,44,539 मतदाता 1,099 मतदान केंद्रों पर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। आयोग ने कहा है कि मतदाताओं की सुविधा के लिए मतदान केंद्रों पर छाया और पेयजल के समुचित प्रबंध होंगे। आयोग ने 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं के लिए घर पर मतदान करने की सुविधा प्रदान की है। उनके लिए वाहन सुविधा उपलब्ध कराने की व्यवस्था भी की गयी है।

### पश्चिम बंगाल में अलग...

उन्होंने कहा, ''विद्वान जज एक-एक मामले की जांच कर रहे हैं, और जिनके भी नाम को वे मंजूरी देंगे उसे पूरक सूची के माध्यम से अंतिम मतदाता सूची में जगह दी जायेगी। उल्लेखनीय है कि पश्चिम बंगाल में दो चरणों में 23 और 29 अप्रैल को मतदान होगा। मतगणना चार मई को होगी। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा से करीब आधे घंटे पहले पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा महंगाई भत्ता बढ़ाने की घोषणा के बारे में पूछे जाने पर श्री कुमार ने स्पष्ट किया कि चुनाव की घोषणा से पहले सरकार के कामकाज आदर्श चुनाव आचार संहिता के दायरे में नहीं आते।

### सुरक्षा परिषद की व्यवस्था ...

ब्रिटेन और अमेरिका वीटो शक्ति वाले पांच स्थायी सदस्य हैं, जबकि 10 अस्थायी सदस्य दो साल के कार्यकाल के लिए निर्वाचित होते हैं और उनके पास वीटो शक्ति नहीं होती। भारत सुरक्षा परिषद में सुधार की मांग करने के प्रयासों में दशकों से अग्रणी रहा है जिसमें इसकी स्थायी और अस्थायी दोनों श्रेणियों में विस्तार की मांग शामिल है। भारत ने इस बात पर जोर दिया है कि वह सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्य का हकदार है।

### बिना गारंटी और...

उसके पड़ोसी अरब देशों के मधुर संबंधों में दरार पैदा करना है। श्री अराघची ने यह भी सनसनीखेज दावा किया कि अमेरिका ने ईरान के 'शाहिद' की तरह ही 'लुकास' नामक एक नया ड्रोन बनाया है, जिसका उपयोग अरब देशों में ठिकानों को निशाना बनाने के लिए किया गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर ईरान के ऊर्जा केंद्रों या तेल सुविधाओं को निशाना बनाया गया, तो तेहरान इसका कड़ा जवाब देगा। ऐसी स्थिति में ईरान इस क्षेत्र में सक्रिय अमेरिकी कंपनियों की ठिकानों पर सीधा हमला करेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने से प्रभावित सभी देशों से फारस की खाड़ी में अपने जहाज भेजने और सामूहिक प्रयास के अंतर्गत अमेरिका को इस रणनीतिक जलडमरूमध्य को खोलने में मदद करने का आग्रह किया है। श्री ट्रंप ने दावा किया कि अमेरिका ने ईरान को पूरी तरह से नष्ट कर दिया है और उसकी सैन्य क्षमता को शत प्रतिशत खत्म कर दिया है। श्री ट्रंप ने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि चीन, फ्रांस, जापान, दक्षिण कोरिया, ब्रिटेन और अन्य देश, जो इस कृत्रिम प्रतिबंध से प्रभावित हैं, उस क्षेत्र में जहाज भेजेंगे ताकि होर्मुज जलडमरूमध्य पर ईरान के खतरे को कम किया जा सके। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने ईरान को सैन्य, आर्थिक तौर पर पूरी तरह से नष्ट कर दिया है लेकिन दुनिया के जिन देशों को होर्मुज जलडमरूमध्य के माध्यम से तेल मिलता है उन्हें उस मार्ग का ध्यान रखना होगा। श्री ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा, 'हम भरपूर मदद करेंगे। अमेरिका उन देशों के साथ समन्वय भी करेगा ताकि सब कुछ जल्दी, सुचारू और अच्छी तरह से हो सके। यह हमेशा से एक सामूहिक प्रयास होना चाहिए था और अब यह होगा। यह दुनिया को सद्भाव, सुरक्षा एवं शाश्वत शांति के लिए एकजुट करेगा। उन्होंने दावा किया कि कई देश, विशेष रूप से वे देश जो ईरान द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने से प्रभावित हैं, जलडमरूमध्य को खुला एवं सुरक्षित रखने के लिए अमेरिका के साथ मिलकर युद्धपोत भेजेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा 'किसी भी तरह से हम जल्द ही होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलकर सुरक्षित और स्वतंत्र बना देंगे।

लेबनान के साथ सीधी...

रोकने के लिए गंभीर कदम उठाएगी। उन्होंने कहा कि इजरायल और अमेरिका ईरान के खिलाफ संघर्ष जारी रखने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं और यह अभियान तब तक जारी रहेगा जब तक उनके लक्ष्य पूरे नहीं हो जाते। श्री सार ने यह भी कहा कि कुछ मीडिया रिपोर्टों के विपरीत इजरायल के पास मिसाइल रोधी प्रणालियों की कोई कमी नहीं है।

यह घटनाक्रम ऐसे समय सामने आया है जब 28 फरवरी से अमेरिका और इजरायल के ईरान पर हमलों के बाद क्षेत्र में तनाव बढ़ गया है। इसके जवाब में ईरान और उससे जुड़े समूहों, जिनमें हिज्बुल्लाह भी शामिल है, ने मध्य पूर्व में इजराइली और अमेरिकी हितों को निशाना बनाकर हमले किए हैं।

सपा का पीडीए प्रेम...

जुड़ने से सपा की राजनीतिक व जातिवादी वैरता और तीव्र हो गई है। उन्होंने सामाजिक परिवर्तन व आर्थिक मुक्ति मूवमेंट को तन, मन, धन से मजबूत बनाने और विधानसभा चुनाव में सत्ता की मास्टर चाबी हासिल करें। सपा व अन्य विरोधी पार्टियों की कथनी-करनी में अंतर होने से वे सही पार्टियां नहीं हैं। विपक्षी पार्टियों के हर तरह के छलावे व दिखावे से सावधान रहना जरूरी है। लखनऊ व नोएडा में दो बड़ी सभाओं के साथ ही अन्य राज्यों में कांशीराम जयंती पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। केंद्र कांशीराम को भारतरत्न देमायावती ने कहा कि कांग्रेस ने डा. भीमराव अंबेडकर को भारतरत्न से सम्मानित नहीं किया। भाजपा सरकार भी बुहजन नायक कांशीराम को भारतरत्न से सम्मानित करने में और देरी न करे, क्योंकि देश में संविधान की मंशा के अनुसार समतामूलक समाज तैयार करने में उनका योगदान ऐतिहासिक है और इस कारण वह भी लोगों के दिलों में बसते हैं।

न्यायिक व्यवस्था...

कर्तव्य भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं और हर नागरिक को उनका पालन करना चाहिए। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि हिमाचल प्रदेश ने अपनी प्राकृतिक सुंदरता और विरासत को संजोकर रखा है। इसलिए लोगों में अधिकारों और कर्तव्यों दोनों के बारे में जागरूकता बढ़ाने की ज़रूरत है। उन्होंने संवैधानिक ज़िम्मेदारियों के बारे में लोगों की समझ को मज़बूत करने के लिए ज़मीनी स्तर पर इसी तरह के कानूनी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की ज़रूरत पर भी ज़ोर दिया। मुख्य न्यायाधीश ने हिमाचल प्रदेश के लोगों द्वारा दिखाए गए स्नेह के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके प्यार और सम्मान ने उन्हें एक बार फिर इस राज्य में वापस ला दिया है। श्री सुक्खू ने मुख्य न्यायाधीश का स्वागत करते हुए कहा कि हर नागरिक के लिए न्याय तक पहुँच और अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करना राज्य सरकार की एक प्रमुख प्रतिबद्धता बनी हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार संविधान की भावना के अनुरूप समावेशी विकास और सामाजिक न्याय की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, सामाजिक सुरक्षा और पारदर्शी शासन के माध्यम से, सरकार लोकतांत्रिक संस्थाओं को मज़बूत करते हुए समाज के सभी वर्गों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने देश में अपनी तरह के पहले कानून के माध्यम से लगभग 6,000 अनाथ बच्चों को ''राज्य के बच्चे'' के रूप में गोद लिया है। उन्होंने यह भी बताया कि सरकार ने लड़कियों के लिए शादी की कानूनी उम्र बढ़ाकर 21 साल कर दी है और बेटियों को 150 बीघा तक की पुश्तैनी संपत्ति में समान अधिकार दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि विधवा महिलाओं के बच्चों की शिक्षा में सहायता के लिए 'इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना' शुरू की गयी है, जिसके तहत राज्य सरकार उनके शैक्षिक खर्चों का वहन करेगी। श्री सुक्खू ने बताया कि राजस्व लोक अदालतों का आयोजन करके सरकार ने लगभग 5.5 लंबित मामलों का निपटारा किया है। श्री सुक्खू ने वित्तीय चुनौतियों का ज़िक्र करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश को मिलने वाले 'राजस्व घाटा अनुदान' को बंद किए जाने से राज्य के वित्त पर दबाव पड़ा है। यह अनुदान संविधान के अनुच्छेद 275(1) के तहत 1952 से राज्य को दिया जा रहा था और 73 वर्षों तक जारी रहा। इस मौके पर हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश गुरमीत सिंह संधावालिया ने कहा कि हर नागरिक के लिए न्याय सुनिश्चित करने के लिए सामूहिक प्रयास और कानूनी अधिकारों के बारे में जागरूकता की आवश्यकता है।

### भारत की नींव को ...

तरह सामने खड़े हुए और उसे नेस्तनाबूद भी किया। गुरु गोविंद सिंह के चार पुत्र बलिदान हुए, लेकिन उन्होंने उफ नहीं किया। महाराणा प्रताप, महाराणा सांगा, महारानी पद्मिनी, महाराणा कुंभा, बप्पा रावल के लिए मन में श्रद्धा का भाव है, क्योंकि जो भी राष्ट्र के प्रति योगदान देगा, उसका स्मरण सदैव होता है। सीएम योगी ने कहा कि यह श्रद्धांजलि समारोह प्रेरित कर रहा है कि आने वाले समय में किसी बेटी-बहन को उस दौर से न गुजरना पड़े। 1303, 1535 और 1568 में तीन बड़े जौहर यहां देखने को मिले। भारत का इतिहास वीरांगनाओं के जौहर से भरा पड़ा है। शत्रु हमेशा धोखे से ही वीरों का मुकाबला कर पाए। आमने-सामने की लड़ाई में वे कहीं नहीं टिके। अलाउद्दीन खिलजी के धोखे से महाराणा रत्न सिंह वीरगति को प्राप्त हुए। उनके सेनापति गोरा-बादल भी लड़ते हुए वीरगति को प्राप्त हुए तो महारानी पद्मिनी के नेतृत्व में हजारों वीरांगनाओं ने नारी अस्मिता की रक्षा के लिए जौहर व्रत लिया था, क्योंकि वह उस समय की परिस्थिति थी। माता सीता ने धरती मां से कहा था कि अगर मेरा सतीत्व अखंड है तो मुझे अपनी गोद में समाहित करो। माता सीता का जो संकल्प था, वही संकल्प धर्म जौहर के नाम पर महारानी पद्मिनी ने यहां दिखाया था। यह संकल्प नारी गरिमा का प्रतीक था। यह भारत माता को विधर्मियों से मुक्त करने का संकल्प था। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी में जब हमारी सरकार बनी तो प्रदेशवासियों से कहा कि अपराध-अपराधियों, नारी गरिमा-सुरक्षा के मामले में सरकार जीरो टॉलरेंस के तहत काम करेगी। किसी ने बहन-बेटी की सुरक्षा पर हाथ डाला तो अगले चौराहे पर यमराज उसका इंतजार कर रहे होंगे। 25 करोड़ वाले उत्तर प्रदेश में बेटियां अब स्कूल भी जाती हैं, नाइट शिफ्ट में काम भी करती हैं और सकुशल घर आती हैं। हर नारी को सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन की गारंटी हर भारतीय नारी का अधिकार होना चाहिए। सीएम योगी ने भारत की अस्मिता को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए महाराणा सांगा के शौर्य का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, महाराणा सांगा के शरीर पर 80 घाव थे। लेकिन, उन्हें स्वयं की नहीं, बल्कि राष्ट्र की अस्मिता की चिंता थी। घाव पर घाव सहते गए पर विधर्मियों को घुसने नहीं दिया। महाराणा प्रताप ने महज 27 वर्ष की आयु में ही अकबर के खिलाफ युद्ध लड़ा था। उन्होंने अकबर को नाकों चने चबाने पर मजबूर कर दिया था। भारत के इतिहास ने हमेशा उनके शौर्य का स्मरण किया है। सीएम योगी ने कहा कि श्रीराम परमपिता परमेश्वर हैं, लेकिन वह राम तब बन पाए, जब उन्होंने कहा कि मैं इस धरती को राक्षसविहीन कर दूंगा। वह भी केवल यह कहते कि मैं अयोध्या का राजा हूं, मुझे कुछ नहीं करना है तो वह राम जैसा सम्मान नहीं पाते। राजस्थान के लाखों नौजवान राम मंदिर आंदोलन में कूद पड़े थे। जब पूर्वजों के प्रति मन में भाव होता है तो परिणाम आने में देर नहीं लगती। अयोध्या में भव्य राम मंदिर बन गया, वहां गुलामी का कोई चिह्न नहीं बचा। देश एकजुट होकर एक दिशा में चलता है और जाति के नाम पर बांटने वाले नेताओं से सावधान रहता है तो हर भारतवासी को राम मंदिर जैसा सम्मान प्राप्त होता है। कंस के अत्याचार से त्रस्त मथुरा को अभय प्रदान करने के लिए श्रीकृष्ण को संकल्प लेना पड़ा था कि सज्जन शक्ति का संरक्षण करूंगा, लेकिन दुर्जनों के संहार में संकोच नहीं करूंगा। सीएम योगी ने कहा कि भारत के महापुरुषों ने शौर्य व पराक्रम के साथ जुड़ने का आह्वान किया था। आजादी के आंदोलन में झांसी की रानी लक्ष्मीबाई ने 26 वर्ष की आयु में 1857 में अंग्रेजों के विरुद्ध शंखनाद किया था। 27 वर्ष की आयु में उनका बलिदान हो गया। नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने आह्वान किया था कि तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा। नेताजी होते तो पापी पाकिस्तान भी नहीं होता। उनका आह्वान भारत की अस्मिता, आजादी और नौजवानों के लिए था। जापान, सिंगापुर, पोर्ट ब्लेयर, म्यांमार में उनके योगदान का स्मारक हमारा आह्वान करता है। सीएम ने काकोरी के नायकों के अलावा वीर सावरकर, स्वामी विवेकानंद को भी याद किया। कहा कि 1893 में शिकागो की धर्मसभा में स्वामी विवेकानंद ने कहा कि गर्व से कहो, हम हिंदू हैं। यह उद्घोष भारत को एकता के सूत्र में बांधता है। नेपाल में भी हिंदुओं का यह भाव हर व्यक्ति को जोड़ता है। सीएम योगी ने कहा कि भारत का वैभव हमेशा प्रेरणा प्रदान करता है। वैदिक कालीन भारत, आदर्श भारत, ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर आधारित भारत, जहां किसान उत्पादक था, कारीगर उद्यमी और व्यापारी राष्ट्र को जोड़ने का सेतु। ग्राम स्वराज हमारी पहचान थी। आक्रांता साम्राज्य नारी अस्मिता के साथ खिलवाड़ और संस्कृति, परंपरा व बौद्धिक संपदा को रौंदते-लूटते हैं। उन्होंने शोषण की जो प्रवृत्ति पैदा की, उसका दुष्परिणाम था कि किसान उत्पादक से उपभोक्ता और उपभोक्ता से कर्जदाता हो गया। कारीगर श्रमिक होकर बेरोजगार हो गया। व्यापारी कर्ज के बोझ से आजीविका के लिए भटकने लगा। औपनिवेशिक कालखंड के शोषण के इस दुष्चक्र को समाप्त करने के लिए आजादी के बाद वर्ष दर वर्ष बीतते गए, लेकिन भारत की अस्मिता को पहचानने का प्रयास नहीं किया गया। अब आत्मनिर्भर व विकसित भारत की नींव को मजबूत बनाने की आधारभूत इकाई ग्राम पंचायतें, ग्राम सभाएं व कस्बे बनेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि वीरभूमि चित्तौड़गढ़ को देखकर मुझे यूपी के साहित्यकार श्याम नारायण पांडेय की रचना हल्दीघाटी की पंक्तियां याद आती हैं एकलिंग का आसन है, इस पर न किसी का शासन है...।

# पटना मैराथन 2026: दौड़े हजारों कदम, 'नशामुक्त बिहार' के संकल्प को मिला जनसमर्थन

■ पटना में 'एसबीआई पटना मैराथन-2026' का आयोजन, 10 हजार से अधिक प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। बिहार सरकार के मद्यनिषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग तथा भारतीय स्टेट बैंक के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को ऐतिहासिक गांधी मैदान में 'एसबीआई पटना मैराथन-2026' का सफल आयोजन किया गया। 'रन फॉर नशामुक्त बिहार' थीम पर आयोजित इस मैराथन में 10 हजार से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर नशामुक्त और स्वस्थ बिहार के संकल्प को मजबूती दी।

मैराथन का उद्देश्य बिहार को नशामुक्त बनाने, लोगों में नशामुक्ति के प्रति जागरूकता बढ़ाने और स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए जनभागीदारी सुनिश्चित करना था। कार्यक्रम की शुरुआत एक ऊर्जावान जुम्बा सेशन से हुई, जिसने प्रतिभागियों में जोश और ऊर्जा का संचार किया। इस अवसर पर बिहार के शिक्षा मंत्री सुनील कुमार, अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी पी. वी. सिंधु , मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, मद्यनिषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग के सचिव अजय यादव , आयुक्त उत्पाद-सह-निबंधन महानिरीक्षक अंशुल अग्रवाल सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मैराथन की शुरुआत प्रातः 3:30 बजे गांधी मैदान के गेट संख्या-01 से हुई। निर्धारित रूट गांधी मैदान से शुरू होकर जेपी गंगा पथ और अटल पथ तक था। अटल पथ से यू-टर्न लेकर प्रतिभागी उसी मार्ग से वापस गांधी मैदान के गेट संख्या-01 पहुंचे, जहां फिनिशिंग लाइन पर दौड़ का समापन हुआ। मैराथन की विभिन्न श्रेणियों की दौड़ को अलग-अलग अंतराल पर गेट संख्या-01 से हरी झंडी दिखाकर शुरू किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए प्रशासन ने सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन, यातायात नियंत्रण और विधि-व्यवस्था के व्यापक प्रबंध किए थे। मार्ग पर दंडाधिकारियों, पुलिस अधिकारियों और पुलिस बल की तैनाती की गई थी। प्रतिभागियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मार्ग पर अस्थायी चिकित्सा शिविर लगाए गए थे। विशेषज्ञ डॉक्टरों और कार्डियोलॉजिस्ट की टीम तैनात की गई थी। 10.5 किलोमीटर के बिंदु पर एंबुलेंस और चिकित्सकों की व्यवस्था के साथ पूरे मार्ग पर दो एंबुलेंस लगातार निगरानी में रहीं। इसके अतिरिक्त, आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए पटना मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, नालंदा मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोलॉजी तथा इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में आपातकालीन चिकित्सा सेवाएं, ऑपरेशन थिएटर और ट्रॉमा सेंटर तैयार रखे गए थे। मैराथन में 21.2 किमी (हाफ मैराथन), 10 किमी और 5 किमी श्रेणियों की दौड़ भी आयोजित की गई, जिनमें देश-विदेश के धावकों के साथ बड़ी संख्या में युवाओं और खेल प्रेमियों ने भाग लेकर नशामुक्त बिहार के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

# मुख्यमंत्री 'अपना घर आश्रम' के 12वें वार्षिकोत्सव हुई शामिल



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता आज बूढ़पुर स्थित 'अपना घर आश्रम' के 12वें वार्षिकोत्सव तथा संस्था के रजत जयंती समारोह में सम्मिलित हुई। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि पिछले 26 वर्षों से यह संस्थान बेसहारा, निराश्रित और अस्वस्थ लोगों की निस्वार्थ भाव से सेवा कर रहा है। वर्तमान में इसके 70 से अधिक केंद्र भारत में संचालित हैं और विदेशों में भी इसकी सेवाएं निरंतर विस्तारित हो रही हैं। उन्होंने कहा कि श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के 'अंत्योदय' के दर्शन को ध्येय मानते हुए हमारी सरकार भी दिल्ली के प्रत्येक जरूरतमंद तक सम्मान, सुरक्षा और सहायता पहुंचाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ निरंतर कार्य कर रही है। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम जाजू , सांसद योगेंद्र चंदोलिया, विधायक राजकरण खत्री तथा संस्था से जुड़े कई लोग उपस्थित रहे।

# दिल्ली मेट्रो में 2025 में हुई 235.8 करोड़ यात्राएं



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर की लाइफलाइन मानी जाने वाली दिल्ली मेट्रो ने वर्ष 2025 में यात्री संख्या का नया रिकॉर्ड बनाया है। दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) के अनुसार पूरे वर्ष में करीब 235.8 करोड़ यात्री यात्राएं दर्ज की गईं, जो वर्ष 2024 की तुलना में अधिक हैं। औसतन 2025 में प्रतिदिन करीब 64.60 लाख यात्रियों ने मेट्रो से सफर किया। हाल ही में पिंक लाइन और मैजेंटा लाइन के दो नए सेक्शन के उद्घाटन के साथ दिल्ली मेट्रो भारत की सबसे बड़ी परिचालित मेट्रो प्रणाली बनी हुई है। देश के 26 शहरों में अब कुल 1143 किलोमीटर लंबा मेट्रो नेटवर्क संचालित हो रहा है, जिसमें प्रतिदिन करीब 1.15 करोड़ यात्राएं होती हैं। इनमें से 55 प्रतिशत से अधिक यात्राएं अकेले दिल्ली मेट्रो नेटवर्क पर होती हैं। डीएमआरसी के प्रधान कार्यकारी निदेशक अनुज दयाल ने रविवार को कहा कि दिल्ली मेट्रो ने राजधानी में शहरी परिवहन को नई दिशा दी है। इससे यात्रा समय कम हुआ है, सड़क जाम में कमी आई है और पर्यावरण के अनुकूल सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा मिला है। दिल्ली-एनसीआर में मेट्रो नेटवर्क की कुल लंबाई लगभग 416 किलोमीटर है, जिसमें 303 स्टेशन शामिल हैं। इसमें नोएडा-ग्रेटर नोएडा मेट्रो की करीब 29 किलोमीटर लंबी लाइन और गुरुग्राम की रैपिड मेट्रो की करीब 13 किलोमीटर लंबी लाइन भी शामिल है, जो दिल्ली को एनसीआर के प्रमुख शहरों से जोड़ती हैं। डीएमआरसी के मुताबिक दिल्ली मेट्रो में फिलहाल 343 ट्रेनें (2368 कोच) संचालित हो रही हैं। प्रतिदिन करीब 4508 ट्रेन ट्रिप्स के जरिए लगभग 1.40 लाख ट्रेन किलोमीटर की दूरी तय की जाती है। मेट्रो की समयबद्धता भी करीब 99.9 प्रतिशत बनी हुई है, जो इसे दुनिया की सबसे भरोसेमंद मेट्रो प्रणालियों में शामिल करती है। पिछले दो वर्षों में मेट्रो यात्रियों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी देखी गई है। वर्ष 2024 में कुल 223.5 करोड़ यात्राएं दर्ज की गई थीं, जबकि 2025 में यह बढ़कर 235.8 करोड़ हो गईं। इसी दौरान कई बार दैनिक यात्री संख्या का रिकॉर्ड भी टूटा। 18 नवंबर 2024 को 78.67 लाख यात्रियों ने मेट्रो से सफर किया था, जबकि 8 अगस्त 2025 को एक दिन में 81.87 लाख यात्रियों के साथ नया रिकॉर्ड बना। दिल्ली मेट्रो देश के सबसे बड़े ड्राइवरलेस मेट्रो नेटवर्क का संचालन भी कर रही है। फिलहाल करीब 121 किलोमीटर लंबाई पर ड्राइवरलेस ट्रेनें चल रही हैं, जिनमें पिंक लाइन और मैजेंटा लाइन शामिल हैं। इन लाइनों पर कुल 80 ड्राइवरलेस ट्रेनें संचालित की जा रही हैं। डीएमआरसी के अनुसार फ़ेज-4 के तहत कई नए कॉरिडोरों का निर्माण भी जारी है। भविष्य की जरूरतों को देखते हुए 52 नई ट्रेनें खरीदी जा रही हैं, जिनमें से 18 ट्रेनें पहले ही प्राप्त हो चुकी हैं।

# 'संडेज ऑन साइकिल्स' कार्यक्रम में दिल्लीवासियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली के शिक्षा एवं खेल मंत्री आशीष सूद ने आज फिट इंडिया मूवमेंट के अंतर्गत नागरिकों को स्वस्थ और सक्रिय जीवनशैली अपनाने की दिशा में प्रेरित करने के लिए कनॉट प्लेस में 'संडे.ज ऑन साइकिल्स' फिटनेस कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में भाग लिया। इस कार्यक्रम का आयोजन स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया, राहगिरी फाउंडेशन तथा इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर (क्र4सी) के सहयोग से किया गया। इसका उद्देश्य नियमित शारीरिक गतिविधि के महत्व को बढ़ावा देना तथा साइक्लिंग को फिटनेस और बेहतर स्वास्थ्य बनाए रखने का एक सरल एवं प्रभावी माध्यम के रूप में प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि 'संडेज ऑन साइकिल्स' एक बड़ा जन आंदोलन बन सकता है, जो न केवल लोगों को फिट रहने के लिए प्रेरित करेगा बल्कि शहर को पर्यावरण के दृष्टिकोण से भी बेहतर बनाएगा। सूद ने यह भी कहा कि पिंक इंडिया मूवमेंट के अंतर्गत तथा दैनिक जीवन में फिटनेस को शामिल करने के उद्देश्य से केंद्रीय युवा कार्य एवं खेल तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने 17 दिसंबर 2024 को दिल्ली में फिट इंडिया साइक्लिंग ड्राइव का शुभारंभ किया था। यह साइक्लिंग अभियान अब एक नियमित जन-अभियान का रूप ले चुका है, जिसके अंतर्गत पूरे देश में 'संडेज ऑन साइकिल्स' का आयोजन किया जा रहा है। अब तक देश भर में 2.5 लाख से अधिक स्थानों पर इसका आयोजन हो चुका है, जिसमें लगभग 27 लाख साइक्लिस्टों की सक्रिय भागीदारी दर्ज की गई है। उन्होंने आगे कहा की इस अभियान का उल्लेख प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मन की बात के 117वें एपिसोड में भी किया गया था। प्रधानमंत्री द्वारा मोटापे के विरुद्ध दिए गए आह्वान के मद्देनजर यह अत्यंत आवश्यक है कि संतुलित शारीरिक गतिविधि को हमारी दैनिक फिटनेस दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बनाया जाए। नियमित व्यायाम और खेलकूद के महत्व के प्रति जन-जागरूकता बढ़े। सूद ने बताया कि यह इस पहल का लगभग 68वां संस्करण है। यह कार्यक्रम केवल आपकी और हमारी व्यक्तिगत फिटनेस तक सीमित नहीं है, बल्कि दिल्ली के पर्यावरण को बेहतर बनाने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण संदेश है। यदि दिल्ली में हम पेट्रोल वाहन चलाने की जगह साइकिल चलाने की संस्कृति को बढ़ावा देने में सफल होते हैं, तो इससे न केवल दिल्ली का प्रदूषण कम होगा बल्कि शहर के पर्यावरण को सुधारने में बड़ी मदद भी मिलेगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली में अधिक से अधिक लोगों को साइकिल के उपयोग के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए की साइकिल चलाने से शारीरिक व्यायाम भी होता है। सरकार भी इस दिशा में भविष्य में साइकिलिंग के अनुकूल लेन और बुनियादी ढांचा विकसित करने के प्रयासों पर विचार कर रही है, ताकि लोग सुरक्षित और सहज रूप से साइकिल का उपयोग कर सकें। इस अवसर पर क्र4सी (इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर) के प्रतिनिधियों ने भी साइबर अपराधों के प्रति लोगों को जागरूक करने का कार्य किया।

# पालम डकैती कांड का फरार आरोपित गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की (एनडीआर) टीम ने पालम गांव में होटल में हुई डकैती और तोड़फोड़ के मामले में फरार चल रहे एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान महेश उर्फ गंजा (26) के रूप में हुई है, जो पालम के राजनगर इलाके का रहने वाला है। पुलिस ने उसे 13 मार्च को गिरफ्तार किया। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त पंकज कुमार ने रविवार को बताया कि यह मामला 29 सितंबर 2025 को पालम गांव थाने में दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने बताया था कि 28 सितंबर की रात करीब पांच से छह नकाबपोश बदमाश लोहे की रॉड लेकर उसके होटल में घुस आए थे। आरोपितों ने होटल के शीशे तोड़ दिए, फर्नीचर व अन्य सामान में तोड़फोड़ की और कर्मचारियों के साथ मारपीट की। इसके बाद बदमाश होटल के काउंटर से करीब दो लाख रुपये लूटकर फरार हो गए थे। वारदात के दौरान होटल कर्मचारी प्रियांशु घायल हो गया था, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा था।

# फूलदेई पर्व पर बच्चों संग कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने दिया प्रकृति संरक्षण का संदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। उत्तराखंड के पारंपरिक लोक पर्व फूलदेई कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने रविवार को अपने राजकीय आवास पर कुर्मांचल सांस्कृतिक एवं कल्याण परिषद के कार्यकर्ताओं और नन्हे बच्चों के साथ उत्साहपूर्वक पर्व मनाया। इस दौरान बच्चों ने देहरी पर फूल अर्पित कर पारंपरिक रीति-रिवाजों का निर्वहन किया और पर्व की खुशियां साझा कीं। इस अवसर पर मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि फूलदेई उत्तराखंड की समृद्ध लोक संस्कृति का प्रतीक है। यह पर्व ह्लसर्वे भवंतु सुखिनःङ्क की भावना के साथ सभी के सुख, समृद्धि और खुशहाली का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि यह पर्व देवभूमि के लोगों की प्रकृति, पर्यावरण तथा फूल-पौधों के प्रति विशेष श्रद्धा और जागरूकता को भी दर्शाता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जब विश्व पर्यावरणीय चुनौतियों का सामना कर रहा है, ऐसे में फूलदेई जैसे पर्व समाज को प्रकृति से जुड़ने और उसके संरक्षण के लिए प्रेरित करते हैं। उत्तराखंड की यह परंपरा पूरी दुनिया को प्रकृति प्रेम और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देती है।

## संक्षिप्त समाचार

### नेचर बाजार में भीषण आग, 40 से अधिक दुकानें जलकर राख

**नई दिल्ली।** दिल्ली के वसंत कुंज इलाके में स्थित नेचर बाजार में रविवार सुबह भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने बाजार की कई छोटी दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। दमकल विभाग के मुताबिक करीब 40 से 50 छोटी दुकानें जलकर खाक हो गईं। हालांकि राहत की बात यह रही कि इस हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। दिल्ली दमकल विभाग के जनसंपर्क अधिकारी राजिंदर अटवाल के अनुसार रविवार सुबह करीब 7:37 बजे कंट्रोल रूम को आग लगने की सूचना मिली। घटना स्थल अंबेडकर कॉलोनी स्थित नेचर बाजार, दिल्ली हाट अंधेरिया मोड़ के पास, छतरपुर मेट्रो स्टेशन के नजदीक बताया गया। सूचना मिलते ही दमकल विभाग ने तुरंत कार्रवाई करते हुए शुरुआती तौर पर दो वाटर टेंडर, दो वाटर बाउजर, एक ब्रीदिंग फायर टेंडर और एक क्विक रिस्पॉन्स व्हीकल मौके पर रवाना किए। मौके पर पहुंचकर दमकल अधिकारियों ने आग की गंभीरता को देखते हुए सुबह करीब 8 बजे ह्लमेक-4ङ्क कॉल जारी कर दी, जिसके बाद अतिरिक्त दमकल गाड़ियों को भी घटनास्थल पर भेजा गया। बाद में तीन गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। दमकलकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दमकल अधिकारियों के अनुसार आग बाजार की करीब 40 छोटी दुकानों में लगी थी, जिससे उनमें रखा सामान पूरी तरह जल गया और दुकानदारों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है। शुरुआती आशंका शॉर्ट सर्किट की जताई जा रही है। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि सुबह के समय बाजार में भीड़ कम होने के कारण बड़ा हादसा टल गया। आग लगने के बाद इलाके में काफी देर तक धुएं का गुबार छाया रहा, जिससे आसपास के लोगों में दहशत का माहौल बन गया। दमकल विभाग का कहना है कि कूलिंग ऑपरेशन पूरा होने के बाद आग के कारणों की विस्तृत जांच की जाएगी।

### तमिल समुदाय के सैकड़ों लोग कांग्रेस में शामिल, संगठन को मिली मजबूती

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ के सेक्टर-35 स्थित राजीव गाँधी कांग्रेस भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान तमिल समुदाय के सैकड़ों लोगों ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर चंडीगढ़ से सांसद मनीष तिवारी और चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एच एस लकी ने नए सदस्यों का स्वागत किया और कहा कि इससे पार्टी को मजबूती मिलेगी। इससे पहले सेक्टर-32 में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए मनीष तिवारी ने कहा कि उन्होंने सांसद निधि के माध्यम से शहर के हर क्षेत्र के विकास का प्रयास किया है। उन्होंने कॉलोनियों में रहने वाले लोगों के अधिकारों और बुनियादी सुविधाओं के मुद्दे भी उठाए।

### चंडीगढ़ समेत पंजाब के कई जिलों में बारिश व ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट

**चंडीगढ़।** पंजाब में मौसम ने अचानक करवट ले ली है। शनिवार रात से ही कई इलाकों में तेज हवाएं चल रही हैं और मौसम का मिजाज बदला हुआ नजर आ रहा है। लुधियाना, फरीदकोट, अमृतसर, बठिंडा, जालंधर और पटियाला में आधी रात के बाद हल्की बूंदाबांदी हुई, वहीं पठानकोट और चंडीगढ़ समेत कई जिलों में रविवार सुबह से ही बादल छाए हुए हैं। मौसम विभाग ने आज के लिए गरज-चमक, आंधी और तेज हवाओं के साथ पंजाब के नौ जिलों में ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस दौरान हवा की रफ्तार 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंचने की संभावना है।विस्तृत समाचार के लिए हमारी सेवाएं लें।

### कोर्ट के आदेश पर ससुराल पहुंची महिला से ससुराल वालों ने किया मारपीट

**भागलपुर।** जिले के बरारी थाना क्षेत्र स्थित कोयला घाट में रविवार को एक महिला के साथ उसके ससुरालवालों के द्वारा मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़ित महिला संजना कुमारी ने आरोप लगाया है कि कोर्ट के आदेश के बाद वह अपने बच्चे के साथ ससुराल पहुंची थी लेकिन वहां उसके पति, सास और ससुर ने मिलकर उसके साथ मारपीट किया। पीड़िता संजना कुमारी का कहना है कि वह न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए अपने बच्चे के साथ ससुराल पहुंची थी, लेकिन वहां पहुंचते ही परिवार के लोगों ने उसके साथ अभद्र व्यवहार शुरू कर दिया। महिला के अनुसार उसके पति सहित ससुराल के अन्य सदस्यों ने लाठी-डंडे से उस पर हमला किया।

# नशे के खिलाफ कार्रवाई को और मजबूत बनाने के लिए दिल्ली पुलिस का प्रशिक्षण सत्र

नई दिल्ली। नशे के खिलाफ अभियान को और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने जांच अधिकारियों के लिए विशेष संयुक्त प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया। यह प्रशिक्षण 14 मार्च को पुलिस मुख्यालय स्थित आदर्श ऑडिटोरियम में हाइब्रिड मोड में आयोजित किया गया। जिसमें कुल 611 अधिकारियों ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण सत्र में 209 अधिकारी ऑडिटोरियम में उपस्थित रहे, जबकि 402 अधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े। प्रतिभागियों में उप निरीक्षक से लेकर सहायक पुलिस आयुक्त स्तर तक के अधिकारी, ड्यूटी ऑफिसर और एमएचसी (एम) शामिल थे। पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार दिल्ली पुलिस, विशेष रूप से क्राइम ब्रांच और एएनटीएफ नशे के खिलाफ ह्लजीरो टॉलरेंस पॉलिसीङ्क के तहत सख्त कार्रवाई कर रही है। इसके साथ ही जागरूकता, पुनर्वास और सामुदायिक सहभागिता जैसे पहलुओं पर भी बहुआयामी रणनीति के तहत काम किया जा रहा है।

# एलपीजी गैस आपूर्ति को लेकर डीएम ने ली अधिकारियों संग बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरिद्वार। जनपद में एलपीजी गैस सिलेंडरों की सुचारू आपूर्ति एवं उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसको लेकर जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने आज आपदा कंट्रोल रूम में संबंधित अधिकारियों एवं गैस एजेंसियों के विक्रय अधिकारियों के साथ बैठक कर जनपद में गैस आपूर्ति के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

जिला पूर्ति अधिकारी मुकेश पाल ने जिलाधिकारी को बताया कि जनपद में एलपीजी गैस की कमी नहीं है। सभी एजेंसियों में सभी उपभोक्ताओं को एलपीजी गैस उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन सिस्टम से भी अब एलपीजी गैस सिलेंडर की बुकिंग की जा रही हैं तथा वर्तमान समय में स्थिति सामान्य है। उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं की गैस एजेंसियों में जो लाइन लग रही है, उसमें से अधिकांश उपभोक्ताओं द्वारा केवाईसी नहीं कराई गयी है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं द्वारा जो भी गैस की बुकिंग की जा रही है, उन्हें होम डिलीवरी के माध्यम से ही गैस सिलेंडर की आपूर्ति की जाए, जिससे कि उपभोक्ताओं को गैस एजेंसी में अनावश्यक रूप से लाइन में न लगना पड़े। उन्होंने निर्देश दिए कि एलपीजी गैस सिलेंडर की किसी भी तरह से कोई अवैध भंडारण, कालाबाजारी एवं अवैध रिफिलिंग न हो यदि कोई भी एजेंसी एवं व्यक्ति ऐसा करते हुए पकड़ा जाता है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी। जिलाधिकारी ने जिन उपभोक्ताओं द्वारा केवाईसी नहीं की गई है, उनके केवाईसी के लिए अलग काउंटर खोलने के सभी गैस एजेंसियों को निर्देश दिए। सभी गैस एजेंसियों को स्पष्ट रूप से कहा गया कि जनपद के चिकित्सालयों, शिक्षण संस्थानों एवं आश्रमों में प्राथमिकता से एलपीजी गैस उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने सभी उपजिलाधिकारी, नोडल अधिकारियों को समय-समय पर गैस एजेंसियों का निरीक्षण करने को कहा। उन्होंने उपभोक्ताओं को गैस आपूर्ति के संबंध में भी संयम बरतने को कहा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ललित नारायण मिश्र,अपर जिलाधिकारी पी आर चौहान,पुलिस अधीक्षक क्राइम निशा यादव, उपजिलाधिकारी जितेंद्र कुमार, जिला विकास अधिकारी वेदप्रकाश, जिला आपदा प्रबन्धन अधिकारी मीरा रावत, जिला पंचायत राज अधिकारी अतुल प्रताप सिंह, डीएनओ मयंक कुमार,गैस एजेंसी के विक्रय अधिकारी अश्वनी कुमार, सुनील सिंह सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063